Title Code :- RAJHIN27855

दैनिक

# द डेस्प्रिंग

THE DAYSPRING NEWS


@tdnnewsindia
@tdn_thedayspringnews
@the Dayspring news
@thedayspring
@tdnnewsindia

वर्षः 4 | अंकः264 | मूल्यः 3 रू | पेजः 8 | जयपुर, शुक्रवार/ 17 अक्टूबर /2025 | जयपुर से प्रकाशित (सीकर, जोधपुर, कोटा, भरतपुर, सिरोही से प्रसारित)

## एक बॉर्डर पर तालिबान तो दूसरे पर भारत का घेरा

● टू फ्रंट वॉर में फंसे पाकिस्तान को सता रहा ऑपरेशन का डर

**रक्षा मंत्री खुद बोले-ऑपरेशन सिंदूर 2.0 कर सकता है भारत**



**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तानी मीडिया को भारत के हमले का डर सता रहा है। पाक मीडिया को लगता है कि अफगानिस्तान के साथ चल रहे संघर्ष के बीच भारत भी अटैक कर सकता है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने भी इससे इनकार नहीं किया है। आसिफ का कहना है कि भारत की ओर से हमला हो सकता है। हमें ऐसी किसी भी स्थिति के लिए तैयार रहने की जरूरत है। आसिफ ने कहा कि हम इस तरह के हमले की संभावना को देखते हुए अपनी तैयारी भी कर रहे हैं। समा टीवी ने अपने एक प्रोग्राम में एंकर ने कहा कि पाक आर्मी दो मोर्चों पर युद्ध लड़ रही है। पश्चिमी सीमा (अफगान बॉर्डर) पर गंभीर झड़पें हुई हैं। वहीं पूर्व में भारत भी ऑपरेशन सिंदूर का दूसरे चरण कर सकता है। पाक मीडिया ने कहा कि भारत का हमला कभी भी हो सकता है।

## रंगे हाथों घूस लेते पंजाब पुलिस के डीआईजी हो गए गिरफ्तार

● सीबीआई ने ट्रैप लगाकर दबोचा, फंस गए हरचरण भुल्लर



**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** हरियाणा में आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार और एएसआई संदीप कुमार लाठर की सुसाइड से मचे बवाल के बीच अब पड़ोसी राज्य पंजाब से बड़ी खबर आ रही है। केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई ने रोपड़ रेंज के डीआईजी और भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी हरचरण सिंह भुल्लर को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। हालांकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि उन्हें कहां से गिरफ्तार किया गया है। सूत्रों के अनुसार, उन्हें मोहाली से गिरफ्तार किया गया है। मंडी गोबिंदगढ़ के स्क्रैप कारोबारी से जुड़े मामले में यह कार्यवाही हुई है। कारोबारी की तरफ से उनके खिलाफ शिकायत दी गई थी, जिसके बाद सीबीआई ने ट्रैप लगाकर उन्हें दबोचा। इससे पंजाब पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। सीबीआई जल्द ही डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर को स्पेशल कोर्ट में पेश कर सकती है। डीआईजी रोपड़ रेंज हरचरण भुल्लर पर एक मामले में राहत देने के एवज में पांच लाख रुपये की रिश्वत मांगने का आरोप है। सीबीआई ने यह कार्रवाई पूरी गोपनीयता के साथ की। जैसे ही डीआईजी ने रिश्वत की रकम पकड़ी, टीम ने मौके पर ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

## हमारी प्राथमिकता देश के लोग, कुछ और नहीं

**ट्रंप के तेल के दावों पर भारत सरकार की दो टूक**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से दावा किया गया था कि भारत ने रूस से तेल की खरीद रोक दी है। इस पर भारत सरकार की ओर से दोटूक जवाब दिया गया है कि हमारी प्राथमिकता देशवासियों का हित है। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि भारत बड़े पैमाने पर गैस और तेल का आयात करता है। हमारी लगातार यही प्राथमिकता रही है कि उथल-पुथल भरे बाजार में भारतीय उपभोक्ताओं को हितों को साधा जाए। हमारी इंपोर्ट की पॉलिसी पूरी तरह इसी उद्देश्य पर आधारित है। हम किसी अन्य कारक से प्रभावित होकर फैसले नहीं लेते। भारत सरकार का यह जवाब डोनाल्ड ट्रंप की उस बात पर आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत की ओर से रूसी तेल की खरीद बंद हो गई है। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा,हम बाजार की स्थिति को देखते हुए अलग-अलग देशों से डील करते हैं। अमेरिका की बात है तो हमने उसके साथ भी खरीद की है।




## तमिलनाडु सरकार और राज्यपाल के बीच नहीं थम रहा विवाद

● सुप्रीम कोर्ट पहुंचा शारीरिक शिक्षा और खेल विवि संशोधन विधेयक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तमिलनाडु की राजनीति में सरकार और राज्यपाल के बीच चल रहा विवाद कम होने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार को तमिलनाडु सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। राज्य सरकार ने राज्यपाल के उस अवैध और असंवैधानिक फैसले को चुनौती दी, जिसमें उन्होंने तमिलनाडु



शारीरिक शिक्षा और खेल विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2025 को राष्ट्रपति की स्वीकृति देने के बजाय उसे राष्ट्रपति के पास भेजने का फैसला किया था। दरअसल, मुख्य सचिव के माध्यम से दायर राज्य की रिट याचिका में राज्यपाल, भारत संघ और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) को प्रतिवादी बनाया गया है। याचिका में यह मांग की गई है कि विधेयक को राष्ट्रपति के विचार के लिए सुरक्षित रखने का राज्यपाल का कार्य स्पष्ट रूप से असंवैधानिक, संविधान के अनुच्छेद 163(1) और 200 का उल्लंघन करने वाला है।

# आज दुनिया हमें मैन्युफैक्चरिंग सेंटर के रूप में देख रही : पीएम

● मोदी बोले-21वीं सदी 140 करोड़ हिंदुस्तानियों की होगी

**पीएम ने कहा-वजह है आत्मनिर्भर भारत का विजन**

**नंदयाल/कुर्नूल (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को आंध्रप्रदेश के कुर्नूल में 13,430 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन-शिलान्यास किया। इस मौके पर मोदी ने कहा कि 2047 में जब आजादी के 100 साल होंगे तब भारत 'विकसित भारत' बन चुका होगा। मैं दावे से कहता हूं कि 21वीं सदी हिंदुस्तान की,140 करोड़ हिंदुस्तानियों की सदी होने वाली है। आज दुनिया, भारत को 21वीं सदी के नए मैन्युफैक्चरिंग सेंटर के रूप में देख रही है। इस सफलता का सबसे बड़ा आधार है, आत्मनिर्भर भारत का विजन। हमारा आंध्र प्रदेश आत्मनिर्भर भारत का प्रमुख केंद्र बन रहा है। इसके पहले मोदी नांदयाल पहुंचे। मोदी ने यहां श्रीशैलम में भ्रामराम्बा



मल्लिकार्जुन स्वामी वरला देवस्थानम में दर्शन,पूजा और ध्यान किया।

**हमारा ध्यान कनेक्टिविटी को मजबूत करने पर**

विकसित भारत के लक्ष्य को तेज़ी से प्राप्त करने के लिए, देश भर में मल्टीमॉडल बुनियादी ढांचे का विकास किया जा रहा है। हमारा ध्यान गांवों से शहरों और शहरों से बंदरगाहों तक कनेक्टिविटी को मजबूत करने पर है। हमारी सरकार का विजन है, सिटिजन सेंट्रिक डेवलपमेंट। हम लगातार नए रिफॉर्म के जरिए नागरिकों के जीवन को आसान बना रहे हैं। देश में 12 लाख रुपए तक की आय पूरी तरह टैक्स फ्री हो चुकी हैं। सस्ती दवाइयां, सस्ता इलाज, बुजुर्गों के लिए आयुष्मान जैसी अनगिनत सुविधाओं से इज ऑफ लिविंग का नया अध्याय शुरू हुआ है। आंध्र में मैन्यूफैक्चरिंग में तेजी से बढ़ रहा है। नाइट विजन फ़ैक्ट्री का उद्घाटन आत्मनिर्भरता हासिल करना है।

### आंध्र प्रदेश आत्मनिर्भर भारत की नई ताकत बन रहा

आंध्र प्रदेश, आत्मनिर्भर भारत की सफलता का एक प्रमुख केंद्र बन रहा है। कांग्रेस सरकारों ने आंध्र प्रदेश की क्षमताओं की उपेक्षा करके पूरे देश को नुकसान पहुंचाया है। जो राज्य पूरे देश को आगे बढ़ा सकता था, वह खुद अपने विकास के लिए संघर्ष कर रहा है। मुझे खुशी है कि एनडीए सरकार के कार्यकाल में आंध्र प्रदेश की छवि बदली है। चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व में, आंध्र प्रदेश आत्मनिर्भर भारत की एक नई ताकत बन रहा है। मोदी ने कहा कि नया इंटरनेशनल सब-सी गेटवे बनाया जाएगा। इसमें कई अंतर्राष्ट्रीय सब-सी केबल शामिल होंगे, जो भारत के पूर्वी तट पर विशाखापट्टनम तक पहुंचेंगे। यह परियोजना विशाखापट्टनम को एआई और कनेक्टिविटी केंद्र के रूप में स्थापित करेगी। यह न केवल भारत, बल्कि पूरी दुनिया की सेवा करेगा। मैं इसके लिए आंध्र प्रदेश के लोगों को विशेष बधाई देता हूं और चंद्रबाबू नायडू की दूरदर्शिता की सराहना करता हूं। मेरा सौभाग्य है कि मेरा जन्म दादा सोमनाथ की धरती गुजरात में हुआ। बाबा विश्वनाथ की धरती काशी में सेवा करने का अवसर मिला।

## सीजेआई पर जूता फेंकना राकेश किशोर को पड़ा भारी

● बढ़ गईं मुश्किलें,अवमानना का केस चलाने को मंजूरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई पर सुप्रीम कोर्ट में जूता फेंकने की कोशिश करने वाले राकेश किशोर की मुश्किलें बढ़ गईं हैं। अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने गुरुवार को जूताकांड में राकेश किशोर के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई चलाने की अपनी मंजूरी दे दी



है। भगवान विष्णु पर सीजेआई गवई की टिप्पणी से नाराज राकेश किशोर ने छह अक्टूबर को उन पर भरी कोर्ट में जूता फेंकने की कोशिश की थी। हालांकि, बाद में सीजेआई ने उन्हें माफ करते हुए कोई भी कार्रवाई करने से इनकार कर दिया था। अटॉर्नी जनरल द्वारा अवमानना की मंजूरी दिए जाने की बात की जानकारी सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने तब दी, जब सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन अध्यक्ष और वरिष्ठ वकील विकास सिंह ने जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच के सामने इस मामले को उठाया।

## गुजरात में भूपेंद्र सरकार के सभी 16 मंत्रियों का इस्तीफा

**आज 11.30 बजे नई कैबिनेट की शपथ,8 नए चेहरे शामिल हो सकते हैं**



**गांधीनगर (एजेंसी)।** गुजरात सरकार के सभी मंत्रियों ने गुरुवार को इस्तीफा दे दिया है। सीएम भूपेंद्र पटेल कुछ देर में राज्यपाल को मंत्रियों का इस्तीफा सौंपेंगे। कल गांधीनगर में सुबह 11.30 बजे नई कैबिनेट का शपथ समारोह होगा। सरकार के 16 में से 8 मंत्रियों के बदले जाने की संभावना है। गुजरात की मौजूदा कैबिनेट में सीएम पटेल समेत 17 मंत्री हैं। जिसमें आठ कैबिनेट रैंक के मंत्री हैं, जबकि इतने ही राज्य मंत्री हैं। सभी भाजपा विधायकों और मंत्रियों को 2 दिन तक गांधीनगर में मौजूद रहने के निर्देश दिए गए हैं। जिन विधायकों को मंत्रिमंडल में जगह मिलनी है, उन्हें फोन कर सूचना दे दी गई है। शपथ समारोह में भाजपा के केंद्रीय नेताओं अमित शाह, जेपी नड्डा की उपस्थिति में होगा। नए मंत्रिमंडल में 16 में से 7-10 मंत्रियों को ड्रॉप करने और 3-5 मंत्री रिपीट किए जा सकते हैं।

## जैसलमेर अग्निकांड में बस मालिक और ड्राइवर गिरफ्तार

● परिवार में 3 मौत तो 25 लाख मिलेंगे,घायलों को 2-2 लाख देगी सरकार

**जोधपुर/जैसलमेर (एजेंसी)।** जैसलमेर बस अग्निकांड में पुलिस ने बुधवार रात बस मालिक तुराब अली और ड्राइवर शौकत को गिरफ्तार कर लिया। एसपी अभिषेक शिवहरे ने बताया कि इस मामले में 2



एफआईआर दर्ज हुई थी। इधर, पीड़ितों के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आर्थिक पैकेज की घोषणा की है। जिस परिवार में तीन या इससे ज्यादा लोगों की जान गई है, उन्हें कुल 25 लाख की आर्थिक सहायता दी जाएगी। एक परिवार से एक या दो मौत होने पर प्रति व्यक्ति 10-10 लाख रुपए दिए जाएंगे। गंभीर घायलों को 2-2 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की गई है। साधारण रूप से घायल हुए लोगों को एक-एक लाख रुपए मिलेंगे।

**अपराधी की चाल से तेज होनी चाहिए न्याय की पहुंच**

## अमित शाह ने कहा-पीएम मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा भारत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत एक मजबूत राष्ट्र के रूप में आगे बढ़ रहा है, जो कानून के शासन और सुरक्षित सीमाओं को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। वह दिल्ली में सीबीआई द्वारा आयोजित 'फरार अपराधियों के प्रत्यर्पण चुनौतियां और रणनीतियां' विषय पर सम्मेलन में बोल रहे थे। अमित शाह ने कहा, आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत कानून के शासन और सुरक्षित सीमाओं के साथ आगे बढ़ रहा है। इस सम्मेलन के जरिए हम वैश्विक स्तर पर संचालन, मजबूत समन्वय और स्मार्ट कूटनीति को एक साथ



लाने का प्रयास करेंगे। गृह मंत्री ने इस दौरान अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करने की जरूरत पर भी जोर दिया ताकि फरार अपराधियों को लाया जा सके।

## बिहार एसआईआर से चुनाव आयोग ने ली सीख

● अब पश्चिम बंगाल में ढील देने की शुरू की तैयारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बिहार में मतदाता सूची के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन को लेकर उठे विवादों और कानूनी चुनौतियों के बाद, चुनाव आयोग अब इस प्रक्रिया में बड़े बदलाव करने जा रहा है। इसका उद्देश्य मतदाताओं की



परेशानियों को कम करना और प्रक्रिया को मतदाता अनुकूल बनाना है। बिहार में एसआईआर के दौरान दस्तावेजों की जटिल मांग, फॉर्म न भरने पर नामों की बड़ी संख्या में हटाई गई प्रविष्टियां (डिलीशन) और बहुत कम समय सीमा जैसी समस्याओं को लेकर मतदाताओं में असंतोष था। अब आयोग इन तीनों बिंदुओं पर लचीलापन लाने की योजना बना रहा है। बिहार में पहली बार हर मतदाता से नए दस्तावेजों की मांग की गई थी।

## पंजाब में बड़ी साजिश रच रही है आईएसआई

● हथियारों की तस्करी में पांच गुना तक कर ली वृद्धि ● खालिस्तानी गुटों को आईएसआई दे रही भारी रकम

**अमृतसर (एजेंसी)।** भारत-पाकिस्तान सीमा पर तनाव के बीच पंजाब में पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई (इंटर-सर्विसेज इंटेलीजेंस) एक बड़ी साजिश रच रही है। हालिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पाकिस्तान से हथियारों की तस्करी में पिछले साल की तुलना में पांच गुना वृद्धि दर्ज की गई है। इस साल अब तक 362 हथियार जब्त किए जा चुके हैं जिनमें एके-47 राइफलें, ग्रेनेड और इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइसेस



शामिल हैं। वहीं 2024 में यह संख्या महज 81 थी। सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि यह उछाल भारत की ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से उपजी पाकिस्तान की बौखलाहट का नतीजा है, जिसमें भारत ने पाकिस्तान और पीओके में स्थित आतंकी ठिकानों पर सटीक हमले किए थे। बताया जा रहा है कि कुल बरामद हथियारों में से करीब एक-तिहाई ऑपरेशन सिंदूर के बाद जब्त किए गए हैं। एजेंसियों की सतर्कता से तस्करी नेटवर्क्स को ध्वस्त किया गया है।

● **पाक की साजिश में शामिल खालिस्तानी**– पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बातचीत में कहा, हमने सीमा पार से भेजे जा रहे अत्याधुनिक हथियारों की तस्करी को नाकाम किया है और कई आतंकी साजिशों को समय रहते विफल किया है। उन्होंने बताया कि यह सफलता पंजाब पुलिस, काउंटर इंटेलिजेंस यूनिट, स्पेशल सर्विस ऑपरेशन सेल, सीमा सुरक्षा बल और केंद्रीय एजेंसियों के समन्वित प्रयासों से संभव हुई है। जांच में खुलासा हुआ है कि अमेरिका, कनाडा और अन्य देशों में सक्रिय गैंगस्टर और आतंकी संगठन न केवल बब्बर खालसा इंटरनेशनल जैसे समूहों के सदस्यों को हथियार उपलब्ध करा रहे हैं, बल्कि संगठित अपराध को भी बढ़ावा दे रहे हैं।

# सरकारी कर्मचारियों और नेताओं के बच्चें अनिवार्यत पढ़ें सरकारी विद्यालयों में :- रमेशचंद्र पुष्करणा

द डेस्प्रिंग

**केशोरायपाटन(मुकेश जैन) ।** राजस्थान के समस्त शिक्षक संघों के प्रतिनिधियों के साथ शिक्षा विभाग की एक महत्वपूर्ण बैठक गुरुवार को शिक्षा सचिव कृष्ण कुमार कुणाल की अध्यक्षता में समसा कार्यालय शिक्षा संकुल जयपुर में हुई। बैठक का मुख्य एजेंडा नया शैक्षिक सत्र 01 अप्रैल से शुरू करने,प्रदेश चल रही विभिन्न गतिविधियों यथा ओआरएफ, एफएलएन,शाला स्वास्थ्य कार्यक्रम की प्रगति को लेकर चर्चा रहा। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रदेश महामंत्री महेंद्र कुमार लखारा ने बताया कि बैठक के दौरान शिक्षक संघ राष्ट्रीय की और से संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रमेश चंद्र पुष्करणा ने शैक्षिक उन्नयन,नामांकन वृद्धि, गुणवत्ता सुधार के लिए विस्तार से सुझाव देते



हुए वर्तमान में शिक्षकों की प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया।पुष्करणा ने कहा कि सरकार सबसे पहले शिक्षक संघों को मान्यता दे और शिक्षकों से मासिक संवाद करें।माननीय उच्चतम न्यायालय के टीईटी परीक्षा संबंधित निर्णय पर सरकार शीघ्र पुर्नविचार याचिका दायर कर प्रदेश के लाखों शिक्षकों को राहत दिलवाएं।

**संगठन के संभाग उपाध्यक्ष पूरणमल नागर ने बताया कि** विद्यालयों में रेमेडियल कक्षाओं के लिए शीघ्र राशि स्वीकृत कर पढ़ाने की व्यवस्था करना,सभी शिक्षकों को ऑनलाइन कार्य के लिए टैबलेट पीसी व मासिक डाटा खर्च दे,शैक्षिक कैलेंडर के समान ही शिक्षा की समस्त व्यवस्थाओं यथा निशुल्क पाठयपुस्तकों का वितरण,प्रमोशन,म्यूचुअल स्थानांतरण, एसएफजी,खेल सामग्री,पुस्तकालय आदि के लिए जारी किए जाने वाले बजट के लिए भी समय बद्ध पंचाग जारी करे,महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम में शेष रहे कार्मिकों का पदस्थापन करते हुए शीघ्र स्टाफिंग पैटर्न पूर्ण कर नवक्रमोन्नत विद्यालयों में वित्त विभाग से पद स्वीकृत कराएं। संगठन के संभाग संयुक्त मंत्री अनिल सामरिया ने बताया कि बैठक में शिक्षकों को केवल बच्चों को पढ़ाने दिया जाए और गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त करने,प्रतिमाह कार्यशाला कर शिक्षकों की समस्याओं को लेने,बोर्ड और स्थानीय परीक्षाओं को एक साथ नहीं कराने की मांग रखी।

**संभाग मीडिया प्रभारी सुरेश बैरागी ने कहा कि** सरकार के 01 अप्रैल 2026 से नया शैक्षिक सत्र शुरू करने को संगठन ने सहमति प्रदान करते हुए शिक्षा में नवाचार की दृष्टि से बच्चों को पढ़ना,लिखना सीखने के लिए जारी ओआरएफ व बुनियादी साक्षरता के लिए एफएलएन कार्यक्रम के लिए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और शिक्षा मंत्री मदन लाल दिलावर का आभार जताया।

संगठन के जिलाध्यक्ष बुद्धिप्रकाश शर्मा ने शाला स्वास्थ्य कार्यक्रम को सराहनीय बताया और कहा कि विद्यालयों में रंग- रोगन का निर्णय बहुत अच्छा है लेकिन सरकार को इसमें समय से दो माह पूर्व आदेश जारी करते हुए बजट उपलब्ध करवाना चाहिए।

**जिलामंत्री अंकित गौतम ने कहा कि** शहरी क्षेत्रों में स्थित विद्यालयों का अधिकांश समय प्रतियोगी परीक्षाएं करवाने में ही निकल जाता है। इस सत्र में भी 168 दिन परीक्षाएं आयोजित करवाई गई ।अतः शहरी क्षेत्रों के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं के आयोजन हेतु निजी विद्यालयों,कॉलेजों या अन्य व्यवस्थाओं पर विचार करना चाहिए। संगठन ने राजकीय विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने के लिए सुझाव दिया कि प्रदेश के सभी राजकीय कर्मचारी और निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के बालक अनिवार्य रूप से राजकीय विद्यालय में ही पढ़े।ऐसा नहीं करने पर जितनी राशि वह निजी संस्थाओं को दे रहा है उतनी ही राशि सरकार के राजकोष में जमा कराए।इस प्रकार की सख्ती होने पर राजकीय विद्यालयों में नामांकन के साथ शैक्षिक गुणवत्ता भी बढ़ेगी।संगठन के सुझावों को गंभीरता से लेते हुए अन्य उपस्थित प्रतिनिधियों ने भी सराहा। इस अवसर पर राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रदेश सभाध्यक्ष संपत सिंह,वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवि आचार्य ,उपाध्यक्ष महिला सुषमा विश्नोई,प्रदेश मंत्री अमरजीत सिंह ,महिला मंत्री गीता जैलिया , अतिरिक्त प्रदेश महामंत्री बसंत जिंदल,कोषाध्यक्ष कैलाश कच्छावा माध्यमिक सचिव योगेश कुमार शर्मा सहित प्रदेश कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारीयों ने मुख्यमंत्री और शिक्षामंत्री के शिक्षक हित में लिए निर्णयों का स्वागत करते हुए अन्य मांगों पर भी शीघ्र कर शिक्षा जगत में नवीन व्यवस्था स्थापित करने की मांग दोहराई।

## पुलिसकर्मी बनकर सोने-चांदी के आभूषण और नकद हड़पे, रू.5 लाख का लोन लेकर ब्लैकमेल किया

### न्यायालय ने अग्रिम अनुसंधान के आदेश दिए

द डेस्प्रिंग

**जोधपुर।**अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या-6, जोधपुर नगर ने एक मामले में पुलिस थाना उदय मंदिर को अग्रिम अनुसंधान (Further Investigation) के आदेश दिए हैं। यह आदेश परिवादी अनिल बारासा द्वारा अपने अधिवक्ता भवानीसिंह भलासरिया की मार्फत दायर किए गए प्रार्थना पत्र पर सुनवाई के बाद पारित किया गया।

**प्रार्थना पत्र में बताया गया कि** परिवादी ने पुलिस थाना उदय मंदिर में एक महिला पुलिसकर्मी और उसके साथी के खिलाफ गंभीर आरोपों के तहत रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। आरोप के अनुसार, अभियुक्ता ने स्वयं को पुलिसकर्मी और होमगार्ड बताकर परिवादी को झांसे में फँसाया। इस दौरान उसने सोने-चांदी के आभूषण, नकद राशि तथा ऑनलाइन भुगतान सहित कुल लगभग रू.1.80 लाख हड़प लिए।

इसके अलावा, अभियुक्ता ने बलात्कार के झूठे मुकदमे की धमकी देकर रू.5 लाख का लोन अपने नाम से निकलवाया और लगभग रू.45,000 के महंगे कपड़े, साड़ियां व अन्य सामान भी अपने पास रख लिए।

परिवादी के अनुसार, पुलिस थाना उदय मंदिर ने मामले की जांच फौरी तौर पर कर दी और जेवरात, नकदी, मोबाइल व अन्य सामान बरामद नहीं किए, जिससे उचित अनुसंधान नहीं हुआ। इस पर न्यायालय ने परिवादी के तर्कों को स्वीकार करते हुए मामले को पुनः अग्रिम अनुसंधान हेतु उदय मंदिर थाना पुलिस को भेजने का आदेश दिया। अब इस मामले में अगली सुनवाई 5 दिसंबर 2025 को निर्धारित की गई है।

## दीपावली से पूर्व नगर में सफाई, प्रकाश एवं पेयजल व्यवस्था का ई.ओ. ऋचा यादव ने स्थलीय निरीक्षण किया

प्रतापगढ़ द डेस्प्रिंग हिंदी दैनिक

**प्रतापगढ़।** दीपावली पर्व के मद्देनजर नगर पंचायत पृथ्वीगंज में अधिशासी अधिकारी ऋचा यादव द्वारा नगर क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नगर में साफ-सफाई व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था स्ट्रीट लाइट आदि, छिड़काव, तथा शुद्ध पेयजल आपूर्ति की स्थिति का जायजा लिया।

ई.ओ. ऋचा यादव ने संबंधित सफाई कर्मियों एवं जलकल विभाग के मातहतो को निर्देशित किया कि दीपावली के पूर्व समस्त वार्डों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया



जाए, नालियों की नियमित सफाई हो तथा जल जमाव की स्थिति बिल्कुल न बनने पाए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि नागरिकों को शुद्ध पेयजल की निर्बाध आपूर्ति उपलब्ध हो।निरीक्षण के दौरान उन्होंने कुछ स्थानों पर सफाई कार्य में लापरवाही पर नाराजगी भी व्यक्त की तथा मौके पर ही आवश्यक सुधार के निर्देश दिए।ऋचा यादव अधिशाषी अधिकारी ने कहा "दीपावली प्रकाश और स्वच्छता का पर्व है। नगर पंचायत का प्रयास है कि नागरिकों को एक स्वच्छ, रोशन और सुरक्षित वातावरण प्रदान किया जाए, जिससे वे त्यौहार को हर्षोल्लास से मना सकें।"

## रानी रोडवेज समय सारणी व्यवस्थित नही होने पर बस यात्री परेशान

द डेस्प्रिंग

**रानी/नगराज वैष्णव ।** रोडवेज यात्रियो को परेशानी का सामना करना पड रहा है ! बस की समय सारणी नही होने आम यात्री को असुविधाओ का सामना करना पड रहा है ! सोजत से रानी आना है , जयपुर से रानी



आना है तो जयपुर से रवानगी का समय सोजत से रानी का समय ! सोजत रोड वेज वालो को तो यह भी मालूम नही रानी रोड वेज चलती है , दो बसे है सीकर ओर जयपुर से रवानगी का समय , समय सारणी नही होने से छात्र छात्राए परेशानी का सामना करना पड रहा है ! जन हित मे समय सारणी बनावें !

### डेगाना में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं नें विनोद जाखड़ की रिहाई को लेकर प्रदर्शन

## कांग्रेस संगठनों ने एसडीएम मोहन चौधरी को एसडीएम कार्यालय पर सौंपा ज्ञापन

### एनएसयूआई प्रदेशाध्यक्ष विनोद जाखड़ को जल्द रिहा नहीं किया गया तो आगामी दिनों में सड़को पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करने की दी चेतावनी

द डेस्प्रिंग

**डेगाना (सुशील लोरा)।**राजस्थान हस्ढ्ढ प्रदेशाध्यक्ष विनोद जाखड़किशोर चौधरी और उनके साथियों की रिहाई की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओ नें उपखण्ड कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया. कांग्रेस के पूर्व शहर अध्यक्ष सीता राम बिन्दा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार की नीतियों के खिलाफ आवाज उठाने पर जाखड़ और उनके साथियों पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने का विरोध किया।प्रदर्शनकारियों ने कहा कि लोकतंत्र में सरकार की नीतियों का विरोध करना नागरिकों का संवैधानिक अधिकार है। उन्होंने



आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार लगातार लोकतांत्रिक आवाज़ को दबाने का प्रयास कर रही है, और विनोद जाखड़ व उनके साथियों की गिरफ्तारी लोकतंत्र की हत्या के समान है।इस विरोध प्रदर्शन में हस्ढ्ढ, सेवादल, यूथ कांग्रेस और कांग्रेस के कई पदाधिकारी शामिल हुए। प्रदर्शन के बाद एसडीएम मोहन चौधरी को राजस्थान के मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में हस्ढ्ढ प्रदेशाध्यक्ष विनोद जाखड़ और उनके साथियों को तत्काल रिहा करने की मांग की गई है।इस मोके पर पूर्व कांग्रेस शहर अध्यक्ष सीता राम बिन्दा, रामनिवास मेहरा, हनुमान बिन्दा सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओ नें ज्ञापन सौंपा.

## सुमन गुर्जर ने RAS परीक्षा में 482 वी रैंक प्राप्त की

द डेस्प्रिंग

**निवाई (अशोक लांगडी ) ।** राजस्थान प्रशासनिक सेवा (RAS) के घोषित परिणामों में निवाई की बेटी ने शानदार सफलता हासिल कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। सुमन गुर्जर पुत्री रामकिशन गुर्जर (शारीरिक शिक्षक) ने RAS परीक्षा में 482 वी रैंक प्राप्त कर यह बड़ी उपलब्धि दर्ज की है ।



सुमन गुर्जर की सफलता से निवाई तहसील के साथ-साथ गांव में खुशी का माहौल है 420वी रैंक प्राप्त कर सुमन गुर्जर ने केवल अपने परिवार बल्कि पूरे निवाई और क्षेत्र का नाम रोशन किया। सुमन गुर्जर ने स्व. कर्नल किरोड़ी सिंह बैसला के सपने को साकार करते हुए इस सफलता हासिल की है।

## सहकारिता को सभी के लिए सुलभ बनाया जाए, ताकि लोगों को सशक्त होने के अधिक से अधिक अवसर मिले: जिला कलेक्टर



धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग न्यूज़

जिला सहकारी विकास समिति की समीक्षा बैठक का जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में आयोजन किया गया। बैठक में उन्होंने कहा कि सतत् जिले में सहकारी समितियों की भूमिका अत्यधिक महत्वपूर्ण है। हमारा उद्देश्य है कि सहकारिता को सभी के लिए सुलभ बनाया जाए, ताकि लोगों को सशक्त होने के अधिक से अधिक अवसर मिल सके। उन्होंने राज्य सरकार की बजट घोषणा के अन्तर्गत गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना में लम्बित आवेदनों का निस्तारण हेतु प्रस्ताव बनाकर भेजने के निर्देश दिए। ताकि उच्च स्तर से उनका निस्तारण करवाया जा सकें।

बैठक में उप रजिस्ट्रार सतेन्द्र सिंह मीना ने बताया कि उन्होंने 5 नई ग्राम सहकारी समितियों के गठन के प्रस्ताव पारित किया। 3 केवीएसएस एवं 22 ग्राम सेवा सहाकरी समितियों द्वारा सहकार सदस्यता अभियान के दौरान भूमि चिन्हिकरण कर भूमि आवंटन हेतु राजस्व विभाग को आवेदन किया गया। सहकार सदस्याता अभियान के दौरान दिए गए लक्ष्य 5 हजार 840 के विरूद्ध 6 हजार 546 सदस्य सहकारी समितियों द्वारा बनाएं गए। पैक्स कम्प्यूटराइजेशन योजना में 55 पैक्स गो लाइव की जा चुकी है तथा 9 ई-पैक्स बन चुकी है। बैठक में जिला रसद अधिकारी कल्याण सहाय करोल, संयुक्त निदेशक पशुपालन संत सिंह मीणा सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## आपूर्ति अधिकारियों के रहमोकरम पर मिठाई,पनीर खाद्य पदार्थों में मिलावटी का खेल चालू

सोनभद्र द डेस्प्रिंग हिंदी दैनिक

**सोनभद्र।** थाना अनपरा परिक्षेत्र में दीवाली आने में कुछ ही दिन बाकी है, लेकिन ऊर्जांचल में किसी भी मिठाई दुकान में जांच शुरू नहीं हुई है। अधिकारियों के सुस्त रवैये के कारण लोग मिलावटी मिठाई खाने के लिए मजबूर हैं। दिवाली में केवल ऊर्जांचल में एक अनुमान के अनुसार लाखो की मिठाई बिक जाती है। इसका पूरा फायदा मिठाई कारोबारी उठा रहे हैं। एफएसएसएआई के आदेश के बाद भी ऊर्जांचल की किसी भी दुकान में मिठाइयों की ट्रे पर बेस्ट बिफोर डेट या एक्सपायरी डेट नहीं लिखी जा रही है। ट्रे पर मिठाई देखकर कोई भी ग्राहक ये अंदाजा नहीं लगा सकता कि ये कितने दिनों पहले बनी है इसलिए पुरानी मिठाईयों को दुकानदार ताजा बताकर ही बेचते हैं। इसके बावजूद कई बार मिठाइयों में फफूंद, स्वाद खराब होने की शिकायतें आम हैं। इस पर फूड एंड ड्रग विभाग का सुस्त रवैया लोगों को बीमार करने के लिए काफी है। अनपरा बाजार, ककरी, बीना, औड़ी, डिबूलगंज, रेणुसागर, बासी, बीना रोड, काशी मोड़, परियोजनाओं के शॉपिंग सेंटरो मे बड़े पैमाने पर मिलावटी मिठाई व पनीर की बिक्री धड़ल्ले से की जा रही है

## देवेन्द्र राय को छल पूर्वक बैंक में बंधक की गयी भूमि का विक्रय करने के आरोप मे एफआईआर दर्ज

### मोरवा पुलिस ने धारा 420 के तहत मामला दर्ज कर वैधानिक कार्यवाही में जुटी

सिंगरौली द डेस्प्रिंग हिंदी दैनिक

**सिगरौली ।** थाना मोरवा पुलिस ने मेढौली वार्ड संख्या 9 के निवासी देवेन्द्र राय को छल पूर्वक बैंक में बंधक की गयी भूमि का विक्रय करने के आरोप में विष्णु प्रताप चन्द उर्फ राजेश सिंह पिता नरेन्दचन्द ने तहरीर देकर एफआईआर दर्ज करायी।वही मोरवा पुलिस ने भारतीय दंड संहिता 1860 के तहत धारा 420 में एफआईआर दर्ज कर वैधानिक कार्यवाही में जुटी।बताते चले कि फरियादी विष्णु प्रताप चन्द उर्फ राजेश सिंह पिता नरेन्दचन्द उम्र 42 वर्ष निवासी वार्ड संख्या 9 मेढौली ने आदर्श गंगा स्कूल के पास मेढौली थाना मोरबा जिला सिंगरौली (म.प्र.) का उपस्थित थाना आकर स्वयं द्वारा हस्ताक्षरित एक लिखित तहरीर देकर इस आशय का पेश किया कि देवेन्द्र कुमार राय निवासी वार्ड संख्या 9 मेढौली द्वारा छल पूर्वक बेईमानी से बैंक में बंधक की हुई जमीन को दिनांक 30 मार्च 2015 को विक्रय कर पन्द्रह लाख चौसठ हजार रुपये प्राप्त किया है जो प्रथम दृष्टया अपराध धारा 420 भा.द.वि.का आरोपी देवेन्द्र कुमार राय निवासी वार्ड क्र. 9 मेढौली के द्वारा घटित करना पाये जाने से अपराध सदर कायम कर विवेचना में



लिया गया। नकल आवेदन पत्र अक्षरशः जैल है। थाना प्रभारी थाना मोरबा जिला सिंगरौली (म.प्र.) ने बताया कि देवेन्द कुमार राय निवासी वार्ड क्र. 9 मेढौली द्वारा छल पूर्वक बैंक में बंधक की हुई जमीन को विक्रय कर पैसा लेने के संबंध में प्रार्थी विष्णु प्रताप चन्द उर्फ राजेश सिंह पिता नरेन्द्रचन्द उम्र 42 वर्ष निवासी वार्ड संख्या 9 आदर्श गंगा स्कूल के पास मेढौली का रहने वाला हूं ,ने तहरीर दिया जिसमें 30 मार्च 2015 को मेरे द्वारा ग्राम मेढौली की आराजी क. 370/2 (29) रकबा 0.040 हेक्टेयर, 370/2 (75) रकवा 0.033 हेक्टेयर. एवं 370/2,130(ह्य) रकबा 0.020 हेक्टेयर. आराजी विक्रेता पी. के. राय पत्नी कलेक्टर राय एवं उनके पुत्र देवेन्द्र कुमार राय पिता कलेक्टर राय दोनों निवासी मेढौली से कुल रकम 15,64,000 रुपये में जरिये विक्रय पर क्रय की गई थी प्रार्थी उक्त जमीन का नामांतरण भी अपने नाम करा लिया था तत्पश्चात उक्त आराजी में से आराजी क्र. 370/2(75) रकवा 0.033 है।अपने पुत्र राघवेन्द्र प्रताप चन्द एवं आराजी क्र. 370/2 (130(ह्य) रकवा 0.020 हेक्टेयर को अपनी नाबालिक पुत्री रितिकाचन्द जिसका संरक्षक मैं स्वयं था के नाम कर दिया था एवं आराजी क्र. 370/2(29) रकवा 0.040 हेक्टेयर को मैं स्वयं मकान बनाकर निवास कर रहा हूं। उक्त सभी भूमियों को एन.सी. एल. जयंत परियोजना द्वारा अधिगृहीत किया जा रहा है जिसमें भूमि अधिग्रहण की धारा 9 का नोटिफिकेशन जारी हो चुका है। मैं करीब 2 माह पूर्व इसी अधिग्रहण के संबंध में पूछताछ करने भू अर्जन शाखा एन.सी.एल. मुख्यालय मोरबा गया था जहां मुझे बताया गया कि उक्त भूमि का भौतिक अधिपत्य एस.बी.आई. शाखा झिगुरदा को दिलाये जाने बावत् कलेक्टर द्वारा आदेशित किया गया है जिसकी छायाप्रति मुझे उपलब्ध कराई गई तब मैं एस.बी.आई. शाखा झिगुरदा से जानकारी प्राप्त किया तो पता चला कि देवेन्द्र कुमार राय द्वारा अपने नाम व अपने मां पी. के. राय उर्फ पान कुमारी राय के नाम की मुझे बिक्री की हुई आराजी क्र.370/2, 130 (क) रकबा 0.020 हेक्टेयर एवं 370/2 (29) रकवा 0.040 हेक्टे. को वर्ष 2001 में बैंक से उक्त भूमि पर ऋण प्राप्त कर भूमि को एसबीआई शाखा झिगुरदा के पक्ष में बंधक करवा दिया गया था इसके बाद दिनांक 21 सितम्बर 2010 को आराजी क्र. 370/2/29 एवं 15 नवम्बर 2010 को आराजी क्र. 370/2 को उपपंजीयक कार्यालय बैढन में बंध पत्र निष्पादित किया गया है। तब से आज तक उक्त भूमि बैंक में बंधक है देवेन्द्र राय द्वारा यह जानते हुये कि उक्त भूमि पर उसके द्वारा ऋण प्राप्त कर भूमि को एस.बी. आई झिगुरदा के पक्ष में बंधक रखने के पश्चात भी बेईमानी पूर्वक देवेन्द्र कुमार राय द्वारा मुझे 30 मार्च 2015 को विक्रय कर विक्रय राशि प्राप्त कर छल किया है। विष्णु प्रताप चन्द उर्फ राजेश सिंह ने भूमि स्वामी देवेन्द्र कुमार राय पिता कलेक्टर राय निवासी वार्ड क्र. 9 मेढौली थाना मोरबा जिला सिंगरौली (म.प्र.) के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करते हुये न्याय दिलाने की बात कही।

## जिले सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में यातायात जागरूकता अभियान एवं हेलमेट वितरण कार्यक्रम आयोजित





द डेस्प्रिंग


**हनुमानगढ़ ( विनोद चौधरी) ।** सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर 01 अक्टूबर 2025 से 30 अक्टूब तकयातायात जागरूकता अभियानका आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को ट्रैफिक थाना परिसर में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया । जिसमें जरूरतमंद दोपहिया वाहन चालकों को निःशुल्क हेलमेट वितरित किए गए। इस दौरान जिला पुलिस अधीक्षक हरी शंकर एवं क्षेत्राधिकारी नगर (सीओ सिटी) मीनाक्षी चौधरी उपस्थित रहे। जिनके द्वारा 60 जरूरतमंद दुपहिया वाहन चालकों को ब्रांडेड हेलमेट पहनाए गए हेलमेट के महत्व पर प्रकाश डालते हुए शहर के नागरिकों को यातायात नियमों का पालन करने और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने की अपील की। हेलमेट का प्रबंध शहर की कुछ सामाजिक संस्थाओं द्वारा जनसहयोग के माध्यम से किया गया कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने भाग लिया और ट्रैफिक विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा संबंधी जानकारी एवं नियमों से उन्हें अवगत कराया गया। हेलमेट वितरण का उद्देश्य नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना एवं सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली हानि को कम करना है। यह अभियान पूरे माह विभिन्न स्थानों पर जारी रहेगा, जिसमें आमजन को यातायात नियमों के पालन हेतु प्रेरित किया जाएगा।

## राज्यमंत्री झाबर सिंह खर्रा आज एकदिवसीय जिले के दौरे रहेंगे

### नोहर नगरपालिका कार्यालय में आयोजित शहरी सेवा शिविर में भाग लेंगे

द डेस्प्रिंग

**हनुमानगढ़ (विनोद चौधरी)** ।नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा शुक्रवार को जिले के दौरे पर रहेंगे। खर्रा शुक्रवार को चूरू से सुबह 11:15 बजे रवाना होकर दोपहर 1 बजे नोहर पहुंचेंगे, जहां नगरपालिका कार्यालय में आयोजित शहरी सेवा



शिविर-2025 (सेवा पखवाड़ा) के तहत आयोजित शिविर का निरीक्षण करेंगे। राज्यमंत्री खर्रा इस दौरान नगरपालिका क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण भी करेंगे। राज्यमंत्री नोहर में निर्धारित कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद दोपहर 3:30 बजे जयपुर के लिए रवाना होंगे।

## वेदान विनायक स्कूल में एस्ट्रो पाठशाला द्वारा खगोल विज्ञान कार्यशाला का सफल आयोजन

### ब्रह्मांड के रहस्यों से रू-ब-रू हुए छात्र; हाइड्रो रॉकेट चैलेंज में लिया हिस्सा

द डेस्प्रिंग

**(अनुभव मोहन सक्सेना ब्यूरो बरेली)** वेदान विनायक इंटरनेशनल स्कूल, फरीदपुर ने एस्ट्रो पाठशाला, नैनीताल के सहयोग से कक्षा तीसरी से बारहवीं तक के छात्रों के लिए एक रोचक खगोल विज्ञान कार्यशाला का आयोजन किया। विद्यालय के मैनेजर श्री आशीष मोहन शर्मा ने विशेषज्ञों का स्वागत किया। इस ज्ञानवर्धक सत्र के दौरान,



विद्यार्थियों ने ब्रह्मांड के बारे में रोचक तथ्य सीखे और अंतरिक्ष विज्ञान का अन्वेषण किया। सत्र के बाद, छात्रों ने रोमांचक हाइड्रो रॉकेट चैलेंज में भाग लिया, जिसने उनके सीखने के अनुभव में उत्साह और व्यावहारिक ज्ञान का समावेश किया। वेदान ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. अमीद मुराद ने कार्यशाला के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया, जबकि चेयरपर्सन डॉ. सबीन अहसान ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय की एकेडमिक डायरेक्टर श्रीमती रीना माथुर वर्मा ने कहा, "हमारा लक्ष्य खगोल विज्ञान के प्रति विद्यार्थियों के जुनून को जगाना है।"

# जिला एवं सेशन न्यायाधीश, कलेक्टर और एसपी ने किया जिला कारागृह का निरीक्षण

द डेस्प्रिंग

**हनुमानगढ़ (विनोद चौधरी)।** माननीय उच्चतम न्यायालय की रिट याचिका सुकन्या शांता बनाम भारत संघ में पारित निर्णय की पालना में गुरुवार को जिला कारागृह हनुमानगढ़ का निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशों के तहत किया गया। निरीक्षण दल में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) अध्यक्ष तनवीर चौधरी, जिला कलक्टर डॉ. खुशाल यादव, जिला पुलिस अधीक्षक हरी शंकर, तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव गजेन्द्र सिंह तेनगुरिया शामिल रहे। इस दौरान जिला स्तर पर गठित बोर्ड के सदस्य एवं प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित थे।



निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बंदियों से कारागृह में उपलब्ध सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था तथा उनके प्रति किसी भी प्रकार के जाति, धर्म या सामाजिक भेदभाव के संबंध में जानकारी ली। बंदियों ने बताया कि कारागृह में सभी के लिए समान सुविधाएँ उपलब्ध हैं और किसी प्रकार की शिकायत नहीं है। अधिकारियों ने कारागृह की बैरकों, स्वच्छता, भोजन, चिकित्सा एवं सुरक्षा व्यवस्था का भी गहन निरीक्षण किया। इस दौरान अध्यक्ष श्री तनवीर चौधरी ने जिला कारागृह अधीक्षक को बैरकों की नियमित साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए।इसके अतिरिक्त, श्री तनवीर चौधरी (अध्यक्ष) एवं श्री गजेन्द्र सिंह तेनगुरिया (सचिव) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बुधवार को उपकारागृह नोहर एवं उपकारागृह भादरा का भी निरीक्षण किया, जहाँ बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया गया। इस अवसर पर बोर्ड के सदस्य मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग उपनिदेशक श्री विक्रम सिंह भी उपस्थित रहे।

## सनाढ्य ब्राह्मण सेवा समिति के नव निर्वाचित अध्यक्ष पवन चंसौरिया,युवा अध्यक्ष संगीत शर्मा,महामंत्री विजय दीक्षित सहित टीम ने हिंदू जागरण मंच कार्यालय पर जिला संयोजक अंजनी पाराशर द्वारा किया गया स्वागत सम्मान

धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग न्यूज़

सनाढ्य ब्राह्मण सेवा समिति के नव निर्वाचित अध्यक्ष पवन चंसौरिया एवं युवा अध्यक्ष संगीत शर्मा के साथ महामंत्री विजय दीक्षित सहित टीम का सनातन संस्कृति के अनुसार हिंदू जागरण मंच कार्यालय पर हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक अंजनी पाराशर द्वारा किया गया स्वागत सम्मान इस दौरान कार्यक्रम में पधारे हुए पूर्व ब्राह्मण समाज अध्यक्ष सुरेश दीक्षित एवं वर्तमान सनाढ्य ब्राह्मण सेवा समिति ट्रस्ट के महामंत्री भुवनेश्वर शर्मा का भी हिंदू जागरण मंच कार्यालय पर स्वागत सम्मान किया गया। इस मौके पर श्री सनाढ्य ब्राह्मण सेवा समिति के नव निर्वाचित अध्यक्ष पवन चंसौरिया ने कहा कि समाज के नवनिर्माण के लिए शीघ्र अतिशीघ्र कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा और हम सभी मिलकर समाज एवं राष्ट्र हितार्थ कार्य करेंगे। हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक अंजनी पाराशर ने कहा कि समन्वय के साथ कार्य करना ही हमारा उद्देश्य है। इस मौके पर हिंदू जागरण मंच महिला सुरक्षा



एवं सम्मान के जिला प्रभारी डॉ अशोक शर्मा ने भारतमाता के जयघोष, राजाराम चंद्र भगवान के जयकारे लगवाए जिनसे कार्यालय में राम नाम से गुंजायमान हो गया। इस दौरान हिंदू जागरण मंच के जिला संरक्षक चिम्मन दास बाबा, गौ रक्षा दल प्रमुख अजय कंसाना, हिंदू जागरण मंच बाड़ी के सह खंड संयोजक अमित लवानिया, हेमंत पाराशर, दिव्यांकर बिधो लिया,चिराग शर्मा, अग्निवेश उपाध्याय, पुन्नी परमार, जगदीश शर्मा सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शिक्षा विभाग और मीडिया की सजगता से फर्जी स्काउट गाइड संगठन का पर्दाफाश करते हुए छात्र-छात्राओं के भविष्य को बचाने हेतु एक पहल हुई

धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग न्यूज़

हिंदुस्तान स्काउट गाइड संगठन राजस्थान राज्य के हमनाम एक फर्जी स्काउट गाइड संगठन राजस्थान राज्य हिंदुस्तान स्काउट गाइड नाम से विजय कुमार और राकेश कुमार बेनीवाल नामक लोगों द्वारा प्रदेश की कुछ डीएलएड महाविद्यालय 1.वंश हायर एजुकेशन इंस्टिट्यूट रेलवे क्रॉसिंग बड़ा गांव रोड धौलपुर 2.महाराणा प्रताप एजुकेशन ट्रस्ट बसेड़ी धौलपुर 3.महाराणा प्रताप एसटी स्कूल बसेड़ी धौलपुर 4.कालिदास संस्कृत शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान बसेड़ी धौलपुर 5.महाराणा प्रताप महिला संस्कृत एसटी स्कूल बसेड़ी धौलपुर 6.एसएन कॉलेज ऑफ़ एजूकेशन बड़ागांव रोड N H3 धौलपुर के छात्र-छात्राओं का शिविर दिनांक 12 से आयोजित हुआ।शिक्षा विभाग को जब यह सूचना लगी तो शिक्षा विभाग ने हिंदुस्तान स्काउट गाइड संगठन राजस्थान राज्य के पदाधिकारी और फर्जी संगठन राजस्थान राज्य हिंदुस्तान स्काउट गाइड के राज्य सचिव विजय कुमार को जांच हेतु बुलाया जांच में पाया गया की विजय कुमार के पास ना तो धौलपुर में कोई जिला मुख्यालय है ना ही धौलपुर में बैंक का खाता है ना ही इन्हें राजस्थान सरकार से मान्यता है। ऐसे में शिक्षा विभाग द्वारा



उपरोक्त कैंप को रद्द करार दिया गया और प्राचार्य डाइट द्वारा राजकीय शिक्षक प्रशिक्षण कॉलेज के छात्राध्यापकों को शिविर से मुक्त करा दिया गया परंतु राकेश कुमार बेनीवाल, विजय कुमार वर्मा एवं स्थानीय कॉलेज वी.के. त्यागी टी.टी. कॉलेज की प्राचार्य अंजनी वशिष्ठ द्वारा निजी महाविद्यालयों को बरगलाकर शिविर चालू रखा तथा शिविर स्थल पर बच्चों के मोबाइल जब्त कर ताले लगा दिए गए जिससे मीडिया कर्मी अंदर नहीं जा सके । राजस्थान सरकार के नियमानुसार बीएसटीसी के बच्चों को 7 दिवसीय स्काउट गाइड कैंप करना आवश्यक होता है अन्यथा उनकी अंक तालिकाएं वैध नहीं मानी जाती है और प्रदेश में केवल दो ही स्काउट गाइड संगठन को मान्यता है एक राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड और दूसरा हिंदुस्तान स्काउट गाइड संगठन राजस्थान राज्य जांच के समय तथाकथित राज्य सचिव विजय कुमार द्वारा बारंबार संयुक्त शासन सचिव स्कूल शिक्षा ग्रुप 2 मनीष गोयल के नाम से धमकाया जा रहा था और अपने मोबाइल पर मनीष गोयल के साथ हुई वार्तालाप दिखाकर छात्र-छात्राओं और शिक्षा विभाग के कार्मिकों को धमकाया जा रहा था परंतु शिक्षा विभाग और मीडिया जगत की जागरूकता से उपरोक्त कैंप रद्द कर दिया गया रद्द करने के पश्चात फर्जी संगठन राजस्थान राज्य हिंदुस्तान स्काउट गाइड के राकेश बेनीवाल और विजय कुमार द्वारा जो शिविर 12 तारीख को शुरू हुआ था उसे 9 तारीख से शुरू बताया गया और जल्दी से जल्दी शिविर समाप्त कर भागने की तैयारी दिखाई दी । ठगी के शिकार हुए प्रदेश के छात्र-छात्राएं जब एडीएम धौलपुर से मिलने पहुंचे तो उनके द्वारा कार्यवाही का आश्वासन देकर छात्र-छात्राओं को वापस भेज दिया गया जबकि छात्र-छात्राओं द्वारा दी गई फीस वापसी के बारे में प्रशासन मौन रहा प्रशासन द्वारा छात्र-छात्राओं की फीस वापसी हेतु कदम का छात्र-छात्राओं को इंतजार है राकेश कुमार बेनीवाल द्वारा पुनः जिला कलेक्ट्रेट धौलपुर में कहा गया कि जब तक संयुक्त शासन सचिव मनीष गोयल पद पर आसीन हैं हमारा कोई बाल भी बांका नहीं कर सकता है ।

# आंगनबाड़ी केंद्रों में रखी जाती है बच्चों के स्वस्थ भविष्य की नींव – जिला कलक्टर

### पोषण माह का जिला स्तरीय समापन समारोह

### पोषण अभियान के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली कार्मिक सम्मानित

द डेस्प्रिंग न्यूज़

**हनुमानगढ़( विनोद चौधरी) ।** समेकित बाल विकास सेवाएं निदेशालय के निर्देशानुसार राष्ट्रीय पोषण अभियान के अंतर्गत आयोजित अष्टम पोषण माह का जिला स्तरीय समापन समारोह गुरुवार को न्यू सिविल लाइंस सामुदायिक भवन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कलक्टर डॉ. खुशाल यादव ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों की तंदुरुस्ती और स्वस्थ भविष्य की आधारशिला रखते हैं। जिस प्रकार विद्यालय में शिक्षक की भूमिका होती है, उसी प्रकार आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बच्चों के लिए माता-पिता और शिक्षक दोनों की भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता बच्चों को स्कूल पूर्व शिक्षा पैटर्न पर प्रशिक्षित करने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। जिला कलक्टर ने कहा कि बच्चों का भविष्य एक पहेली की तरह होता है, यह ज्ञात नहीं होता कि वे आगे चलकर डॉक्टर, वैज्ञानिक या इंजीनियर बनेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को बच्चों को पौष्टिक भोजन देने, एनीमिया से बचाव और गर्भवती व धात्री महिलाओं की देखभाल के बारे में विशेष रूप से जागरूक करने के निर्देश दिए। साथ ही कुपोषित और अतिकुपोषित बच्चों की पहचान कर उनके उपचार व आवश्यक सेवाएं सुनिश्चित करने पर बल दिया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने कहा कि गर्भधारण से लेकर प्रसव उपरांत देखभाल तक स्वास्थ्य विभाग और बाल विकास विभाग की संयुक्त भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने पौष्टिक आहार, कम नमक व तेल के सेवन तथा टीकाकरण की नियमितता पर बल दिया। महिला एवं बाल विकास उपनिदेशक श्रीमती सुनीता शर्मा ने बताया कि 17 सितंबर से 16 अक्टूबर 2025 तक आयोजित पोषण माह के दौरान आंगनबाड़ी, सेक्टर और ब्लॉक स्तर पर विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं। अभियान के तहत प्रारंभिक बाल्यावस्था एवं शिक्षा, वोकल फॉर लोकल, शिशु एवं बाल आहार, पुरुष भागीदारी और मोटापा नियंत्रण थीम पर कार्यक्रम हुए। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं के बीच व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन भी हुआ, जिसका अवलोकन जिला कलक्टर और सीएमएचओ ने किया। अंत में पोषण अभियान के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला पर्यवेक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं ब्लॉक कॉर्डिनेटर्स को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन महिला पर्यवेक्षक दीपमाला द्वारा किया गया। इस अवसर पर मदनलाल सुखीजा, किरण शर्मा, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नशामुक्त समाज बनाए जाने के लिए दिलाया गया सामूहिक संकल्प व दिया गया ज्ञापन

द डेस्प्रिंग

**बहराइच/संजय कुमार** । वृद्धा आश्रम नगरौर चितौरा परिसर में नशा उन्मूलन चौपाल व महिला शक्ति मिशन विषयक परिचर्चा का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में वृद्धा आश्रम अतः वासियों के अलावा स्वंसेवी संस्थाओं की प्रतिनिधि , अधिवक्ता , प्रगतिशील कृषक , पर्यावरण विद व क्षेत्रीय वृद्ध , अभिभावक तथा प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।नगरौर चितौरा स्थित वृद्धा आश्रम परिसर में आयोजित नशा उन्मूलन चौपाल व महिला शक्ति मिशन विषयक पर आधारित परिचर्चा को संबोधित करते हुए राज्य महिला आयोग उपाध्यक्ष अपर्णा यादव बिष्ट ने कहा कि , नशा सामाजिक अभिशाप है। अवैध नशा पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जन संवाद व जन सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि नारी शसक्तीकरण के लिए मुख्यमंत्री उत्तरप्रदेश की ओर से प्रभावी कदम उठाए गए हैं , महिलाओं की सुरक्षा व संरक्षा के लिए शासन कटिबद्ध एवं प्रतिबद्ध है। महिला शसक्तीकरण हेतु सरकार हर संभव सहयोग कर रही है।आयोजक रूल ऑफ लॉ सोसायटी अध्यक्ष अवध क्षेत्र संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने कहा कि बहराइच समेत तराई इलाकों में अवैध नशा कारोबार लगातार बढ़ता जा रहा है इसपर प्रभावी नियंत्रण के लिए जन सहयोग व





प्रशासन से बेहतर तालमेल की आवश्यकता है तभी अवैध नशा कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण संभव हो सकेगा।पुलिस क्षेत्राधिकारी हर्षिता तिवारी ने बताया कि , अवैध नशा कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण के लिए पुलिस प्रशासन की ओर से लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।उपजिलाधिकारी सदर पूजा चौधरी ने महिलाओं के सुरक्षा एवं संरक्षा तथा उनके रोजगार सृजन हेतु चलाए जा रहे हैं विभिन्न जन कल्याणकारी कार्यक्रमों के बारे में अवगत कराया।समाज कल्याण अधिकारी श्रद्धा पाण्डेय ने समाज कल्याण विभाग द्वारा चलाए जा रहे समाज उत्थान व जन कल्याणकारी कार्यक्रमों के बारे में जानकारी प्रदान की।जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राय ने वृद्ध , अशक्त , शोषित बच्चों व निराश्रित महिलाओं हेतु चलाए जा रहे विभागीय कार्यक्रमों के बारे में जानकारी प्रदान किया।इनर व्हील क्लब जनरल सेक्रेट्री ज्योति बंसल ने निर्धन व अशक्त महिलाओं के लिए जीवन उपयोगी कार्यक्रमों में प्रभावी सहभाग के लिए आश्वस्त किया।महिला थाना प्रभारी मंजू यादव ने महिला शक्ति मिशन के बारे में पत्रक वितरित कर महिलाओं से समन्वय एवं संवाद स्थापित करने का आवाहन किया।कार्यक्रम का संचालन सुलह अधिकारी अनिल मिश्र ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन वृद्धा आश्रम प्रबंधक दिलीप द्विवेदी ने किया।समापन अवसर पर मालवीय मिशन अध्यक्ष अवध क्षेत्र संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट के नेतृत्व में संगठन प्रवक्ता डॉ.पंकज श्रीवास्तव , उपाध्यक्ष जय चंद सोनी , किसान परिषद संयोजक महेंद्र सिंह सेंगर , पर्यावरण विद राकेश चंद्र श्रीवास्तव , पत्रकार एकता संघ अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव व योगाचार्य सुशील बाजपेई ने उपाध्यक्ष महिला आयोग अपर्णा यादव को सामूहिक ज्ञापन देकर जनपद में स्थाई नशा उपचार केंद्र स्थापित किए जाने तथा अवैध नशा कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण हेतु जन जागरण अभियान चलाए जाने के लिए ज्ञापन दिया तथा नशामुक्त समाज बनाए जाने किए उपस्थित लोगों को संकल्प भी दिलाया।

## कोसेलाव पटाखे वाले नियमों का उल्लेखन पटाखे की दुकान पास बिडी सिगरेट की दुकान ऊपर बिजली की लाईन 11000

द डेस्प्रिंग न्यूज़

कोसेलाव गांव में दुकान में अग्निशमन यंत्र, पानी और ड्रम की व्यवस्था जरूरी हर दुकान में कम से कम पांच किलो क्षमता का डीसीपी अग्निशमन यंत्र रखना अनिवार्य है। इसके अलावा दुकानों के सामने 200 लीटर पानी के ड्रम और बाल्टियों की व्यवस्था भी करनी होगी। जिससे आग लगने की स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके सुरक्षा के लिहाज से हर दुकान के बीच कम से कम 3 मीटर की दूरी जरूरी है। दुकानें एक-दूसरे के सामने नहीं लगाई जाएंगी। इसके साथ ही दुकानों के सामने बाइक या कार की पार्किंग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी, ताकि आपात स्थिति में फायर ब्रिगेड के वाहन को रास्ता मिल सके लैंप या खुली बिजली बत्ती का इस्तेमाल प्रतिबंधित एडवाइजरी में कहा गया है कि, दुकानों में तेल का लैंप, गैस लैम्प या खुली बिजली बत्ती का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। सभी बिजली तार सुरक्षित और ढंके हुए होने चाहिए। हर मास्टर स्विच में



फ्यूज या सर्किट ब्रेकर होना अनिवार्य है। इससे शॉर्ट सर्किट की स्थिति में बिजली खुद बंद हो जाएगी। साथ ही किसी भी पटाखा दुकान से 50 मीटर की दूरी तक आतिशबाजी प्रदर्शन करना सख्त मना है लैंप या खुली बिजली बत्ती का इस्तेमाल प्रतिबंधित एडवाइजरी में कहा गया है कि, दुकानों में तेल का लैंप, गैस लैम्प या खुली बिजली बत्ती का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। सभी बिजली तार सुरक्षित और ढंके हुए होने चाहिए। हर मास्टर स्विच में फ्यूज या सर्किट ब्रेकर होना अनिवार्य है। इससे शॉर्ट सर्किट की स्थिति में बिजली खुद बंद हो जाएगी। साथ ही किसी भी पटाखा दुकान से 50 मीटर की दूरी तक आतिशबाजी प्रदर्शन करना सख्त मना है ट्रांसफॉर्मर और हाई टेंशन लाइन से दूर रहें दुकानें एडवाइजरी में स्पष्ट निर्देश है कि कोई भी पटाखा दुकान ट्रांसफॉर्मर के पास या हाई टेंशन पावर लाइन के नीचे नहीं लगाई जानी चाहिए। इससे बिजली से संबंधित दुर्घटनाओं के खतरे को कम किया जा सकेगा। हर दुकान परिसर में अग्निशमन विभाग और एम्बुलेंस के फोन नंबर प्रमुख स्थानों पर लगाए जाने चाहिए। साथ ही फायर ब्रिगेड वाहन की आवाजाही के लिए पर्याप्त जगह खाली रखनी होगी ताकि आपात स्थिति में कोई रुकावट न हो।

## एनडीबी कॉलेज नोहर में ओपन टैलेंट सर्च प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

### प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पूजासोनी (टोपरिया) द्वितीय स्थान राजेश कुमार पंवार (भगवान) रहे

द डेस्प्रिंग न्यूज़

**हनुमानगढ़ ( विनोद चौधरी) ।** ओपन टैलेंट सर्च प्रतियोगिता का एनडीबी कॉलेज में पुरस्कार वितरण समारोह गुरुवार को आयोजित किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चिकित्सा अधिकारी नोहर हंसराज शर्मा रहे। अध्यक्षता प्रधानाचार्य अमरसिंह मनपुरिया ने की। ओपन टैलेंट सर्चप्रतियोगिता में प्रथम स्थान पूजासोनी (टोपरिया) द्वितीय स्थान पर राजेश कुमार पंवार (भगवान), तृतीय स्थान ममता सोनी, ममता ,रोहित बेनीवाल रहे। और प्रथम पांच स्थानों पर हेमंत आर्य समाजसेवी ने नकदव चांदी के सिक्के देकर सम्मानित किया। इसमें कुल 14 विद्यार्थी थे। 6 से 20 स्थान तक कुल 133 विद्यार्थियों को भविष्य कोचिंग सेंटर नोहर के द्वारा सम्मानित किया। प्रतियोगिता के आयोजन अमर सिंह चौहान ने भी कुल 80 प्रतिभाओं को सम्मानित किया। शानदार प्रतियोगिता करवाने पर



अमर सिंह चौहान सेवानिवृत्त व्याख्याता (भगवान)ने कॉलेज को एक लेक्चर स्टैंड भेंट किया। प्रधानाचार्य अमरसिंह मनपुरिया ने ओपन टैलेंट सर्च प्रतियोगिता करवाने पर अमर सिंह चौहान (भगवान)की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे बच्चों में जागृति पैदा होती है तथा कंपटीशन के भावना बढ़ती है। मुख्यातिथि हंसराज शर्मा ने इस प्रकार की प्रतियोगिता करवाने पर अमर सिंह चौहान को धन्यवाद दिया तथा कहा कि इस प्रकारकी सेवा भावना से दूसरों का भी मन बढ़ता है।

### सार्वजनिक स्थान पर संगठित रूप से जुआ खेलते 4 व्यक्ति गिरफ्तार, कब्जे से जुआ राशि 5180 रुपये जब्त

# हत्या का प्रयास मामले में वक्त घटना से फरार चल रहा मुल्जिम गिरफ्तार, कब्जे से एक कट्टा 315 बोर जब्त

## फर्जी दस्तावेजों से नौकरी करने के मामले में फरार एक मुल्जिम गिरफ्तार

धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग न्यूज़

**धौलपुर ।** पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान IPS के निर्देशन में व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज शर्मा RPS व वृत्ताधिकारी मनियां राजेश शर्मा RPS के निकटतम सुपरविजन में अवैध जुआ-सट्टा, हत्या का प्रयास प्रकरण व फर्जी दस्तावेजों से नौकरी करने के मामले में फरार अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए थानाधिकारी मनियां उदय चन्द मीना पुलिस निरीक्षक मय टीम द्वारा संगठित रूप से जुआ खेलते हुए 4 मुल्जिमों को मय जुआ राशि 5180 रुपये सहित, हत्या का प्रयास प्रकरण में वक्त घटना से फरार चल रहे एक मुल्जिम को एक कट्टा 315 बोर सहित



पकड़ा एवं फर्जी दस्तावेजों से नौकरी करने के प्रकरण में एक मुल्जिम गिरफ्तार।


**घटना विवरण-** दिनांक 15 अक्टूबर 2025 को चन्द्रभान सिंह हैड कांस्टेबल मय टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर अवैध जुआ सट्टा के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए मुल्जिम 1- दाऊजी पुत्र चन्दन सिंह उम्र 34 साल जाति ठाकुर निवासी गढी जवाहर थाना मनियां जिला धौलपुर 2- वीरेन्द्र पुत्र बनवारी लाल जाति ठाकुर उम्र 26 साल निवासी गढी जवाहर थाना मनियां जिला धौलपुर 3- प्रदीप सिंह पुत्र बलवीर सिंह उम्र 25 साल निवासी विन्तीपुरा थाना मनियां जिला धौलपुर 4- शिवचरन पुत्र भवरसिंह उम्र 47 साल जाति ठाकुर निवासी नदीम भूतपुरा थाना सैंया जिला आगरा को सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए मय जुआ उपकरण व जुआ राशि 5180 रुपये सहित पकड़ा। जिनके विरुद्ध धारा आरपीजीओ व बीएनएस में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान जारी है। दिनांक 09 अगस्त 2025 को आकाश पुत्र राजाबाबू जाति ब्राह्मण निवासी सादिकपुर थाना मनियां जिला धौलपुर के साथ अवैध हथियार से फायरिंग करने के सम्बन्ध में मामला थाना मनियां पर दर्ज किया गया। जिसमें वक्त घटना से फरार चल रहे फरार आरोपी को दिनांक 14 अक्टूबर 2025 को श्रीकेश एएसआई मय टीम द्वारा मुल्जिम भूरीसिंह पुत्र जसराम जाति लोधा उम्र 47 साल निवासी बगचौली लोधा थाना मनियां जिला धौलपुर को गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से वक्त घटना फायरिंग करने बाला एक कट्टा 315 बोर बरामद किया गया। मनियां थाना के प्रकरण धारा बीएनएस में फर्जी दस्तावेजों से अनुकम्पा नियुक्ति के तहत नौकरी करने वाले फरार आरोपी को दिनांक 14 अक्टूबर 2025 को थानसिंह एएसआई मय टीम ?द्वारा मुल्जिम सुन्दरलाल पुत्र रामजीलाल जाति ब्राह्मण उम्र 57 साल निवासी मैन बाजार मनियां थाना मनियां जिला धौलपुर को गिरफ्तार किया गया।

# गरीबी है मानवता के भाल पर बड़ा कलंक



ललित गर्ग

**आज दुनिया में लगभग सत्तर करोड़ लोग अत्यंत गरीबी में जीवन बिता रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र का लक्ष्य है कि 2030 तक अत्यंत गरीबी का अंत किया जाए, परंतु यह लक्ष्य अभी भी दूर प्रतीत होता है। युद्ध, जलवायु परिवर्तन, असमान आर्थिक नीतियाँ, जनसंख्या वृद्धि और बेरोजगारी ने गरीबी को नया रूप दिया है। अब गरीबी केवल रोटी की कमी नहीं, बल्कि अवसरों की असमानता और सामाजिक अन्याय का भी प्रतीक बन चुकी है।**



विश्व समुदाय हर वर्ष 17 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस के रूप में मनाता है। यह दिन केवल एक स्मरण नहीं, बल्कि मानवता के समक्ष खड़ी सबसे बड़ी चुनौती पर मंथन का अवसर है। सभ्यता के विकास, तकनीकी प्रगति, आर्थिक विस्तार और वैश्विक व्यापार के बावजूद आज भी करोड़ों लोग रोटी, कपड़ा, मकान, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत आवश्यकताओं से वंचित हैं। गरीबी एक आर्थिक स्थिति मात्र नहीं है, यह मनुष्य की गरिमा पर सबसे बड़ा आघात है-यह उसके सपनों, आत्मविश्वास और अस्तित्व को कुचलने वाला सामाजिक अभिशाप है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 1992 में गरीबी को खत्म करने के प्रयासों और संवाद को बढ़ावा देने के लिए इस दिन की घोषणा की थी। इसका उद्देश्य गरीबी में जी रहे लोगों के संघर्ष को स्वीकार करना और गरीबी के विभिन्न आयामों, जैसे कि आय की कमी, स्वास्थ्य और शिक्षा तक पहुँच की कमी आदि को संबोधित करना है। 2025 की थीम 'परिवारों के लिए सम्मान और प्रभावी समर्थन सुनिश्चित करके सामाजिक और संस्थागत दुर्व्यवहार को समाप्त करना' है। इस दिवस का उद्देश्य गरीबी और इसके कारणों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है, तथा गरीबी से जूझ रहे लोगों की समस्याओं को उजागर करना है।

आज दुनिया में लगभग सत्तर करोड़ लोग अत्यंत गरीबी में जीवन बिता रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र का लक्ष्य है कि 2030 तक अत्यंत गरीबी का अंत किया जाए, परंतु यह लक्ष्य अभी भी दूर प्रतीत होता है। युद्ध, जलवायु परिवर्तन, असमान आर्थिक नीतियाँ, जनसंख्या वृद्धि और बेरोजगारी ने गरीबी को नया रूप दिया है। अब गरीबी केवल रोटी की कमी नहीं, बल्कि अवसरों की असमानता और सामाजिक अन्याय का भी प्रतीक बन चुकी है। अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन कहते हैं-'गरीबी केवल आय का प्रश्न नहीं है, यह स्वतंत्रता की कमी है।' अर्थात जब किसी व्यक्ति के पास अपने जीवन को अपनी इच्छा के अनुसार ढालने के अवसर नहीं होते, तभी वास्तविक गरीबी जन्म लेती है। भारत ने पिछले कुछ दशकों में गरीबी घटाने के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। नीति आयोग के अनुसार, 2013-14 में जहाँ देश की 29 प्रतिशत आबादी बहुआयामी गरीबी में थी, वहीं 2019-21 तक यह घटकर लगभग 11 प्रतिशत रह गई। परंतु यह सफलता पूर्ण नहीं कही जा सकती, क्योंकि गरीबी का असर ग्रामीण इलाकों, दलितों, आदिवासियों और महिलाओं पर अभी भी अधिक है। गरीबी का सबसे बड़ा प्रभाव शिक्षा और स्वास्थ्य पर पड़ता है-जहाँ गरीब बच्चे स्कूल छोड़ने पर मजबूर होते हैं, वहीं परिवार बीमारी का खर्च नहीं उठा पाते। यह चक्र दर चक्र उन्हें फिर गरीबी में धकेल देता है। आजादी के अमृत काल में सशक्त भारत एवं विकसित भारत को निर्मित करते हुए गरीबमुक्त भारत के संकल्प को भी आकार देना होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार ने वर्ष 2047 के आजादी के शताब्दी समारोह के लिये जो योजनाएं एवं लक्ष्य तय किये हैं, उनमें गरीबी उन्मूलन के लिये भी व्यापक योजनाएं बनायी गयी है। विगत ग्यारह वर्ष एवं मोदी के तीसरे कार्यकाल में ऐसी गरीब कल्याण की योजनाओं को लागू किया गया है, जिससे भारत के भाल पर लगे गरीबी के शर्म के कलंक को धोने के सार्थक प्रयत्न हुए है एवं गरीबी की रेखा से नीचे जीने वालों को ऊपर उठाया गया है। वर्ष 2005 से 2020 तक देश में करीब 41 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए हैं तब भी भारत विश्व में एकमात्र ऐसा देश है जहां गरीबी सर्वाधिक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबी उन्मूलन के लिये उल्लेखनीय एवं सफलतम उपक्रम किये हैं, उन्होंने गरीबी को राष्ट्र निर्माण की केंद्र बिंदु नीति के रूप में प्रस्तुत किया। उनके नेतृत्व में सरकार ने गरीबी के खिलाफ लड़ाई को केवल कल्याण योजनाओं तक सीमित न रखकर आत्मनिर्भरता के आंदोलन में बदल दिया। जनधन-आधार-मोबाइल ट्रिनिटी ने गरीबों को औपचारिक बैंकिंग से जोड़ा, जिससे पारदर्शिता बढ़ी और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से करोड़ों परिवारों को सीधा लाभ मिला। प्रधानमंत्री आवास योजना ने गरीबों के सिर पर छत का सपना साकार किया और अब तक चार करोड़ से अधिक घरों का निर्माण हुआ है। उज्ज्वला योजना ने गरीब महिलाओं को धुएं से मुक्त जीवन दिया और यह योजना केवल गैस सिलेंडर नहीं, बल्कि समानता और सम्मान का प्रतीक बनी। आयुष्मान भारत और प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना ने महामारी के कठिन दौर में गरीबों को सुरक्षा कवच दिया, वहीं आत्मनिर्भर भारत अभियान ने गरीबी उन्मूलन का दीर्घकालिक रास्ता रोजगार, कौशल और स्वाभिमान के माध्यम से खोला। प्रधानमंत्री का यह कथन इस दृष्टिकोण को स्पष्ट करता है-'गरीबी को खत्म करने के लिए सरकार नहीं, समाज को भी संवेदनशील बनना होगा। जब हर गरीब का सपना हमारा सपना बनेगा, तभी समृद्ध भारत बनेगा।'

गरीबी केवल सरकारी योजनाओं से नहीं मिटेगी; इसके लिए एक व्यापक मानव-केंद्रित सोच की आवश्यकता है। शिक्षा को अधिकार नहीं, अवसर बनाना होगा, हर व्यक्ति को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण मिलना चाहिए। समान आर्थिक अवसरों की व्यवस्था होनी चाहिए ताकि शहरी और ग्रामीण भारत के बीच की खाई घटे। पूंजी का उद्देश्य केवल मुनाफा नहीं, बल्कि सामाजिक कल्याण भी होना चाहिए। साथ ही, महात्मा गांधी के शब्दों में, 'गरीबी सबसे बड़ी हिंसा है'-यह भावना हमारे सामाजिक चरित्र में उतरनी चाहिए। जब तक समाज करुणा और साझेदारी की भावना नहीं अपनाएगा, तब तक गरीबी का अंत संभव नहीं। भारत आज गरीबी उन्मूलन का एक आदर्श मॉडल प्रस्तुत कर रहा है-जहाँ विकास का अर्थ केवल जीडीपी नहीं, बल्कि गरीब का उत्थान है। यह संदेश दुनिया के लिए भी प्रेरणा है कि यदि सबसे बड़ा लोकतंत्र करोड़ों लोगों को गरीबी से ऊपर उठा सकता है, गरीब मुक्त भारत के सपने को आकार दे सकता है तो वैश्विक समुदाय भी एकजुट होकर यह कर सकता है। गरीबी केवल एक आर्थिक आंकड़ा नहीं, यह मानवता की परीक्षा है। जब तक दुनिया के किसी कोने में कोई व्यक्ति भूखा सोएगा, तब तक सभ्यता का विकास अधूरा रहेगा। अंतरराष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि 'सच्ची प्रगति वही है, जिसमें समाज के सबसे आखिरी व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान हो।' आज आवश्यकता है एक वैश्विक संकल्प की-'गरीबी नहीं, समानता हमारा धर्म बने।' जब हर राष्ट्र, हर समाज और हर व्यक्ति इस दिशा में जिम्मेदारी निभाएगा, तभी वह दिन आएगा जब गरीबी इतिहास का विषय होगी, वर्तमान का नहीं।

गरीबी व्यक्ति को बेहतर जीवन जीने में अक्षम बनाता है। गरीबी के कारण व्यक्ति को जीवन में शक्तिहीनता और आजादी की कमी महसूस होती है। गरीबी उस स्थिति की तरह है, जो व्यक्ति को अपनी इच्छानुसार कुछ भी करने में अक्षम बनानी है। गरीबी ऐसी त्रासदी एवं दुर्भाग्यपूर्ण परिस्थिति है जिसका कोई भी अनुभव नहीं करना चाहता। एक बार महात्मा गांधी ने कहा था कि गरीबी कोई दैवीय अभिशाप नहीं है बल्कि यह मानवजाति द्वारा रचित सबसे बड़ी समस्या है। भारत में गरीबी का मुख्य कारण बढ़ती जनसंख्या, कमजोर कृषि, भ्रष्टाचार, रूढ़िवादी सोच, जातिवाद, अमीर-गरीब में ऊंच-नीच, नौकरी की कमी, अशिक्षा, बीमारी आदि हैं। एक आजाद मुल्क में, एक शोषणविहीन समाज में, एक समतावादी दृष्टिकोण में और एक कल्याणकारी समाजवादी व्यवस्था में गरीबी रेखा नहीं होनी चाहिए। यह रेखा उन कर्णधारों के लिए शर्म की रेखा है, जिसको देखकर उन्हें शर्म आनी चाहिए। यहां प्रश्न है कि जो रोटी नहीं दे सके वह सरकार कैसी? जो अभय नहीं बना सके, वह व्यवस्था कैसी? जो इज्जत व स्नेह नहीं दे सके, वह समाज कैसा? जो शिष्य को अच्छे-बुरे का भेद न बता सके, वह गुरु कैसा?

गांधी, विनोबा एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने सबके उदय एवं गरीबी उन्मूलन के लिए 'अन्त्योदय' एवं 'सर्वोदय' की बात की। लेकिन राजनीतिज्ञों ने उसे निज्योदय बना दिया। जे. पी. ने जाति धर्म से राजनीति को बाहर निकालने के लिए 'संपूर्ण क्रांति' का नारा दिया। जो उनको दी गई श्रद्धांजलि के साथ ही समाप्त हो गया। 'गरीबी हटाओ' में गरीब हट गए। स्थिति ने बल्कि नया मोड़ लिया है कि जो गरीबी के नारे को जितना भुना सकते हैं, वे सत्ता प्राप्त कर सकते हैं। कैसे समतामूलक एवं संतुलित समाज का सुनहरा स्वप्न साकार होगा? कैसे मोदीजी का नया भारत निर्मित होगा?

## सिविल कोर्ट सितारगंज अधिवक्ता एसोसिएशन की आमसभा सम्पन्न

**रजिस्ट्रेशन, सदस्यता व विधिक कार्रवाई पर लिए गए अहम निर्णय।**

द डेस्प्रिंग



**सितारगंज / (दीपक भारद्वाज)** । अधिवक्ता एसोसिएशन सिविल कोर्ट सितारगंज की प्रथम आमसभा की बैठक आज 16 को एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट शिवकुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता एवं सचिव एडवोकेट महेंद्र चौधरी के संचालन में संपन्न हुई। बैठक में सचिव ने बताया कि एसोसिएशन का विधिवत रजिस्ट्रेशन चार सितंबर 2025 को कराया गया है जो तीन सितंबर 2030 तक वैध रहेगा तथा बार काउंसिल ऑफ उत्तरांचल से संबंधिकरण 30 सितंबर 2027 तक मान्य है। आमसभा में निर्णय लिया गया कि जो अधिवक्ता एसोसिएशन की सदस्यता लेना चाहते हैं, वे 31 अक्टूबर 2025 तक अध्यक्ष या सचिव के माध्यम से निशुल्क सदस्यता प्राप्त कर सकते हैं। बैठक में यह भी तय किया गया कि अवैधानिक एवं विधि-विरुद्ध रूप से संचालित संस्थाओं के विरुद्ध एसोसिएशन द्वारा विधिक कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर अध्यक्ष शिवकुमार त्रिपाठी, सचिव महेंद्र चौधरी, उपाध्यक्ष रवि सक्सेना, उपसचिव अमित रस्तोगी, कोषाध्यक्ष भगवत सिंह, लेखा परीक्षक गुरदेव सिंह बेदी सहित कार्यकारिणी सदस्य कमल कुमार जिंदल, ललित रस्तोगी, मनोरमा गुप्ता, विश्वजीत राय, राजकुमार विश्वास, ग़ालिब, फैसल, तान्या अग्रवाल, प्रकाश ढाली, राधेश्याम शर्मा, प्रदीप बिसेन, सुरजीत सिंह, मुशीर अहमद लारी, दीपक राणा, सौरभ सक्सेना, अरशद अली, अनंत प्रकाश शुक्ला, राजेश कुमार जायसवाल, वीरेंद्र सिंह रावत आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## हिंडाल्को रेनुसागर ग्रामीण विकास विभाग द्वारा सब्जी बीज वितरण कार्यक्रम संपन्न




द डेस्प्रिंग

सोनभद्र थाना अनपरा परिक्षेत्र में स्थित हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड, रेनुसागर के ग्रामीण विकास विभाग द्वारा किसानों के सतत् कृषि विकास एवं आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सब्जी बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रेनुसागर के आसपास के कई गाँवों से आए हुए  स्वंय सहायता समूह की महिलाओं को सब्जी बीज जैसे पालक, मूली, धनिया, फलगोभी, पत्तागोभी, टमाटर ,गाजर और बैगन के बीज वितरित किए गए।  कार्यक्रम के दौरान हिन्डाल्को रेनुसागर के प्रमुख, नगर प्रशासन विभाग कर्नल सुरेश नारायणन एवं  प्रमुख, सिविल विभाग सौम्य मिश्रा  ने संयुक्त रूप से ग्रामीण विकास की दिशा में इस पहल की सराहना की ।वही समूह के महिलाओं से सब्जी उत्पादन व उर्पाजन के बारे में चर्चा की। बीजों के उपयोग, खेत की तैयारी, और उन्नत कृषि तकनीकों के बारे में भी जागरूक किया। साथ ही जैविक खेती पर भी चर्चा की गई। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने के लिये सीएसआर रेनुसागर की भूमिका सराहनीय है। वही लाभार्थी महिलाओं ने उन्हें बताया कि सब्जी उत्पादन कर बाजार में बेचकर अपना पारिवारिक दायित्व निभा रही है व प्रतिदिन लगभग 300 रु. -400 रु. अर्जित कर लेती है, जिससे वे अपनी आर्थिक स्थिति व्यवस्थित करते हुए अपने बच्चों को शिक्षित कर रही है। समूह के महिलाओं ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि समय पर गुणवत्तापूर्ण बीज मिलना उनके लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। कार्यक्रम का संचालन कर रहे हिंडाल्को रेनुसागर के ग्रामीण विकास प्रमुख संजीव श्रीवास्तव ने कहा÷हमारा उद्देश्य सिर्फ बीज वितरण नहीं, बल्कि किसानों के जीवन स्तर में स्थायी सुधार लाना है। हम आगे भी ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कार्य करते रहेंगे। इस अवसर पर पवन यादव ईआर विभाग एवं  सुनील पुजारी ईएंडआई विभाग की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यकम को सफल बनाने में, राजनाथ यादव, सुनीता शर्मा, आशा तिवारी एवं रेखा का सहयोग सरहनीय रहा।

# पराली जलाने की आग में झुलसता उत्तर भारत



डॉ. प्रियंका सौरभ

हर वर्ष जब धान की कटाई का मौसम आता है, तब पंजाब और हरियाणा के खेतों से उठने वाला धुआँ आसमान को धुंध से भर देता है। यह केवल खेतों की आग नहीं होती, बल्कि भारत की कृषि नीति, आर्थिक असमानता और पर्यावरणीय असंतुलन की जलती हुई तस्वीर होती है। दिल्ली तथा उसके आस-पास के क्षेत्र इस धुएँ से ढक जाते हैं और वायु गुणवत्ता अत्यंत गंभीर स्तर तक पहुँच जाती है। कानूनी रूप से पराली जलाना प्रतिबंधित है, फिर भी किसान इसे हर साल दोहराते हैं क्योंकि इसके पीछे अनेक सामाजिक और आर्थिक कारण जुड़े हैं।

पराली जलाने का मूल कारण खेतों में बचा हुआ धान का ठूँठ होता है। जब धान की फसल कट जाती है, तब खेत में रह गए अवशेष को हटाने के लिए किसानों के पास न समय होता है न साधन। पंजाब और हरियाणा की कृषि व्यवस्था मुख्य रूप से धान और गेहूँ पर आधारित है। सन 1960 के दशक की हरित क्रांति ने इन राज्यों को देश का अन्न भंडार तो बना दिया, परंतु कृषि को एकरूपी और जल-प्रधान भी बना दिया। भूजल के अत्यधिक दोहन को रोकने के लिए सन 2009 में पंजाब में 'उप-जल संरक्षण अधिनियम' लागू किया गया, जिसके अंतर्गत धान की रोपाई जून के अंत तक करने का निर्देश दिया गया ताकि मानसूनी वर्षा का लाभ लिया जा सके। परिणामस्वरूप धान कटाई और गेहूँ की बुवाई के बीच केवल दस से बीस दिन का अंतर रह गया। इतने कम समय में किसान पराली को एकत्रित या सड़ाकर खेत तैयार नहीं कर सकते, इसलिए वे सबसे तेज और सस्ता उपाय-जलाना-चुन लेते हैं।

दूसरा बड़ा कारण आर्थिक है। पराली हटाने या निपटाने के लिए जो मशीनें चाहिए-जैसे सुपर स्ट्रॉ प्रबंधन प्रणाली, हैप्पी सीडर, बेलर या रोटावेटर-वे अत्यंत महँगी हैं। छोटे और सीमांत किसान जिनकी जोत तीन हेक्टेयर से भी कम है, वे इन मशीनों को खरीदने या किराए पर लेने में असमर्थ हैं। उदाहरण के लिए, हैप्पी सीडर का किराया लगभग दो से तीन हजार रुपये प्रति एकड़ पड़ता है, जबकि पराली जलाने में केवल माचिस और थोड़े डीजल का खर्च आता है। यही व्यावहारिकता इस समस्या को गहराई तक जकड़े हुए है।

तीसरा कारण पराली का कम उपयोग मूल्य है। पंजाब और हरियाणा में बोई जाने वाली अधिकतर धान की किस्में साधारण होती हैं, जिनमें सिलिका की मात्रा अधिक होती है। ऐसी पराली पशु चारे के रूप में प्रयोग योग्य नहीं होती और न ही इससे जैव ईंधन या खाद आसानी से बनाई जा सकती है। पूर्वी भारत के राज्यों में धान की पराली पशुओं के चारे के रूप में प्रयोग में आती है, परंतु पंजाब-हरियाणा में यह उपयोग सीमित है। इसीलिए यहाँ पराली किसानों के लिए किसी आर्थिक लाभ का साधन नहीं बन पाती।

चौथा कारण है श्रम की कमी और जोत का विखंडन। प्रवासी मजदूरों की संख्या घट रही है, और छोटे खेतों में मशीनरी लगाने की क्षमता नहीं है। समय की कमी और श्रमिकों के अभाव में किसान अगली फसल बोने की जल्दी में पराली को जला देते हैं।

सामाजिक दृष्टि से भी पराली जलाना वर्षों से एक स्वीकृत प्रक्रिया बन चुकी है। किसानों को यह लगता है कि खेत की सफाई का यही सबसे आसान और पारंपरिक तरीका है। कानूनों और जुर्मानों के बावजूद यह प्रथा इसलिए जारी है क्योंकि प्रवर्तन ढीला है और राजनीतिक दबावों के कारण प्रशासन कठोर कार्रवाई नहीं कर पाता। वर्ष 2023 में पंजाब में लगभग साठ हजार पराली जलाने की घटनाएँ दर्ज की गईं, जबकि जुमार्ना और निगरानी दोनों व्यवस्था में थे।

अब प्रश्न यह है कि इस समस्या का स्थायी समाधान क्या हो सकता है?

स्पष्ट है कि केवल प्रतिबंध या दंड इस समस्या को समाप्त नहीं कर सकते। आवश्यक है कि ऐसी रणनीति अपनाई जाए जो किसान की आजीविका और पर्यावरण संरक्षण दोनों को साथ लेकर चले।

पहला समाधान है फसल विविधीकरण। पंजाब और हरियाणा की भूमि लगातार धान-गेहूँ चक्र से थक चुकी है। जल स्तर भी नीचे जा रहा है। अतः मक्का, दलहन, तिलहन और बागवानी फसलों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। इन फसलों के लिए यदि सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य, बीमा सुरक्षा और निश्चित खरीद सुनिश्चित करे तो किसान धीरे-धीरे धान पर निर्भरता कम कर सकते हैं। हरियाणा की 'भावांतर भरपाई योजना' इस दिशा में एक अच्छा उदाहरण है, जिसमें किसानों को मूल्य अंतर की भरपाई दी जाती है।

दूसरा समाधान है यंत्रीकरण और साझा संसाधन। किसानों को मशीनें साझा उपयोग के लिए उपलब्ध कराई जाएँ। पंचायत या सहकारी समितियों के स्तर पर 'कस्टम हायरिंग केंद्र' स्थापित हों, जहाँ से किसान कम किराए पर हैप्पी सीडर या सुपर स्ट्रॉ प्रबंधन प्रणाली जैसी मशीनें ले सकें। केंद्र सरकार की 'फसल अवशेष प्रबंधन योजना' के अंतर्गत पंजाब और हरियाणा में एक लाख से अधिक मशीनें बाँटी गई हैं, पर इनकी पहुँच सभी किसानों तक नहीं हो पाई है। यदि हर गाँव में सामुदायिक यांत्रिक केंद्र बने, तो किसान पराली जलाने से बचेंगे।

तीसरा उपाय है पराली का औद्योगिक उपयोग। पराली को कचरा न मानकर एक संसाधन के रूप में देखा जाए। इससे जैव ऊर्जा, एथेनॉल, कागज, पैकेजिंग और निर्माण सामग्री तैयार की जा सकती है। उदाहरण के लिए, भारतीय तेल निगम की पानीपत जैव रिफाइनरी प्रतिवर्ष लगभग दो लाख टन पराली से एथेनॉल बनाती है। यदि इस प्रकार की परियोजनाएँ हर जिले में स्थापित हों तो पराली किसानों के लिए आय का स्रोत बनेगी और जलाने की आवश्यकता कम होगी। सरकार को परिवहन सहायता, खरीद अनुबंध और स्थायी बाजार उपलब्ध कराने की नीति बनानी चाहिए।

चौथा कदम होना चाहिए कृषि-पर्यावरणीय समय निर्धारण। धान की छोटी अवधि वाली किस्में जैसे पी.आर.-126 या डी.आर.आर. धान-44 अपनाने से किसानों को फसल कटाई और बुवाई के बीच कुछ अतिरिक्त दिन मिल सकते हैं। इस समय का उपयोग पराली प्रबंधन में किया जा सकता है। इसके साथ-साथ परिशुद्ध कृषि यानी सटीक तकनीकी साधनों का प्रयोग, जल-सिंचाई प्रणाली में सुधार और जैविक खाद उपयोग से भी पर्यावरणीय लाभ मिलेगा।

पाँचवाँ, सामुदायिक प्रोत्साहन और जनजागरूकता। पराली न जलाने वाले किसानों को आर्थिक प्रोत्साहन दिया जाए, गाँव स्तर पर प्रतियोगिता आयोजित हो और 'शून्य दहन ग्राम' घोषित किए जाएँ। दिल्ली, पंजाब और हरियाणा में 'पुसा डीकंपोजर' नामक जैविक घोल के प्रयोग से पराली को खेत में ही खाद में बदला जा रहा है। यदि इस तकनीक को बड़े पैमाने पर अपनाया जाए तो पराली जलाने की आवश्यकता नहीं बचेगी।

छठा, प्रशासनिक तालमेल और नीति-समन्वय। केंद्र तथा राज्य सरकारों के बीच सामंजस्य होना चाहिए ताकि कृषि, पर्यावरण और ऊर्जा विभाग एक साझा योजना के अंतर्गत काम करें। पराली प्रबंधन को ग्रामीण रोजगार योजना, जैव ऊर्जा मिशन और जलवायु परिवर्तन कार्यक्रमों से जोड़ा जा सकता है। उदाहरण के लिए, मनरेगा के अंतर्गत पराली एकत्रीकरण या जैव खाद इकाइयों में कार्य को रोजगार से जोड़ा जा सकता है।

सातवाँ, शहरी-ग्रामीण सहभागिता भी इस दिशा में उपयोगी होगी। दिल्ली जैसे महानगर जहाँ प्रदूषण का सबसे अधिक प्रभाव होता है, उन्हें अपने सामाजिक उत्तरदायित्व निधि के माध्यम से पंजाब-हरियाणा के किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान करनी चाहिए। इससे प्रदूषण के स्रोत और पीड़ित क्षेत्र के बीच साझा जिम्मेदारी की भावना विकसित होगी। इसके साथ-साथ तकनीकी निगरानी प्रणाली को भी सशक्त बनाना चाहिए।

# महाराष्ट्र और जम्मू कश्मीर के बाद बिहार- राहुल गांधी इंडिया गठबंधन को संभाल क्यों नहीं पा रहे हैं?



संतोष कुमार पाठक

2024 के लोकसभा चुनाव में सहयोगी दलों की मदद से कांग्रेस पार्टी ने बीजेपी को कड़ी टक्कर दी। तत्कालीन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लड़ने के लिए राहुल गांधी ने उस यूपीए के नाम को भी त्याग दिया जिसके बैनर तले कांग्रेस ने वर्ष 2004 से 2014 तक देश में राज किया था। लोकसभा चुनाव से पहले यूपीए की जगह पर राहुल गांधी ने सहयोगी दलों के साथ मिलकर एक नया मोर्चा बनाया जिसे इंडिया गठबंधन का नाम दिया गया।

लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद सहयोगी दलों के समर्थन के बल पर नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री तो बन गए लेकिन भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में पहली बार विपक्षी गठबंधन को इतनी ज्यादा सीटें दिलाने का श्रेय लेकर कांग्रेस ने राहुल गांधी को सर्वमान्य नेता के तौर पर स्थापित करने का प्रयास किया। कुछ हद तक कांग्रेस को अपने इस अभियान में कामयाबी मिलती भी दिखाई दी। वोट चोरी का अभियान चला कर और बिहार में वोटर अधिकार यात्रा निकाल कर राहुल गांधी अपने आपको विपक्षी इंडिया गठबंधन के नेता के तौर पर स्थापित करने में थोड़े बहुत कामयाब होते भी दिखाई दिए।

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं सपा मुखिया अखिलेश यादव से लेकर तमिलनाडु के वर्तमान मुख्यमंत्री एवं डीएमके सुप्रीमो स्टालिन तक से उनके व्यक्तिगत संबंध मजबूत होते नजर आए। जम्मू कश्मीर में भी विधानसभा चुनाव जीतने में राहुल गांधी और नेशनल कांफ्रेंस नेता उमर अब्दुल्ला की व्यक्तिगत केमिस्ट्री का जबरदस्त योगदान माना जाता है। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने तो खुलकर राहुल गांधी को इंडिया गठबंधन की तरफ से प्रधानमंत्री पद के लिए उम्मीदवार तक बता दिया।

लेकिन इन सबके बावजूद अचानक देश की राजनीति तेजी से बदलती हुई नजर आने लगी है। जम्मू कश्मीर में राज्यसभा सीट और विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस आमने-सामने आ गए है। जम्मू कश्मीर से राज्यसभा सांसदों के लिए होने वाले चुनाव में उमर अब्दुल्ला की पार्टी ने तीनों सेफ सीट पर अपने उम्मीदवार उतार दिए हैं और कांग्रेस को जो चौथी सीट ऑफर की है, उसे जीतना बहुत मुश्किल है। कांग्रेस पहले से ही इसे लेकर अपने सहयोगी दल से नाराज चल रही है वहीं अब विधानसभा की जिन 2 सीटों पर उपचुनाव होना है, उसे लेकर भी मामला फंसता हुआ ही नजर आ रहा है। राज्य में विधानसभा की 2 सीटों- बडगाम और नगरोटा में 11 नवंबर को चुनाव होना है। जम्मू कश्मीर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष तारिक हामिद कर्रा ने उमर अब्दुल्ला की पार्टी पर गठबंधन के सिद्धांतों का अनादर करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि वह राज्यसभा की एक सेफ सीट देने के अपने वादे से मुकर गई। कांग्रेस ने गठबंधन धर्म की याद दिलाते हुए सख्त शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा है कि या तो नेशनल कांफ्रेंस उन्हें विधानसभा की एक सीट दे या फिर कांग्रेस दोनों ही सीटों पर अपने उम्मीदवार उतार देगी।

महाराष्ट्र में भी विधानसभा चुनाव के समय से ही शुरू हुई खटास कम होने का नाम नहीं ले रही है। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद मोदी सरकार द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर और दुनिया भर में भेजे गए सांसदों के प्रतिनिधिमंडल को लेकर एनसीपी और कांग्रेस के सुर अलग-अलग तो नजर आए ही। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के जेल जाने के बाद इस्तीफे की बाध्यता वाले बिल पर गठित की जाने वाली जेपीसी में शामिल नहीं होने को लेकर भी कांग्रेस इंडिया गठबंधन में शामिल सहयोगी दलों को अपने साथ ला पाने में नाकामयाब होती नजर आ रही है।

वहीं बिहार का मामला तो राहुल गांधी के नेतृत्व की स्वीकार्यता को लेकर सबसे बड़ा झटका साबित होता हुआ नजर आ रहा है। एक तरफ आरजेडी है जिसके नेता तेजस्वी यादव ने खुल कर राहुल गांधी की प्रधानमंत्री पद की दावेदारी का समर्थन कर दिया है तो वहीं दूसरी तरफ राहुल गांधी है जो लगातार पूछे जाने के बावजूद भी तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित नहीं कर रहे हैं। जबकि राजनीतिक सच्चाई तो यही है कि बिहार में विपक्षी गठबंधन में आरजेडी सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। कांग्रेस और आरजेडी में सीटों के बंटवारे को लेकर भी घमासान मचा हुआ है। सहयोगी दलों के साथ कांग्रेस की यह खींचतान और महत्वपूर्ण मौकों पर राहुल गांधी की गैरमौजूदगी उनके नेतृत्व पर ही सवालिया निशान लगाती नजर आती है। पता नहीं राहुल गांधी इस तथ्य को समझ पा रहे हैं या नहीं और इससे भी बड़ा सवाल यह कि आखिर राहुल गांधी को इस तरह की सलाह कौन देता है कि उन्हें दिल्ली में होने के बावजूद तेजस्वी यादव से मुलाकात नहीं करनी चाहिए। केसी वेणुगोपाल और तेजस्वी यादव की जगह पर अगर राहुल सीधे तेजस्वी के साथ बैठकर बात करते तो शायद मामला इतना उलझता नहीं।

# डॉक्टर प्रांशी अग्रवाल ने दी दिवाली के दौरान बच्चों की सेहत की सुरक्षाः अस्थमा और एलर्जी से बचाव के लिए विशेषज्ञ की सलाह

द डेस्प्रिंग

**(अनुभव मोहन सक्सेना ब्यूरो बरेली)।** बाल एलर्जी एवं अस्थमा विशेषज्ञ,दिवाली का त्योहार रोशनी, मिठाइयों और उत्साह से भरा होता है, लेकिन वहीं यह बच्चों में अस्थमा और एलर्जी जैसी समस्याओं को भी बढ़ा सकता है। हर वर्ष इस समय, विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों में, वायु प्रदूषण अत्यधिक बढ़ जाता है, जिससे बच्चों को साँस की तकलीफ, एलर्जी और बार-बार अस्पताल जाने की नौबत आती है। बाल अस्थमा और एलर्जी विशेषज्ञ के रूप में, मैंने देखा है कि दिवाली के दौरान बच्चों में अस्थमा के दौरे और एलर्जी की शिकायतें तेजी से बढ़ जाती हैं। इनसे बचने के लिए अभिभावकों को कुछ जरूरी सावधानियां बरतनी चाहिए।



## दिवाली में अस्थमा और एलर्जी क्यों बढ़ती है?

दिवाली के समय पटाखों से निकलने वाले हानिकारक रसायन जैसे PM2.5, सल्फर डाइऑक्साइड, नाइट्रोजन डाइऑक्साइड आदि हवा को बेहद जहरीला बना देते हैं। ये सूक्ष्म कण फेफड़ों में जाकर कई समस्याएं पैदा करते हैं

साँस लेने में दिक्कत (व?हीजिंग)

लगातार खांसी

आंखों में जलन

त्वचा पर एलर्जी

नाक बहना या जाम होना (एलर्जिक राइनाइटिस)

बच्चों में ये समस्याएं अधिक होती हैं क्योंकि उनके फेफड़े पूरी तरह विकसित नहीं होते और वे वयस्कों की तुलना में तेजी से सांस लेते हैं।

## अभिभावकों के लिए विशेषज्ञ द्वारा सुझाई गई सावधानियां

1. पटाखों से दूर रखें

बच्चों को पटाखों से पूरी तरह दूर रखें। रोशनी, संगीत और पारंपरिक सजावट से घर में सुरक्षित रूप से दिवाली मनाएं।

2. प्रदूषण अधिक होने पर घर में रखें

सुबह और रात में जब AQI (वायु गुणवत्ता) सबसे ज्यादा खराब होता है, तब बच्चों को बाहर खेलने न भेजें।मोबाइल ऐप्स के माध्यम से त्त्ढ की जांच करें। यदि त्त्ढ 150 से ऊपर हो, तो बच्चों को घर के अंदर ही रखें।

3. एयर प्यूरीफायर और मास्क का उपयोग करें

बच्चों के कमरे में HEPA फिल्टर वाला एयर प्यूरीफायर लगाएं। बाहर जाते समय बच्चों को उनके साइज के N95 मास्क पहनाएं।

4. दवाइयों का नियमित सेवन जारी रखें

अस्थमा से ग्रस्त बच्चों को डॉक्टर द्वारा दी गई नियमित दवाइयां और इनहेलर जरूर देते रहें।

रिलीवर इनहेलर (जैसे सैल्बुटामॉल) को हमेशा अपने पास रखें।

त्योहारी व्यस्तता में दवाइयां न छोड़ें।

5. धूल और इत्र जैसी एलर्जी से सावधानी

दिवाली से पहले सफाई के दौरान बच्चों को धूल और परफ्यूम से दूर रखें।

अगरबत्ती, धूपबत्ती और कृत्रिम खुशबुओं से बच्चों को एलर्जी हो सकती है - इनका सीमित प्रयोग करें।

6. स्वस्थ खानपान और हाइड्रेशन

बच्चों को खूब पानी पिलाएं।

ठंडी चीज़ें और बहुत ज्यादा मिठाइयों से परहेज करें।

एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर फल जैसे सेब, अनार और संतरा दें।

7. टीकाकरण करवाना न भूलें

यदि आपका बच्चा अस्थमा ग्रस्त है, तो उसका फ्लू टीका जरूर दिलवाएं। मौसमी संक्रमण प्रदूषण के साथ मिलकर स्थिति को गंभीर बना सकता है।

## कब डॉक्टर से तुरंत संपर्क करें?

**यदि आपका बच्चाः-** बहुत तेजी से सांस ले रहा है,ठीक से बोल नहीं पा रहा है,होंठ या नाखून नीले हो रहे हैं,या इनहेलर बार-बार चाहिए हो रहा है (1 घंटे में 3 बार से ज्यादा), तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

एक सुरक्षित और हरित दिवाली की ओर कदम

दिवाली उत्सव का समय है, लेकिन इस दौरान हमें बच्चों की सेहत को प्राथमिकता देनी चाहिए। हरित दिवाली (Green Diwali) को अपनाकर हम न केवल अपने बच्चों को सुरक्षित रख सकते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक स्वच्छ वातावरण दे सकते हैं।

इस बार रोशनी और खुशी के साथ, सजगता और ज़िम्मेदारी से दिवाली मनाएं।

डॉ. प्रांशी अग्रवाल एक बाल चिकित्सा एलर्जी और अस्थमा विशेषज्ञ हैं, जिन्होंने प्रसिद्ध केजीएमयू लखनऊ से बाल चिकित्सा में एमडी की पढ़ाई पूरी की है, इसके बाद उन्होंने सर गंगाराम अस्पताल दिल्ली से बाल चिकित्सा एलर्जी और अस्थमा में सुपरस्पेशलाइजेशन किया है।

# गुलाब सलाट एक्शन एक्टर को मिला है पुरस्कार अभिनंदन पत्र

द डेस्प्रिंग

**नगराज वैष्णव ।** लोक गौरव राष्ट्रीय एकात्मता परिषद राष्ट्रीय एकता सन्मान महासोळा राज्यस्तरीय लोक सेवा गौरव अवार्ड मा.गुलाब सलाट एक्शन ऐक्टर को कार्यक्षेत्र व कला अभिनय के रूप मैं तारिक 12 अक्टूबर 2025 वाशी नवी मुंबई स्पेशल थैंक्स नासिर खान सर सलमा खान मैडम जी

## मुम्बई

गुजरात के आनंद जिले के एक साधारण परिवार में जन्मे गुलाब सलाट आज भारतीय सिनेमा के उभरते हुए एक्शन एक्टर के रूप में अपनी पहचान बना चुके हैं। गरीबी, संघर्ष और असफलताओं के बावजूद उन्होंने कभी हार नहीं मानी। उनके जीवन की कहानी हर उस युवा के लिए प्रेरणा है जो बड़े सपने देखता है, लेकिन हालात से हार मान लेता है।

**गुलाब को अब तक कई प्रतिष्ठित पुरस्कार मिल चुके हैं** – दिल्ली बॉलीवुड सिने रिपोर्टर अवार्ड, नागपुर गौरव महाराष्ट्र अवार्ड, मुंबई जन गौरव कार्य दर्पण अवार्ड, वडोदरा सिने मीडिया अवार्ड, और वाइब्रेंट गुजराती फिल्म अवार्ड। ये सम्मान उनके कठिन परिश्रम और प्रतिभा की पहचान हैं।










## संघर्ष की शुरुआत- तंबू से मुंबई तक का सफर

गुलाब के पिता तम्मा भाई सलाट बेहद गरीब थे और उन्होंने अपना पूरा जीवन एक खाट-तंबू में बिताया। लेकिन उन्होंने अपने बेटे के सपनों को कभी मरने नहीं दिया। बचपन से ही गुलाब फिल्मों की दुनिया से आकर्षित थे। मात्र 8 साल की उम्र में उन्होंने अपने पिता से कहा कि एक दिन वे फिल्मों में काम करेंगे। पिता ने बेटे के सपनों के लिए दिन-रात मेहनत की और उन्हें ऑल इंडिया वाडो काई कराटे दो अकादमी में दाखिला दिलाया। यहीं से गुलाब ने अपने जीवन की दिशा तय की – एक्शन और मार्शल आर्ट के जरिए फिल्मी दुनिया में नाम कमाना।

## हैदराबाद से मुंबई तक – मेहनत और धोखे की कहानी

डांस और जिमनास्टिक में माहिर होने के लिए गुलाब हैदराबाद गए, जहां उन्होंने एक साल की डिग्री हासिल की। इसके बाद उनके पिता उन्हें लेकर मुंबई पहुंचे ताकि उन्हें फिल्म में काम मिल सके।

**लेकिन किस्मत ने फिर परीक्षा ली** – एक डायरेक्टर ने गुलाब के पिता से ?15,000 ठग लिए और काम देने का वादा पूरा नहीं किया। निराश होकर पिता-पुत्र वापस आनंद लौट आए। कुछ समय बाद तम्मा भाई का निधन हो गया। यह गुलाब के जीवन का सबसे कठिन दौर था।

## संघर्ष से सफलता तक

पिता की मृत्यु के बाद गुलाब ने हिम्मत नहीं हारी। उन्होंने कराटे सिखाना शुरू किया, छोटे-छोटे शो किए और डांस प्रस्तुतियों से जो भी कमा सकते थे, उससे घर चलाया। उनके परिवार में दो भाई और दो बहनें थीं, और मां की तबीयत भी बिगड़ती जा रही थी।इन्हीं संघर्षों के बीच गुलाब ने निश्चय किया कि वे अपने पिता का नाम रोशन करेंगे। लगातार प्रयासों के बाद उन्हें टीवी सीरियल 'जय जय जग जननी दुर्गा मां जय बजरंगबली' में काम करने का अवसर मिला। इसके बाद फिल्मों में भी उनका सफर शुरू हुआ।अब एक्शन ही पहचान है ,गुलाब सलाट आज एक प्रशिक्षित एक्शन एक्टर हैं, जिन्होंने मार्शल आर्ट, कराटे, जिमनास्टिक, योगा, बॉडी स्टंट, ब्रेक डांस, लाठी, ननचाकू, तलवार, राइफल शूटिंग और फिल्मी अभिनय में महारत हासिल की है। उनका कहना है

## मैं अपने पिता का नाम रोशन करने का सपना जल्द ही पूरा करूंगा।

गुलाब सलाट की यह यात्रा न सिर्फ एक अभिनेता की कहानी है, बल्कि उस संघर्षशील भारतीय युवा की दास्तान है जो हालात से नहीं, बल्कि अपने हौसलों से लड़ता है।

**गुलाब सलाट** — मेहनत, लगन और आत्मविश्वास की जीवंत मिसाल"

# शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा जन जागरूकता अभियान का आयोजन

## जिस हाथ में बाइक चलाते वक्त हेलमेट टंगा है, उसी हाथ में शायद बहन ने राखी बांधी होगी। सुघड़ सिंह

द डेस्प्रिंग न्यूज़



**पाली ।** मस्तान बाबा सर्किल पर पुलिस उपअधीक्षक सुघड़ सिंह की उपस्थित में प्रादेशिक परिवहन विभाग पाली यातायात विभाग पाली के संयुक्त तत्वावधान मे आज गुरुवार को सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा जन जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से बाल वाहिनीयों के ड्राइवर्स को पम्फलेट के माध्यम से ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी गई।साथ ही शहर के सैकड़ों ऑटो, वाटर टैंकर्स एवं बाइक चालक के हेलमेट के पीछे रेडियम स्टिकर लगाकर दुर्घटना से बचने के उपाय बताए, सीएसआर मैनेजर फिरोज़ ख़ान ने उपस्थित लोगों से कहा कि हमें यातायात के नियमों का पालन करना चाहिए दुपहिया वाहन चालक हेलमेट अवश्य लगाएं घर से निकलते समय बाइक चालक मोबाइल के साथ हेलमेट को प्राथमिकता दे। सुघड़ सिंह ने शहर वासियों से कहा की सुरक्षित दीपावली खुशहाली की दीपावली मनाएं लेकिन ट्रैफिक के नियमों के साथ।आप सब अपने परिवार और देश की खुशहाली के प्रति संवेदनशील और सतर्क रहें। सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए हम सब मिलकर काम करें। तभी हमारा पाली जिला सड़क दुर्घटनामुक्त बन सकता है, इस अवसर पर समस्त उपस्थित आम जन ने संकल्प लिया कि वे बिना हेलमेट/सीट बेल?ट लगाये घर से नहीं निकलेंगे ।

# सरगरा समाज का द्वितीय विशाल रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

द डेस्प्रिंग

**पाली / भाद्राजून ।** चौराई पट्टी के अध्यक्षता मे द्वितीय विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित, भोरड़ा सरपंच पार्वती देवी चौधरी,विशिष्ट अतिथि समाज सेवी डॉक्टर सुरेश सागर,पूर्व सरपंच जितेंद्र सरगरा के द्वारा दीप प्रजवलित कर कार्यक्रम का सुभारम्भ किया गया। संस्था सचिव रतन मोडावास ने बताया कि पेमाराम संस्था अध्यक्ष एवं कार्यकर्ताओ सहित ने अतिथियों का माला-साफा पहनाकर स्वागत किया वही कार्यक्रम मे युवती -युवाओं ने बढ़-चढ़कर रक्तदान मे हिस्सा लिया,इस शिविर मे 100से अधिक युवती-युवाओं ने रक्तदान देकर सहभागीता निभाई। इस आयोजन को सफल बनाने मे भामाशाहों ने भी कोई कमी नहीं छोड़ी एक से बढ़कर "अनेखो ने योगदान दिया है। इसी बीच शिविर मे आये मुख्य अतिथि आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित ने कहाँ कि "रक्तदान देने से घबराएं नहीं" रक्तदान करने से नए रक्त का संचार होता है और रक्तदान देने से किसी की जिंदगी भी बच सकती है इसलिए सभी को समय -समय पर रक्तदान जरूर देना चाहिए। भामाशाहो के सहयोग द्वारा रक्तदान वीरों को माला -साफा पहना कर प्रस्तुति पत्र, मोमेंटो,बेग ओर हेलमेट देकर बहुमान किया यह कार्यक्रम चौरई पट्टी का ऐतिहासिक रहा है लोगों में उत्सुकता एवं जोश भरपूर नजर आया है आगामी दिनों में कई ऐसे शिविर का आयोजन करने के लिए प्रयास करेंगे




## इनका रहा शिविर मे सहयोग

हुकमाराम मोकलसर, कुइयांराम, तेजाराम परिहार, भाजपा नेता जितेंद्र कुमार जालोर,श्रवण कुमार (सरपंच, उत्तेसर),मदन अथरण्डी, पप्पू राम, मदन बावड़ी, जसाराम घाना, डॉ. पाबूराम सरगरा, डॉ. अनुसिया बिश्नोई, एल.टी. मनीष जाखड़ और रविन्द्र (जालोर ब्लड बैंक) ने अपनी सेवाएं दी इस मौके पर पर्वत भवरानी, गणेश सरगरा, गणपत नोसरा, राजेंद्र नोरवा, सांवल राम, गुलाब घाना, रमेश बाला, डूंगर राम खंडप, भंवरलाल बांकली, कालू राम बिजली, कानाराम धवल, बालूराम पवार खुंडवास,खिमाराम, तगाराम पुख्तारी, मदनलाल भोरड़ा, वार्ड पंच शोभा सरगरा, जोगनी देवी, आशा देवी, सुखी देवी इत्यादि रहे।

# नाबालिग किशोर को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में फरार चल रहे तीन आरोपी गिरफ्तार

## मारपीट से तंग दुःखी होकर नाबालिग किशोर ने पार्वती नदी में कूदकर कर ली थी आत्महत्या

धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग न्यूज़

**भरतपुर।** महानिरीक्षक पुलिस रेंज भरतपुर कैलाश चन्द्र विश्नोई व धौलपुर पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में व मनोज शर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला धौलपुर तथा राजेश शर्मा आरपीएस सीओ वृत्त मनियां के निकटतम सुपरविजन में थानाधिकारी रामकिशन यादव पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा नाबालिग किशोर को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में फरार तीन अभियुक्त 1- चोबसिंह उर्फ कलूटी पुत्र बाबूलाल जाति त्यागी उम्र 48 साल निवासी गांव सवलापुरा थाना राजाखेड़ा जिला धौलपुर 2- फेरन सिंह उर्फ भूरी सिंह पुत्र बाबूलाल जाति त्यागी उम्र 44 साल निवासी गांव सवलापुरा थाना राजाखेड़ा जिला धौलपुर 3- उदय सिंह पुत्र बाबूलाल जाति त्यागी उम्र 40 साल निवासी गांव सवलापुरा थाना राजाखेडा जिला धौलपुर को गिरफ्तार किया गया।

**घटना विवरण-** दिनांक 04 अगस्त 2025 को परिवादी ने एक तहरीर रिपोर्ट थाना पर उपस्थित होकर इस आशय पेश की कि मेरा धेवता बिटिया का लड़का श्यामू सिसौदिया नागर में ही मेरे घर पर रहता था और राधा स्वामी विधीपीठ विद्यालय बीच का पुरा में पढता था। दिनांक 02 अगस्त 2025 दिन शनिवार सुबह 8 एएम नागर से स्कूल पढने गया था। तो बीच रास्ते में श्रीराम रघु विधीपीठ स्कूल सबलापुरा के व्यवस्थापक भूरी सिंह स/ह बाबूलाल ने अपने भाईयों कलूठी, उदयसिंह स/ह बाबूलाल ग्राम सवलापुरा से निकलकर अपनी बिजली पर रोककर के इन्होंने श्यामू के साथ लात, घूसों, थप्पड़ से पिटाई की। बच्चे ने घर आकर मुझे ये घटना बताई और स्कूल साथ चलने के लिये कहा। उस समय में पूजा कर रहा था। तो मैंने कहा कि पूजा करने के बाद चलूगां तो श्यामू गुस्से में उसी समय घर से बाहर चला गया और अभी तक गायब है कोई पता नहीं है। जिस पर थाना पर धारा बीएनएस में मामला दर्ज कर अनुसंधान किया गया व गुमशुदा किशोर की तलाश की गई। तो उसके बाद गुमशुदा किशोर श्यामू की लाश पार्वती नदी में सोमनाथ मन्दिर के पास तैरती हुई मिली। तत्पश्चात मामले में अनुसंधान के बाद धारा बीएनएस एड की गई। थानाधिकारी रामकिशन यादव पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में टीम गठित कर फरार मुल्जिमों की तलाश वावत सम्भावित स्थानों पर सरगमी से तलाश कर दबिश दी गई। प्रकरण में किशोर को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में फरार तीन अभियुक्त चोब सिंह उर्फ कलूटी, फेरन सिंह उर्फ भूरी सिंह, उदय सिंह को गिरफ्तार किया गया। जिनसे अनुसंधान जारी है।



# सितारगंज का गौरव बढ़ाः ग्रीनवुड स्कूल के बच्चों ने नासा में किया भारत का नाम रोशन

## अमेरिका की 10 दिवसीय शैक्षिक यात्रा में अंतरिक्ष विज्ञान,

### तकनीकी नवाचार और अमेरिकी संस्कृति का लिया अद्भुत अनुभव

**सितारगंज / (दीपक भारद्वाज) ।** क्षेत्र के प्रतिष्ठित ग्रीनवुड पब्लिक स्कूल ने एक बार फिर सितारगंज का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। विद्यालय के कक्षा 9 से 12 तक के मेधावी छात्रों ने अमेरिका में आयोजित नासा स्पेस एजेंसी की 10 दिवसीय शैक्षिक यात्रा में भाग लेकर अंतरिक्ष विज्ञान, आधुनिक तकनीकी शोध और वैज्ञानिक नवाचारों की गहराइयों को करीब से जाना। इस यात्रा के लिए विद्यालय के छात्रों और प्रधानाचार्य डा. पुनीत गोयल का चयन नई दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास में हुए अंतिम साक्षात्कार के बाद किया गया, जो विद्यालय और पूरे जनपद के लिए गर्व की बात है।यात्रा के दौरान विद्यार्थियों ने फ्लोरिडा स्थित नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर में शटल लॉन्च सिम्युलेटर, सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण सत्र, आई-मैक्स 3डी अंतरिक्ष फिल्में, रॉकेट गार्डन, रोबोट स्काउट, अपोलो/सैटर्न सेंटर सहित अनेक उन्नत प्रोजेक्ट्स का अनुभव प्राप्त किया। नासा के वैज्ञानिकों से संवाद कर छात्रों ने अंतरिक्ष अन्वेषण और प्रौद्योगिकी की नई दिशाओं के बारे में ज्ञान अर्जित किया। इस दौरान उन्होंने विशाल रॉकेटों के लाइव प्रदर्शन और शैक्षिक कार्यशालाओं में भाग लेकर अपने करियर को नई दिशा देने की प्रेरणा ली।छात्रों ने इसके अलावा ऑरलैंडो के यूनिवर्सल स्टूडियो, सी वर्ल्ड, डिज्नी मैजिक किंगडम तथा न्यूयॉर्क शहर के मैनहट्टन, ब्रुकलिन, एलिस द्वीप, फ्रीडम टॉवर, स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी और टाइम्स स्क्वायर का भी भ्रमण किया, जिससे उन्हें अमेरिका की समृद्ध संस्कृति और आधुनिक जीवन शैली की झलक देखने को मिली। इस शैक्षिक यात्रा का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय टूर कम्पनी कंट्री टूर एंड ट्रेवल्स द्वारा किया गया।विद्यालय के प्रबंधक श्री गोपाल सिंह बिष्ट ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह विद्यालय और पूरे सितारगंज क्षेत्र के लिए अत्यंत गर्व का विषय है कि क्षेत्र के विद्यार्थियों ने वैश्विक स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि विद्यालय की अगली अंतरराष्ट्रीय शैक्षिक यात्रा जून 2026 में अमेरिका की सिलिकॉन वैली, लॉस एंजेल्स और पुनः नासा स्पेस एजेंसी के लिए आयोजित की जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि विद्यालय द्वारा हर वर्ष छात्रों को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से ऐसी शैक्षिक यात्राओं का आयोजन निरंतर किया जाएगा, जिससे छात्र न केवल वैश्विक दृष्टिकोण विकसित करें, बल्कि भारत का नाम भी विश्व पटल पर उज्ज्वल करें।




# सिविल कोर्ट सितारगंज अधिवक्ता एसोसिएशन की आमसभा सम्पन्न

## रजिस्ट्रेशन, सदस्यता व विधिक कार्रवाई पर लिए गए अहम निर्णय

द डेस्प्रिंग न्यूज़

**सितारगंज/ (दीपक भारद्वाज) ।** अधिवक्ता एसोसिएशन सिविल कोर्ट सितारगंज की प्रथम आमसभा की बैठक आज 16 को एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट शिवकुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता एवं सचिव एडवोकेट महेंद्र चौधरी के संचालन में संपन्न हुई। बैठक में सचिव ने बताया कि एसोसिएशन का विधिवत रजिस्ट्रेशन चार सितंबर 2025 को कराया गया है जो तीन सितंबर 2030 तक वैध रहेगा तथा बार काउंसिल ऑफ उत्तरांचल से संबंधिकरण 30 सितंबर 2027 तक मान्य है। आमसभा में निर्णय लिया गया कि जो अधिवक्ता एसोसिएशन की सदस्यता लेना चाहते हैं, वे 31 अक्टूबर 2025 तक अध्यक्ष या सचिव के माध्यम से निशुल्क सदस्यता प्राप्त कर सकते हैं। बैठक में यह भी तय किया गया कि अवैधानिक एवं विधि-विरुद्ध रूप से संचालित संस्थाओं के विरुद्ध एसोसिएशन द्वारा विधिक कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर अध्यक्ष शिवकुमार त्रिपाठी, सचिव महेंद्र चौधरी, उपाध्यक्ष रवि सक्सेना, उपसचिव अमित रस्तोगी, कोषाध्यक्ष भगवत सिंह, लेखा परीक्षक गुरदेव सिंह बेदी सहित कार्यकारिणी सदस्य कमल कुमार जिंदल, ललित रस्तोगी, मनोरमा गुप्ता, विश्वजीत राय, राजकुमार विश्वास, ग़ालिब, फैसल, तान्या अग्रवाल, प्रकाश ढाली, राधेश्याम शर्मा, प्रदीप बिसेन, सुरजीत सिंह, मुशीर अहमद लारी, दीपक राणा, सौरभ सक्सेना, अरशद अली, अनंत प्रकाश शुक्ला, राजेश कुमार जायसवाल, वीरेंद्र सिंह रावत आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।



### आतिशबाजी का धूंआ मौत का कुंआ' पत्रक का लोकार्पण

# दीपोत्सव को यज्ञ, घी-तेल के दीपों से मनाने का लिया संकल्प


## 'त्योहार जीवनदायिनी हैं, संकट में डालने वाले नहीं' - यशपाल 'यश'

द डेस्प्रिंग

**जयपुर।** शिव विहार कॉलोनी, मुहाना। ओउमाश्रय सेवा धाम में आज एक अनूठा और प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें अनेक संस्थाओं के कार्यकर्ताओं और श्रद्धालुओं की उपस्थिति में "आतिशबाजी का धूंआ मौत का कुंआ" शीर्षक पत्रक का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य दीपोत्सव को आतिशबाजी और प्रदूषण से मुक्त कर, यज्ञ एवं घी-तेल के दीपों की रोशनी में मनाने का संदेश देना रहा।

### वैदिक यज्ञ के साथ शुरू हुआ कार्यक्रम

ओउमाश्रय संस्थापक एवं वैदिक चिंतक यशपाल 'यश' ने वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ यज्ञ में आहुतियां दिलवाईं।
**उन्होंने कहा कि —>** "हमारी सनातन संस्कृति पर्व और त्यौहारों से प्राणशक्ति प्राप्त कर आनंदोत्सव मनाने की प्रेरणा देती है। त्योहारों को शोर, धुएं और विषैली गैसों से प्रदूषित करना अधर्म और नादानी है।"
यश ने सभी से आग्रह किया कि दीपावली पर गौमाता के घृत से यज्ञ करें, देशी घी के दीप जलाएं, और स्वस्थ वातावरण बनाने में योगदान दें।




### संदेश : स्वच्छ दीपावली - स्वास्थ्य की रखवाली

**यश ने कहा कि** आतिशबाजी से उत्पन्न धुआं और विषैली गैसें अस्थमा, श्वास रोगियों और बुजुर्गों के लिए घातक सिद्ध होती हैं।
**उन्होंने कहा कि ->** "त्योहार जीवनदायिनी होते हैं, हमें इन्हें किसी के जीवन के लिए संकट नहीं बनाना चाहिए।"

### कार्यक्रम में उपस्थित रहे

इस अवसर पर ओउमाश्रय परिवार के सदस्यों एवं अतिथियों में शामिल रहे -डॉ. शिवराम मणि त्रिपाठी, भगवानदास गर्ग (बाड़ी वाले), वावूलाल करीली (हिण्डोन), रत्तीराम गर्ग (महू), कमलेश अग्रवाल, श्रीमती गीता देवी, कौशलेश अग्रवाल, श्रीमती उर्मिला मित्तल, रमणलाल मंगल, श्रीमती सरोज देवी, डॉ. दिनेश गुप्ता, डॉ. क्रांति कुमार जैन (हेड ऑफ डिपार्टमेंट, फिजियोथेरेपी, ओस्लो - नॉर्वे), श्रीमती ऊषा जैन, गया चरण गुप्ता, श्रीमती प्रयाग देवी (सवलगढ़, म.प्र.), जगदीश गुप्ता, श्रीमती शकुंतला देवी गुप्ता, देवेश गोयल, श्रीमती सीमा गोयल, ध्रुव गोयल, श्रीमती पोलोमी, रघुवीर बहादुर गुर्जर, राजेन्द्र मीणा, राहुल, मोहित मंगल, आर.के. टिकियानी, डॉ. हरिचरण गुप्ता, श्रीमती मालती, श्रीमती कीर्ति आदि।

### मुख्य संकल्प

आतिशबाजी नहीं - दीप जलाएं
गौघृत से यज्ञ करें
स्वच्छ, स्वस्थ और संस्कारित दीपावली मनाएं
पर्यावरण और स्वास्थ्य की रक्षा करें
ओउमाश्रय सेवा धाम परिवार की ओर से "स्वच्छ, स्वस्थ और संस्कारित दीपावली" मनाने का सामूहिक संकल्प लिया गया।

# छात्रों ने किया आईटीआई कॉलेज का शैक्षिक भ्रमण

द डेस्प्रिंग

**सितारगंज (दीपक भारद्वाज)** पीएम श्री आदर्श राजकीय इंटर कॉलेज के कक्षा 9,10,11 एवं 12वीं के छात्रों ने व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत पढ़ाये जाने वाले ऑटोमोटिव विषय के तहत गवर्नमेंट आईटीआई कॉलेज सितारगंज का शैक्षिक भ्रमण किया। बच्चों ने आटोमोटिव प्रणाली के संबंध में होने वाले कार्यों को विस्तृत रूप से जाना कोऑर्डिनेटर श्री दीपेंद्र नेगी एवं विद्यालय के डॉ0 धर्मेन्द्र नाथ चौबे,व्यावसायिक शिक्षक श्री सचिन शर्मा व सलमान के नेतृत्व में राजकीय इंटर कॉलेज के कक्षा 9 ,10 ,11 एवं 12वीं के छात्रों ने गवर्नमेंट आईटीआई का शैक्षिक भ्रमण किया। छात्रों ने व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत शैक्षिक भ्रमण के दौरान आटोमोटिव के अंतर्गत आने वाले सभी कार्यों को विस्तृत रूप से जाना। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री शरद चंद्र पंत ने कहा कि इस भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को आटोमोटिव विषय में ज्ञान को अर्जित करना तथा विभिन्न प्रयोगो से अवगत कराना है।




# माधव विश्वविद्यालय में आयोजित श्रद्धांजलि सभा, नवजात शिशु योहान देसाई के आकस्मिक निधन पर संवेदनाएँ व्यक्त

द डेस्प्रिंग

**आबूरोड़।** माधव विश्वविद्यालय ने अपने परिसर में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की, जिसमें होमियोपैथी एवं अलाइड हेल्थ साइंसेज की निदेशक डॉ. भारती देसाई के नवजात शिशु योहान देसाई के आकस्मिक निधन पर विश्वविद्यालय परिवार ने गहरी संवेदनाएँ व्यक्त कीं। योहान देसाई का जन्म 29 सितम्बर को हुआ था। इस मौके पर विश्वविद्यालय के प्रशासन, शिक्षक, कर्मचारी और छात्र-छात्राओं ने दिवंगत शिशु के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी ने डॉ. भारती देसाई और उनके परिवार के प्रति संवेदनाएँ व्यक्त कीं और परिवार को इस कठिन समय में सहन शक्ति और हिम्मत प्रदान करने की कामना की। डॉ. भारती देसाई समाज में जानी-मानी चिकित्सक और समाजसेवी हैं। उनके परिवार को यह अपूरणीय क्षति विश्वविद्यालय समुदाय और समाज के लिए स्तब्ध करने वाली है। सभा में उपस्थित लोगों ने कहा कि इस समय परिवार को भावनात्मक और सामाजिक समर्थन देना अत्यंत आवश्यक है। छोटे योहान का जीवन भले ही केवल कुछ ही दिनों का रहा, लेकिन उनकी मासूमियत और पवित्र आत्मा ने सभी के दिलों को छू लिया।



# फिनीलूप ने चलाया गीले कचरे से मटका खाद बनायो अभियान

द डेस्प्रिंग

**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर जयपुर के वार्ड 78 सूर्य नगर के वार्ड अध्यक्ष श्री राजकुमार सैनी वार्ड पार्षद श्री रवि उपाध्याय और रहवासियों श्री निरंजन पटेल , रामकुमार उपाध्याय,उर्मिलादेवी,शंकर बाबू जैसे 10 लोगों को फिनीलूप टीम द्वारा खाद बनाने की विधि बताकर सूर्यनगर , श्री गोपाल नगर और गणेश कालोनी में रमाशंकर दास द्वारा डोर टू डोर घर-जाकर होम कंपोस्टिंग का महत्व समझाया। उन्होंने बताया कि घर में पेड़ पौधों से निकलने वाले सूखे पत्ते, किचन में से निकलने वाले ग्रीनवेस्ट (फल-सब्जियों के छिलके और बचे हुए खाने) से मटका खाद बनाया जा रहा है। इस खाद को घर के ही बगीचों और गमलों में इस्तेमाल भी कर रहे हैं। फिनीलूप सिटी लीड योगेश शर्मा ने बताया कि लोग गीला और सूखा कचरा सेग्रीगेट भी करें और गीले कचरे से होम कंपोस्टिंग भी करें। उन्होंने कहा कि यदि ये प्रक्रिया शहर के हर घर में शुरू हो जाएगी, तो इससे ग्रीन गार्बेज भी कम इकट्ठा होगा और स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 में भी इसके अच्छे अंक मिलेंगे।




### बैठक के बाद शुरू हुई पीआर-131 धान की खरीद

# राइस मिलर्स, कच्चे आढ़ती और किसानों के बीच वार्ता हुई

द डेस्प्रिंग

**सितारगंज (दीपक भारद्वाज),** । किसानों और व्यापारियों के बीच गुरुवार को हुई बैठक के बाद कच्चे आढ़तियों ने पीआर-131 धान की खरीद पर सहमति जता दी। बैठक के दौरान किसानों और आढ़तियों के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। मंडी समिति कार्यालय में एसएमओ विनय चौधरी, मंडी सचिव विनोद चंद्र पलड़िया की मौजूदगी में राइस मिलर्स, कच्चे आढ़ती और किसानों के बीच वार्ता हुई। राइस मिलर्स ने बताया कि पीआर-131 धान से सरकार के मानकों के अनुसार कम चावल निकलता है, जिससे खरीद में दिक्कत आ रही थी। अंततः प्रति कुंतल अतिरिक्त कटौती पर सहमति बनने के बाद कच्चे आढ़तियों ने खरीद शुरू कर दी। बैठक के दौरान किसानों और आढ़तियों के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। किसानों ने अधिकारियों से मांग की कि धान खरीद पूरी तरह शासन की नियमावली के अनुसार हो। सहमति बनने के बाद मंडी में पहुंचे किसानों की ट्रॉलियों की खरीद शुरू कर दी गई। बैठक में गुरसेवक मोहार, नवतेज पाल आदि मौजूद रहे।



### पूर्व विधायक नारायण पाल ने दिया सांकेतिक धरना

सितारगंज पूर्व विधायक नारायण पाल ने दिया सांकेतिक धरना सितारगंज। पूर्व विधायक नारायण पाल ने गुरुवार को एसएमओ कार्यालय के बाहर सांकेतिक धरना दिया। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों की आय दोगुनी करने की बात तो करती है, लेकिन धान की खरीद एमएसपी पर नहीं हो रही है। उन्होंने सभी किसानों की उपज एमएसपी पर खरीदने की मांग की और इस संबंध में अधिकारियों से वार्ता की।

# किसान की फसल के साथ घटतौली 36 कुंतल धान हजम

### कृषि मंडी और राइस मिलर के कांटे में निकला अंतर




द डेस्प्रिंग

**सितारगंज (दीपक भारद्वाज)।** कच्ची आढ़ती के धर्मकांटे में किसान के धान में घटतोली का मामला सामने आया हैं। कृषि उत्पादन मंडी समिति के धर्मकांटे में किसान की उपज का जो वजन दर्शाया गया था। राइस मिलर के धर्म कांटे में उपज तौलने पर लगभग 36 कुंतल का अंतर सामने आया हैं। जिसको लेकर किसान के होश उड़ गए हैं। इस दौरान पीड़ित किसान के साथ राइस मिलर के लोगों ने बदसलूकी भी की हैं। मामले में किसान भयभीत हैं।

# पुलिस ने पांच दिन से लापता युवक को दुर्गा मंदिर से सुरक्षित किया डिटेन

द डेस्प्रिंग

**दौसा/मनोज खंडेलवाल** जिले में कानून और सुरक्षा व्यवस्था की साख बनाए रखते हुए पुलिस ने गुरुवार को सुबह करीब 9.30 बजे एक महत्वपूर्ण और तेज़ कार्रवाई करते हुए गुमशुदा युवक को सुरक्षित डिटेन किया। सूचना राजस्थान पत्रिका दौसा के संवाददाता रोशन जोशी ने टेलीफोन पर दी कि एक व्यक्ति दुर्गा मंदिर में मौजूद है। सूचना मिलते ही ड्यूटी ऑफिसर रामकल्याण ने अपनी टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुंचकर युवक को डिटेन किया। पूछताछ में युवक अपने नाम, पता और परिजनों के बारे में कोई जानकारी देने में असमर्थ रहा। पुलिस ने तत्काल राजकोप एप के माध्यम से फोटो मिलान किया, जिससे युवक की पहचान और उसके परिवार के संबंध में अहम जानकारी मिली।थाना कोतवाली दौसा के मिश्रीलाल ने तुरंत थानाधिकारी मौजमाबाद, रामवतार चौधरी से संपर्क कर पुष्टि कराई। थानाधिकारी ने बताया कि युवक के परिजन पिछले पांच दिनों से उसकी बरामदगी के लिए थाने पर धरना दे रहे थे।गठित टीम ने तत्पर कार्रवाई करते हुए शिवराम हैड कानि 410 व पूजा कवंर मकानि 2442 को सुरक्षित सुपुर्द किया। इस कार्रवाई में मिश्रीलाल ने विशेष भूमिका निभाई, जबकि रामकल्याण और प्रेमचंद कांस्टेबल ने टीम संचालन और बरामदगी में महत्वपूर्ण योगदान दिया। टीम में विमला महिला कांस्टेबल ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई।



# महवा पुलिस की बड़ी सफलता: सात साल से फरार स्थायी वारंटी लक्ष्मन बैरवा गिरफ्तार

## 138 एनआई एक्ट का लंबित मामला सुलझा

द डेस्प्रिंग

**दौसा/मनोज खंडेलवाल ।** महवा थाना पुलिस ने जिले में कानून व्यवस्था और न्यायपालिका की प्रतिष्ठा बनाए रखने के लिए एक महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए सात वर्षों से फरार चल रहे स्थायी वारंटी लक्ष्मन बैरवा को गिरफ्तार किया है। यह वारंटी 138 एनआई एक्ट के तहत लंबित न्यायालयीय मामले में न्यायालय में उपस्थित नहीं होने के कारण जारी स्थायी वारंट पर फरार था। महवा पुलिस की इस कार्रवाई ने वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन और टीम वर्क की उत्कृष्टता का प्रतीक साबित किया। थाना महवा के थानाधिकारी राजेंद्र कुमार मीना के नेतृत्व में हुई इस गिरफ्तारी में वृताधिकारी महवा मनोहरलाल मीना आरपीएस की सक्रिय निगरानी और मार्गदर्शन शामिल रहा। गिरफ्तार वारंटी लक्ष्मन बैरवा पुत्र रघुनाथ बैरवा, उम्र 47 वर्ष, निवासी बैरवा मोहल्ला, रामगढ़, थाना महवा, जिला दौसा है। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट महवा द्वारा जारी स्थायी वारंट के तहत उसे आज दिनांक 15.10.2025 को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। इससे न्यायपालिका के लंबित मामले में बड़ी सफलता हासिल हुई है। थाना महवा की टीम ने इस कार्रवाई में उत्कृष्ट समन्वय और कानून की सख्ती का परिचय दिया। इस टीम में थानाधिकारी राजेंद्र कुमार मीना के साथ रविंद्र कुमार हैड कांस्टेबल, अनिल कुमार हैड कांस्टेबल, राजेश कुमार कांस्टेबल और धीरज चालक शामिल रहे।



### किसान परिवार की बेटी निकिता खिलेरी ने किया कमाल

# दूसरे प्रयास में बनीं आरएएस आईबीएस स्कूल में हुआ भव्य स्वागत

द डेस्प्रिंग

**सुजानगढ़।** मलसीसर गांव की बेटी निकिता खिलेरी ने राजस्थान प्रशासनिक सेवा (आरएएस) परीक्षा में 523वीं रैंक हासिल कर अपने परिवार और गांव का नाम रोशन किया है।पैतृक गांव मलसीसर पहुंचने पर ग्रामीणों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। जिस आईबीएस स्कूल में निकिता ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की थी, वहां के निदेशक रूपाराम धेतरवाल और प्रिंसिपल सुरेश महला ने पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं साफा पहनाकर सम्मानित किया।निकिता ने दसवीं तक की पढ़ाई आईबीएस स्कूल मलसीसर से की, बारहवीं तक सीकर में अध्ययन किया और ग्रेजुएशन एनआईटी कुरुक्षेत्र (हरियाणा) से किया। उन्होंने बताया कि यह उनका दूसरा प्रयास था।निकिता एक शिक्षित और सरकारी सेवा में कार्यरत परिवार से हैं,चार बहनों में एक टीचर, एक एलडीसी और एक एईएन हैं, जबकि उनका भाई टीचर के पद पर कार्यरत है।निकिता ने कहा कि उन्होंने सेल्फ स्टडी पर विशेष ध्यान दिया। मेन्स परीक्षा के दौरान वे रोजाना आठ से दस घंटे अध्ययन करती थीं। उन्होंने बताया कि इंटरव्यू की तैयारी के लिए पहले खुद को मानसिक रूप से मजबूत करना आवश्यक होता है। इंटरव्यू में उनसे ट्रंप डिप्लोमेसी से संबंधित सवाल पूछा गया था।इस अवसर पर रतनलाल शर्मा, जगदीश भामू, विक्रम बीरड़ा, हेतराम खिलेरी, जगदीश सेवदा, दशरथ सिंह, भवानी दान, कालूराम खिलेरी, तुलछाराम खिलेरी, घनश्याम, विनोद शर्मा, प्रेमलता खीचड़, मीनाक्षी, बद्रीलाल आचार्य, पवन धेतरवाल, किशनलाल, बाबूलाल सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन चंद्रप्रकाश शर्मा ने किया।




# रानी में एक मजदूर की संदिग्ध अवस्था में मौत

द डेस्प्रिंग

**रानी स्टेशन।** रानी के रामलाल पुत्र जेठाराम भील जो पिछले कई वर्षो से लगातार भाटिया फैक्ट्री के घर मे जो वहां मजदूरी करता था जहां कल सुबह करीबन 11 से 12 बजे के बीच संधिग्त स्थिति में धर में मौत हो गई है फैक्ट्री मालिक द्वारा बॉडी को हॉस्पिटल पहुंचा दिया गया है डॉ की टीम पुलिस मौके पर पहुंची पोस्टमार्टम नहीं हुआ पीड़ित परिवार शव को लेने से मना कर दिया गया ओर पीड़ित परिवार धरने पर बैठ गए इसकी निष्पक्ष जांच व आर्थिक मुआवजे की मांग रखी गई और कहा कि परिवार में यह एक मात्र सदस्य था जो मजदूरी करके परिवार का जीवन यापन करता था इस परिवार में 1 लड़का है जो अभी 16 वर्ष का है और 2 लड़की है अब परिवार में कमाने वाला कोई नहीं है परिवार सामाजिक संगठनों के साथ हॉस्पिटल में धरने पर बैठा है न्याय की मांग के लिए परिवार के साथ राजस्थान संग्रह भील वर्ग आरक्षण मंच जिलाध्यक्ष जगदीश भील सादड़ी गोडवाड आदिवासी भील समाज कमेटी देसूरी बाली ब्लॉक अध्यक्ष रमेश कुमार भील फालना सचिव प्रकाश कुमार भील सरथुर भरत भील लाटाडा भील आर्मी तहसील अध्यक्ष महेंद्र मेघवाल रानी पुनाराम भील रानी मदन लाल भील रानी आदि पीड़ित परिवार के साथ धरने पर बैठे हैं कानूनी कार्रवाई की मांग रखी गई ।



# 'दीपोत्सव- 9वाँ हुनर मेला का भव्य आयोजन

द डेस्प्रिंग

**बहरोड़/ हवासिंह चौधरी ।** जन जागृति संस्थान के तत्वाधान में शरबती देवी दिव्यांग सशक्तिकरण केंद्र, जो दिव्यांगों को रोजगार से जोड़ने के लिए निशुल्क आवासीय केंद्र का संचालन कर रही है तथा पिछले 9वर्षों से दिव्यांग सशक्तिकरण के क्षेत्र में निरंतर कार्यरत है, के द्वारा आज "दीपोत्सव - 9वां हुनर मेला" का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में महंत मोनीनाथ मसूदपुर धाम (गुरुग्राम) उपस्थित रहे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व सरपंच भूप सिंह चौधरी ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुई। इसके पश्चात केंद्र के बच्चों ने सुंदर गायन एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें उपस्थित सभी अतिथियों एवं दर्शकों ने सराहा। महंत मोनीनाथ ने संस्था द्वारा दिव्यांग बच्चों के उत्थान हेतु किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए बच्चों की मेहनत और प्रतिभा को देखकर आश्चर्य और प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने बच्चों का मुंह मीठा कराकर उनका उत्साहवर्धन किया।विशिष्ट अतिथि भूप सिंह चौधरी ने भी संस्था के कार्यों की सराहना की तथा भविष्य में संस्था के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।अंत में संस्था की संचालिका द्वारा सभी अतिथियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया और यह संकल्प लिया गया कि संस्था आगे भी दिव्यांग बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगी। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष रवि कुमार, जयप्रकाश महिपाल शास्त्री, आसाराम, मुकेश कुमार धनिया, गजराज, रणवीर अध्यापक, रिंकू यादव आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे




# रोशनी व सफाई व्यवस्था को लेकर वार्ड 1 से 5 के ग्रामीणों ने एसडीएम व ईओ को सौंपा ज्ञापन

द डेस्प्रिंग

**मंडावर /मनोज खंडेलवाल ।** नगरपालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर 1 से 5 तक के ग्रामीणों ने अंधेरे में डूबे इलाकों और लगातार बढ़ती पैंथर की हलचल से चिंतित होकर गुरुवार को प्रशासन के दरवाज़े खटखटाए। ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी अमित कुमार वर्मा और नगरपालिका मंडावर के कार्यवाहक ईओ प्रकाशचंद मीना को संयुक्त रूप से ज्ञापन सौंपते हुए पूरे क्षेत्र में तत्काल सड़क लाइटें लगाने और सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि वार्ड नंबर 1 से 5 तक के इलाकों में वर्षों से रोडलाइट की व्यवस्था नहीं है। रात के समय पूरा क्षेत्र घने अंधेरे में डूब जाता है, जिससे राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसी अंधेरे का फायदा उठाकर जंगली जानवर, खासकर पैंथर, आबादी वाले हिस्सों तक पहुंच जाते हैं। ग्रामीणों ने कहा कि पिछले कुछ दिनो से पैंथर को भी देखा गया है। जिससे महिलाएं-बच्चे भय के साए में हैं, लोग शाम ढलते ही घरों में कैद हो जाते हैं। ज्ञापन में ग्रामीणों ने मांग की कि लच्छीदासजी मंदिर परिसर (वार्ड नं. 3), शीतला माता मंदिर प्रांगण और वार्ड नं. 4 में स्थित मीणा श्मशान घाट पर हाई मास्क लाइटें तत्काल लगाई जाएं ताकि अंधेरे में छिपा खतरा खत्म हो सके और लोग सुरक्षित आवाजाही कर सकें। साथ ही वार्ड 4 स्थित श्मशान घाट क्षेत्र में सफाईकर्मी झाड़ू तो लगाते हैं लेकिन कचरे के ढेर को उठाया नहीं जाता, जिससे बदबू और गंदगी से लोगों का जीना दूभर हो गया है। ग्रामीणों ने नगरपालिका प्रशासन से इस स्थान पर नियमित कचरा उठाने और साफ-सफाई व्यवस्था को सख्ती से लागू करने की अपील की। ग्रामीणों ने कहा कि दीपावली जैसे रोशनी के पर्व पर मंडावर पालिका के ये पांच वार्ड अंधेरे में डूबे हैं। इसे लेकर ग्रामीणों ने एसडीएम और ईओ से आग्रह किया कि इन सभी समस्याओ को प्राथमिकता पर लेकर शीघ्र समाधान कराया जायें।



## संक्षिप्त समाचार

### नेपाल में प्रतिनिधि सभा की फिर स्थापना के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका

**काठमांडू, एजेंसी।** प्रतिनिधि सभा के विघटन के खिलाफ नेपाल के सुप्रीम कोर्ट में लगातार रिट दायर हो रहे। कानून व्यावसायियों के अनुसार अब तक 10 रिट पंजीकरण के लिए प्रस्तुत की जा चुकी हैं। मंगलवार सुबह से अधिवक्ता प्रेमराज सिलवाल, कृतिनाथ शर्मा पौडेल, युवराज सफल पौडेल, विपना शर्मा, आयुष बडाल और मकबुल मियां समेत कई अधिवक्ताओं ने ये रिट सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की हैं। रिट में प्रधानमंत्री सुशीला कार्की की नियुक्ति को असांविधानिक बताया गया है। साथ ही असांविधानिक रूप से नियुक्त प्रधानमंत्री के निर्णयों को रद्द करने की मांग की गई है। रिट में यह भी अनुरोध किया गया है कि प्रधानमंत्री और सरकार के निर्णयों के कार्यान्वयन पर रोक लगाने के लिए अंतरिम आदेश जारी किया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार से नई रिट और मामलों का पंजीकरण शुरू किया है, जिसके साथ ही प्रतिनिधि सभा विघटन के खिलाफ ये रिट दाखिल की गई हैं। गौरतलब है कि 9 सितंबर को जेन–जी प्रदर्शन के दौरान सुप्रीम कोर्ट परिसर में आगजनी की घटना हुई थी, जिससे भवन को नुकसान पहुंचा था।

### चीनी स्कूल में हिंदी की पढ़ाई, राजदूत ने शिक्षिका को किया सम्मानित

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन में स्कूल स्तर पर पहली बार हिंदी की औपचारिक पढ़ाई शुरू हुई है। इस पहल के शुरू होने पर चीन में भारत के राजदूत प्रदीप कुमार रावत ने शंघाई में भारत के महावाणिज्य दूत प्रतीक माथुर के साथ मिलकर ब्रिटानिका इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल की शिक्षिका भव्या मेहता का सम्मान किया। भव्या मेहता कीर्ति चक्र विजेता ब्रिगेडियर रवि दत्त मेहता की बेटी हैं। यह पहल विश्वविद्यालय कार्यक्रमों से परे हिंदी की पहुंच का विस्तार करती है।

### चीन का द. कोरियाई कंपनी की 5 अमेरिकी इकाइयों पर प्रतिबंध

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने दक्षिण कोरियाई जहाज विनिर्माता हनव्हा ओशन की 5 इकाइयों से चीनी कंपनियों के लेनदेन पर रोक लगा दी है। मंत्रालय ने कहा, वह विश्व जहाज विनिर्माण में चीन के बढ़ते प्रभुत्व की अमेरिका द्वारा की जा रही जांच की तहकीकात कर रहा है। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के जहाजों पर नए बंदरगाह शुल्क लगाए हैं।

### ब्रिटेन में अब वीजा आवेदकों के लिए कठिन होगी परीक्षा

**लंदन, एजेंसी।** सरकार ने भारत सहित अन्य देशों के वीजा आवेदकों के लिए अंग्रेजी भाषा की अनिवार्य परीक्षा को मंगलवार को और कठिन बनाने की शर्तें पेश कीं। ब्रिटेन में बढ़ते आव्रजन पर कार्रवाई के तहत संसद में यह प्रस्ताव रखा गया। अंग्रेजी की यह नई परीक्षा ब्रिटेन के गृह विभाग की तरफ से आयोजित होगी। आठ जनवरी, 2026 से सभी कुशल श्रमिकों के लिए आगामी वीजा आवेदन प्रक्रिया के हिस्से के रूप में परिणामों का सत्यापन किया जाएगा। वीजा आवेदक का अंग्रेजी बोलने, सुनने, पढ़ने और लिखने का स्तर ए–लेवल अथवा 12वीं कक्षा के समकक्ष होना चाहिए, जिसे लेवल बी–2 कहा जाता है।

### इक्वाडोर की व्यस्त सड़क पर पिकअप ट्रक में विस्फोट, एक की मौत

**इक्वाडोर, एजेंसी।** इक्वाडोर के बंदरगाह शहर गुआयाकिल की एक व्यस्त सड़क पर मंगलवार शाम एक पिकअप ट्रक में विस्फोट हो गया, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो अन्य घायल हुए। गुआयाकिल अग्निशमन विभाग के मेजर जॉर्ज मोंटेनेरो ने स्थानीय टेलीविजन स्टेशन को बताया कि मारा गया व्यक्ति एक कैब ड्राइवर था, जो कि धमाके वाली जगह के पास में ही था। उन्होंने आगे कहा कि पुलिस आसपास के इलाके में सभी वाहनों की भी जाँच कर रही है। मोंटानेरो ने कहा, हम एहतियात के तौर पर पूरी इमारत खाली करा रहे हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या यह कार बम हो सकता है, उन्होंने कहा कि उन्हें पुलिस की जांच का इंतजार करना होगा। उन्होंने कहा, हमें नहीं पता, लेकिन एक सामान्य कार इस तरह नहीं फटती। 2023 में इक्वाडोर में एक राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार की हत्या के बाद हिंसा बढ़ने के कारण कई कार बम विस्फोट हुए थे। गवर्नर हम्बर्टो प्लाजा ने मंगलवार के विस्फोट को साफ–साफ आतंकवाद बताया और वादा किया कि पुलिस इसके लिए ज़िम्मेदार लोगों को ढूंढ निकालेगी। उन्होंने कहा, हम इसके जिम्मेदार लोगों को पकड़ेंगे और उन्हें इसकी कीमत चुकानी होगी। इन लोगों पर आतंकवाद का मुकदमा चलाया जाएगा।

## हमास के लड़ाकों ने गाजा की सड़कों पर फिर मचाया कोहराम, हथियार लहराते हुए बंदियों को ले गए



**गाजा, एजेंसी।** गाजा में संघर्षविराम के बीच हमास ने सड़कों पर दोबारा नियंत्रण करने की कोशिश की है। इसके लिए अभियान भी चलाया है। इस दौरान हमास के लड़ाकों ने कई संदिग्ध अपराधियों को मार गिराया। हमास ने इसे कानून-व्यवस्था बहाल करने की दिशा में कोशिश बताया है। हालांकि इस कार्रवाई से एक ओर स्थानीय लोगों में राहत की भावना दिखी है, वहीं दूसरी ओर यह संघर्षविराम को अस्थिर करने वाला कदम भी साबित हो सकता है। हमास अब भी अपने हथियार नहीं डालने के फैसले पर अड़ा हुआ है।


इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि हमास ने कई बुरे गिरोहों को खत्म किया है। ईमानदारी से कहूं तो इससे मुझे कोई आपत्ति नहीं। हालांकि उन्होंने दोहराया कि हमास को अपने हथियार डालने होंगे और अगर नहीं किया तो हम उन्हें निहत्था करेंगे। ट्रंप की मध्यस्थता से लागू संघर्षविराम योजना के तहत हमास को निरस्त्र होकर सत्ता एक अंतरराष्ट्रीय निगरानी निकाय को सौंपनी है, लेकिन वह प्रक्रिया अभी शुरू नहीं हुई है।

इजरायल के हमलों के बाद पिछले महीनों में गाज़ा में कानून-व्यवस्था लगभग खत्म हो गई थी। हमास के सुरक्षा बलों के हटने के बाद स्थानीय गिरोहों और प्रभावशाली परिवारों ने कब्जा जमाना शुरू कर दिया था, जिन पर मानवीय सहायता लूटने और उसकी कालाबाजारी करने के आरोप हैं। पिछले हफ्ते हमास ने डॉगमश परिवार से जुड़े एक गिरोह पर धावा बोला, जिसमें लगभग दो दर्जन लोग मारे गए। मृतकों में एक स्थानीय पत्रकार और हमास नेता के बेटे के भी शामिल होने की खबर है।

हमास से जुड़े टेलीग्राम चैनलों ने दावा किया कि मारे गए लोग सहयोगी और गद्दार थे जो इजरायल से मिले हुए थे। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में हमास बलों को आठ लोगों को सरेआम गोली मारते हुए दिखाया गया। इस घटना की मानवाधिकार संगठनों (अल मेजान सेंटर फॉर ह्यूमन राइट्स और पैलेस्टीनियन इंडिपेंडेंट कमीशन फॉर ह्यूमन राइट्स) ने कड़ी निंदा की है।

कई नागरिकों ने इस कार्रवाई को सामान्य जीवन की शुरुआत कहा है। उत्तरी गाजा के एक स्वास्थ्यकर्मी सईद अबू एलाइश ने कहा, हमने दो साल बाद पुलिस को सड़कों पर देखा है। कुछ सुरक्षा लौटती दिख रही है। वहीं, इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने संकेत दिया है कि अगर हमास ने शांतिपूर्ण तरीके से हथियार नहीं डाले तो सैन्य कार्रवाई फिर शुरू की जा सकती है। हमास के गृह मंत्रालय ने एक सप्ताह के लिए आम माफी की घोषणा की है, जिसमें कहा गया है कि जिन गिरोह सदस्यों का हाथ हत्या में नहीं है वे आत्मसमर्पण कर अपना रिकॉर्ड साफ कर सकते हैं। कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक सुरक्षा या नागरिकों के अधिकारों से खिलवाड़ नहीं करेगा। यह अंतिम चेतावनी है। हमास का कहना है कि वह रॉकेट जैसे आक्रामक हथियार सौंप सकता है, लेकिन आत्मरक्षा के लिए हल्के हथियार रखना चाहता है। विश्लेषकों का मानना है कि अगर ये गिरोह और हमास दोनों हथियारबंद बने रहे तो गाज़ा में युद्धविराम से शांति तक का सफर बहुत कठिन हो सकता है।

## टाइम मैगजीन के कवर पर छपी अपनी फोटो को लेकर हुए नाराज डोनाल्ड ट्रंप



**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टाइम मैगजीन के कवर पर छपी अपनी फोटो को लेकर नाराज हैं। उन्होंने इसे अब तक की सबसे घटिया तस्वीर बताते हुए नाराजगी व्यक्त की है। ट्रुथ सोशल पर अपनी भड़ास निकालते हुए ट्रंप ने कहा कि मैगजीन ने उनके बारे में तो बेहतरीन लेख छापा है, लेकिन साथ ही शायद अब तक की सबसे खराब फोटो भी लगा दी। ट्रंप ने आगे कहा कि इस फोटो में उनके बालों को गायब कर दिया गया है और सिर के ऊपर एक विचित्र सी चीज तैरती हुई दिख रही है, जो किसी छोटे से मुकुट जैसी लगती है। यह बेहद अजीबोगरीब है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि उन्हें कभी नीचे से ली गई फोटो पसंद नहीं आई, लेकिन यह तो बेहद खराब है। इसे जरूर बताना चाहिए ताकि वे समझ सकें कि वे क्या कर रहे हैं। दरअसल, टाइम के कवर पर ट्रंप आत्मविश्वास से भरी नजरों से आगे देखते नजर आ रहे हैं, और इसका कैप्शन है- हिज ट्रायम्फ यानी उनकी जीत। यह मिडिल ईस्ट में ट्रंप की सफलता को दर्शाता है। उन्हें गाजा में युद्धविराम कराने और इजरायल व फिलिस्तीनी उग्रवादी संगठन हमास के बीच बड़े पैमाने पर बंधक-कैदी एक दूसरे को सौंपे गए। यह कवर फोटो गाजा युद्धविराम समझौते की सफलता और उसके बाद मिस्र के लाल सागर के रिसॉर्ट शर्म अल-शेख में हुए हस्ताक्षर की पृष्ठभूमि में आई है। इस घटना के बाद इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू समेत कई वैश्विक नेता ट्रंप को 2026 के नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित करने की मांग कर रहे हैं। ट्रंप इस साल का नोबेल शांति पुरस्कार हासिल करने से चूक गए थे, जो वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो को मिला। अमेरिकी राष्ट्रपति का दावा है कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान संघर्ष समेत आठ युद्धों को समाप्त कराया है। गौरतलब है कि यह पहला मौका नहीं है जब ट्रंप ने टाइम मैगजीन पर तंज कसा हो। फरवरी में उन्होंने मैगजीन का मजाक उड़ाया था।

## मैक्सिको में बाढ़ से पूरा गांव बहा, 60 से ज्यादा लोगों की मौत, दर्जनों अभी भी लापता

**मैक्सिको सिटी, एजेंसी।** मैक्सिको में बाढ़ और भूस्खलन से भारी तबाही मची हुई है। बाढ़ के चलते 400 लोगों का एक पूरा गांव नक्शे से साफ हो गया है और कई इलाकों का संपर्क टूट गया है। लोग ऊंचे इलाकों पर फंसे हुए हैं और उन्हें सुरक्षित निकाला जा रहा है। सेना के हजारों जवान और नागरिक कार्यकर्ता लोगों को बचाने और सड़कों को फिर से शुरू करने के काम में जुटे हैं। मैक्सिको सरकार ने पुष्टि की है कि बाढ़ और भूस्खलन से अब तक 64 लोगों की मौत हो चुकी है और दर्जनों अभी लापता हैं। एक पीड़िता ने बताया कि कुछ नहीं बचा, सबकुछ तबाह हो गया। पुल, मकान, सड़कें सबकुछ चला गया है।

अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि दूर-दराज के इलाकों में सैंकड़ों से लेकर हजारों तक लोग लापता हैं और भारी तबाही की आशंका है। मैक्सिको के पश्चिमी तट पर दो उष्णकटिबंधीय तूफानों के मिलने की वजह से मैक्सिको में भारी बारिश हुई। इससे नदियां उफान पर हैं और पहाड़ी इलाकों में भूस्खलन हो रहा है। मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने बताया कि सरकार की प्राथमिकता सड़कों को फिर से खोलना और हवाई ब्रिजों को सुरक्षित करना है, जिससे लोगों को राशन की आपूर्ति हो सके और उन्हें सुरक्षित बचाया जा सके।

**तीन राज्य सबसे ज्यादा प्रभावित :** सरकार और सेना द्वारा लोगों को बचाने की भरसक कोशिश की जा रही है, लेकिन कई लोगों ने मिलकर खुद ही बचाव की कोशिशें शुरू कर दी हैं। कई लोगों ने अमेरिका में रहने वाले अपने रिश्तेदारों से मदद मांगी है, जिन्होंने किराए पर हेलीकॉप्टर लेकर लोगों को बचाया। दरअसल भारी तबाही से कई इलाके संपर्क से कट गए हैं और वहां पहुंचने के लिए सेना के जवानों को पहुंचने के लिए 6-7 घंटे पैदल चलकर जाना पड़ रहा है। मैक्सिको के वेराक्रूज, हिडाल्गो और पुएबला राज्यों में बाढ़ ने भारी तबाही मचाई है। हिडाल्गो में ही करीब एक लाख घर तबाह हुए हैं। वेराक्रूज में 29 लोगों की मौत हुई है। वेराक्रूज में बीते चार दिनों में 24 इंच बारिश हुई है। वेराक्रूज के गवर्नर ने बताया कि राज्य में करीब तीन लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं।

## चार्ली किर्क की हत्या पर टिप्पणी करना पड़ा भारी, अमेरिकी सरकार ने छह विदेशियों के वीजा रद्द किए



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी विदेश विभाग ने मंगलवार को छह विदेशियों के वीजा रद्द कर दिए क्योंकि इन लोगों ने रूढ़िवादी कार्यकर्ता चार्ली किर्क की हत्या के बारे में सोशल मीडिया पर टिप्पणी की थी। वीजा रद्द करने की यह घोषणा ऐसे समय में की गई जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने किर्क को मरणोपरांत अमेरिका के सर्वोच्च नागरिक सम्मान, प्रेसिडेंशियल मेडल ऑफ फ्रीडम से सम्मानित किया। यह सम्मान किर्क के 32वें जन्मदिन पर दिया गया।

**अमेरिकी विदेश विभाग ने जारी किया बयान :** अमेरिकी विदेश विभाग ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में कहा, अमेरिका उन विदेशियों की मेजबानी करने के लिए बाध्य नहीं है जो अमेरिकियों की मृत्यु की कामना करते हैं। जिन लोगों के वीजा रद्द किए गए हैं, उनमें दक्षिण अफ्रीका, अर्जेंटीना, मेक्सिको, ब्राजील, जर्मनी और पेराग्वे के लोग शामिल हैं। विदेश विभाग ने बताया कि अर्जेंटीना के जिस नागरिक का वीजा रद्द किया गया है, उसने चार्ली किर्क पर नस्लवादी, जेनोफोबिक (विदेशियों से नफरत करने वाला), स्त्री द्वेषी बयानबाजी प्रसारित करने का आरोप लगाया था। वहीं जर्मनी के व्यक्ति ने लिखा कि जब फासीवादी मरते हैं तो डेमोक्रेट शिकायत नहीं करते।

**अवैध अप्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही ट्रंप सरकार :** चार्ली किर्क की बीते महीने यूटा यूनिवर्सिटी में एक कार्यक्रम के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। चार्ली किर्क दक्षिणपंथ समर्थक और राष्ट्रपति ट्रंप के करीबी थे। अमेरिकी विदेश विभाग ने बताया कि वे चार्ली किर्क की हत्या पर खुशी जताने वाले लोगों की पहचान कर रहे हैं। जनवरी में सत्ता पर काबिज होने के बाद से ही ट्रंप प्रशासन द्वारा अवैध अप्रवासियों को निशाना बनाया जा रहा है। साथ ही सोशल मीडिया पर की जाने वाली टिप्पणियों को लेकर भी निशाना बनाया जा रहा है। राष्ट्रपति ट्रंप ने मंगलवार को अपने करीबी चार्ली किर्क को मरणोपरांत अमेरिका का सर्वोच्च नागरिक सम्मान प्रेसिडेंशियल मेडल ऑफ फ्रीडम प्रदान किया। साथ ही ट्रंप ने किर्क को सत्य और स्वतंत्रता के लिए शहीद बताया। ट्रंप ने किर्क की तुलना सुकरात, सेंट पीटर, अब्राहम लिंकन और मार्टिन लूथर किंग से की। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में आयोजित इस समारोह में यह भी संकल्प लिया कि वे कट्टरपंथी वामपंथी समूहों के खिलाफ अपनी कार्रवाई को दोगुना कर देंगे, जिसे उन्होंने किर्क की गोलीबारी के बाद शुरू किया था।

## डोनाल्ड ट्रंप का शटडाउन पर बड़ा एलान- हम डेमोक्रेट पार्टी के शुरू किए सरकारी कार्यक्रमों को बंद कर रहे

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शटडाउन के बीच डेमोक्रेट्स पार्टी के सपोर्ट से होने वाले प्रोग्राम को बंद करने का एलान किया है। रिपोर्ट्स के अनुसार प्रशासन की ओर से आदेश जारी कर दिए गए हैं और बंद होने वाले कार्यक्रमों की सूची भी जल्द जारी होने की सूचना है। डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार (14 अक्तूबर) को घोषणा करते हुए कहा कि प्रशासन चल रहे सरकारी शटडाउन का इस्तेमाल डेमोक्रेट समर्थित संघीय कार्यक्रमों को स्थायी रूप से समाप्त करने के लिए कर रहा है। उन्होंने आगे कहा कि बंद होने वाले कार्यक्रमों की सूची शुक्रवार को जारी की जाएगी। डोनाल्ड ट्रंप ने अपने बयान में कहा, शटडाउन के कारण डेमोक्रेट्स की हार हो रही है, क्योंकि हम उन डेमोक्रेट कार्यक्रमों को बंद कर रहे हैं, जिनका हम विरोध करते थे और अब किसी कीमत पर वापस नहीं आने दिया जाएगा।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने बयान में आगे कहा कि इसलिए हम वो काम कर पा रहे हैं, जो हम पहले नहीं कर पाते थे। हम उन डेमोक्रेट कार्यक्रमों को बंद कर रहे हैं, जिन्हें हम बंद करना चाहते थे या जिन्हें हम कभी नहीं होने देना चाहते थे, और अब हम उन्हें बंद कर रहे हैं, और हम उन्हें वापस नहीं आने देंगे।

**रिपब्लिकन कार्यक्रम बंद नहीं होंगे- ट्रंप :** बंद होने वाले कार्यक्रमों में ऐसे कई कार्यक्रम शामिल हैं, जिन्हें डोनाल्ड ट्रंप ने समाजवादी और अर्ध-साम्यवादी करार दिया है। व्हाइट हाउस से बोलते हुए डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि इस सूची में कई ऐसे कार्यक्रम शामिल होंगे, जिन्हें उन्होंने समाजवादी और अर्ध-कम्युनिस्ट बताया है। उन्होंने कहा, हम शुक्रवार को इनकी एक सूची जारी करेंगे, जिसमें कुछ सबसे गंभीर समाजवादी, अर्ध-साम्यवादी शायद पूर्ण साम्यवादी नहीं, हम इसे न्यूयॉर्क के लिए बचा रहे हैं, लेकिन अर्ध-साम्यवादी कार्यक्रमों को बंद किया जाएगा, और हम उन्हें बंद कर रहे हैं। हम रिपब्लिकन कार्यक्रमों को इसलिए बंद नहीं कर रहे हैं क्योंकि हमें लगता है कि वे कारगर हैं।

**हजारों कर्मचारियों को नौकरी से निकाला :** इससे पहले मंगलवार को व्हाइट हाउस के प्रबंधन एवं बजट कार्यालय ने कहा था कि वह अतिरिक्त कर्मचारियों की संख्या में कटौती या आरआईएफ के साथ बंद को खत्म करता रहेगा। यह कदम इस बात का संकेत है कि ट्रम्प प्रशासन संघीय कर्मचारियों की संख्या में कटौती जारी रखने की योजना बना रहा है, क्योंकि पिछले हफ्ते सात संघीय एजेंसियों के हजारों कर्मचारियों को उनकी नौकरी जाने की सूचना दी गई थी।

## पाकिस्तान-अफगान में फिर हिंसक झड़प, तालिबान का दावा- 7 पाक सैनिक मारे



**काबुल/ इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान सुरक्षा बलों और अफगान तालिबान के बीच मंगलवार रात को फिर झड़पें हुईं। एपी के मुताबिक, खैबर पख्तूनख्वा के कुर्रम जिले में सीमा पर दोनों पक्षों के बीच तनाव बढ़ गया है। इससे पहले पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने चेतावनी दी थी कि अफगानिस्तान के साथ दुश्मनी भरा माहौल है। इस्लामाबाद और काबुल में किसी भी वक्त संघर्ष शुरू हो सकता है। आसिफ ने कहा था, संघर्ष की संभावना को नकारा नहीं जा सकता। अगर अफगानिस्तान धमकी देता है, तो हम तुरंत जवाब देंगे। इस लड़ाई में दोनों पक्षों ने एक दूसरे के पोस्ट पर कब्जा करने का दावा किया है। साथ ही टैंकों के नुकसान की भी खबर है। पाकिस्तानी सरकारी मीडिया ने तालिबान पर बिना उकसावे के पहली गोली चलाने का आरोप लगाया। वहीं, अफगानिस्तान समर्थित सोशल हैंडल ने दावा किया कि अफगान सुरक्षा बलों ने पाकिस्तान में उन जगहों को निशाना बनाया है जहां से अफगानिस्तान के लिए खतरा पैदा होता है। इसके साथ ही 7 पाकिस्तानी सैनिकों के मारे जाने की भी बात कही। पाकिस्तान का दावा- तालिबान चौकियों को भारी नुकसान पाकिस्तान ने सूत्रों ने दावा किया है कि पाकिस्तान के हमले में कई तालिबान चौकियों को भारी नुकसान पहुंचा और उनकी चौकियों से आग की लपटें उठती देखी गई पाकिस्तानी पीटीवी न्यूज ने बताया, अफगान तालिबान और फितना अल-खवारिज ने कुर्रम में बिना वजह गोलीबारी की। पाकिस्तानी सेना ने पूरी ताकत से जवाब दिया।

दावा किया गया कि पाकिस्तान की जवाबी गोलीबारी में एक तालिबानी टैंक नष्ट हो गया, जिससे हमलावर अपनी चौकियां छोड़कर इलाके से भागने पर मजबूर हो गए। वहीं, काबुल का दावा है कि वह अपनी हवाई सीमा और संप्रभुता के उल्लंघन का जवाब दे रहा है। पाकिस्तानी सेनाएं हाई अलर्ट पर सूत्रों के अनुसार पाकिस्तानी सेनाएं हाई अलर्ट पर हैं और किसी भी हमले का जवाब देने के लिए पूरी तरफ से तैयार है। वहीं अफगानिस्तान समर्थित वॉर ग्लोब न्यूज ने एक वीडियो जारी करते हुए दावा किया कि तालिबान के एक ड्रोन ने पख्तूनख्वा के सीमावर्ती इलाकों में एक पाकिस्तानी सैन्य अड्डे पर विस्फोटक किया।

## शेरबहादुर देउबा ने छोड़ी नेपाली कांग्रेस की कार्यकारी जिम्मेदारी, पूर्णबहादुर खड़का को सौंपी कमान

**काठमांडू, एजेंसी।** करीब एक दशक तक नेपाली कांग्रेस का नेतृत्व संभालने वाले और पांच बार नेपाल के प्रधानमंत्री बने शेरबहादुर देउबा ने मंगलवार से औपचारिक रूप से पार्टी की कार्यकारी भूमिका से विदाई ली है। आगामी 15वें महाधिवेशन में कांग्रेस पार्टी का विधान उन्हें दोबारा उम्मीदवार बनने की अनुमति नहीं देता। हालांकि, देउबा ने खुद केंद्रीय कार्य समिति की बैठक में घोषणा की कि अब वह सभापति पद के लिए उम्मीदवार नहीं होंगे।

महाधिवेशन संपन्न कराने की जिम्मेदारी उन्होंने उप सभापति पूर्णबहादुर खड़का को सौंपी है, जो अब कार्यकारी सभापति के रूप में पार्टी का नेतृत्व करेंगे। जिम्मेदारी हस्तांतरित करते हुए देउबा ने स्पष्ट संकेत दिया कि वे अब पूर्ण रूप से कार्यकारी भूमिका से अलग हो चुके हैं। नेपाल मे जेनजी आंदोलन के कारण देश की राजनीति में आई हलचल ने देउबा को समय पूर्व नेतृत्व से विदा होने के लिए बाध्य किया। आंदोलन से पहले उनकी योजना थी कि नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एमाले)-नेपाली कांग्रेस, गठजोड़ के तहत जून 2026 में छठी बार नेपाल के प्रधानमंत्री बनने के बाद ही कांग्रेस पार्टी की महाधिवेशन कराएं। आंदोलन के बाद उन्होंने सुरक्षित रास्ता अपनाते हुए नेतृत्व हस्तांतरण का निर्णय लिया। परंतु पार्टी के भीतर बढ़ते दबाव ने उन्हें तुरंत पद छोड़ने की स्थिति में ला खड़ा किया। कांग्रेस के महासचिव विश्वप्रकाश शर्मा और गगन थापाले सार्वजनिक रूप से देउबा से नेतृत्व त्यागने का आग्रह किया था।



**देउबा अब भी पार्टी सभापति, लेकिन कार्यकारी भूमिका समाप्त हो गई :** 52 प्रतिशत से अधिक महाधिवेशन प्रतिनिधियों ने विशेष महाधिवेशन की मांग पर हस्ताक्षर भी किए, जिससे पार्टी के भीतर परिवर्तन की लहर और तेज हुई। बढ़ते दबाव के बीच देउबा ने अंततः कार्यकारी पद से हटने का निर्णय लिया। तकनीकी रूप से देउबा अब भी पार्टी सभापति हैं, लेकिन कार्यकारी रूप में उनकी भूमिका समाप्त हो गई है। छह दशक से अधिक लंबे राजनीतिक जीवन में यह उनका कार्यकारी पद पर आखिरी दिन माना जा रहा है। देउबा पांच बार नेपाल के प्रधानमंत्री रह चुके हैं। हालांकि, बार बार सत्ता में आने के बावजूद उनकी कार्यशैली और उपलब्धियों पर सवाल उठते रहे। आलोचकों ने उन पर सुशासन स्थापित न कर पाने और राजनीतिक अव्यवस्था बढ़ाने का आरोप लगाया है।

**अपने प्रधानमंत्रित्व काल की उपलब्धियों को किया याद :** केंद्रीय कार्य समिति के बैठक में लिखित वक्तव्य के माध्यम से देउबा ने अपने प्रधानमंत्रित्व काल की उपलब्धियों को याद किया और आरोपों का खंडन किया। उन्होंने कहा, - मुझे पांच बार प्रधानमंत्री बनने का अवसर मिला, भले ही कार्यकाल छोटे रहे। अधिकांश समय मैंने चुनावी सरकारों का नेतृत्व किया, लेकिन कई क्षेत्रों में सुधार की दिशा में हमने महत्वपूर्ण कदम उठाए। देउबा के विदा लेने के बावजूद पार्टी के भीतर यह संशय बना हुआ है कि उनके सहयोगियों के प्रभाव में विधान द्वारा तय समय सीमा के भीतर महाधिवेशन होगा या नहीं। कई कांग्रेस नेताओं का मानना है कि उनके आसपास मौजूद गुटबंदी अब भी प्रक्रिया को प्रभावित कर सकती है।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले एकदिवसीय में रोहित, विराट सहित इन खिलाड़ियों का खेलना तय




**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय टीम अभी एकदिवसीय और टी20 सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया में है। भारतीय टीम को पहला एकदिवसीय 19 अक्टूबर को पर्थ में खेलना है। इसके लिए भारतीय टीम की अंतिम ग्यारह में अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली और सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा की जगह तय मानी जा रही है। ये दोनो ही बल्लेबाज करीब छह महीने के बाद खेलते नजर आयेंगे।

पहले एकदिवसीय में पारी की शुरुआत रोहित और कप्तान शुभमन गिल करेंगे।

ऐसे में यशस्वी जायसवाल को पहले मैच में बाहर बैठना पड़ेगा। वहीं नंबर 3 पर विराट उतरेंगे। ऑस्ट्रेलिया में उछाल भरी पिचों को देखते हुए विराट से अच्छी बल्लेबाजी की उम्मीद है। विराट के एकदिवसीय रिकॉर्ड की बात करें तो उन्होंने 302 मैचों की 290 पारियों में 14181 रन बनाए हैं। वह केवल 54 रन बनाते ही एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में सबसे अधिक रन बनाने के मामले में दूसरे नंबर पर पहुंच जाएंगे। अभी श्रीलंका के कुमार संगाकारा दूसरे नंबर पर हैं।

वहीं चौथे नंबर पर श्रेयस अय्यर उतरेंगे। श्रेयस भी चैम्पियंस ट्रॉफी के बाद से ही टीम से बाहर हैं। ऐसे में उनका लक्ष्य बेहतर प्रदर्शन करना रहेगा। विकेट कीपर के तौर पर केएल राहुल खेलेंगे। वह 5वें नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे। छठे नंबर पर ऑलराउंडर नितीश कुमार रेड्डी उतरेंगे। वह डेथ ओवरों में अच्छी बल्लेबाजी करने में सक्षम हैं। वहीं अगर शुरूआती विकेट जल्दी गिर गए तो संभलकर भी खेल सकते हैं। वह स्पिन और तेज गेंदबाजी को भी अच्छे से खेलते हैं। इसके अलावा वह मध्यम तेज गति के गेंदबाज हैं।

वहीं स्पिनर के तौर पर अक्षर पटेल और कुलदीप यादव को शामिल किया जाएगा।

तेज गेंदबाजी की कमान मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह और प्रसिद्ध कृष्णा के पास रहेगी।

**संभावित अंतिम 11**

शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेट कीपर), नितीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा।

# ओलंपिक चैंपियन तैराक एरियन टिटमस ने संन्यास की घोषणा की



**ब्रिस्बेन (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया की चार बार की ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता एरियन टिटमस ने तैराकी से संन्यास लेने की घोषणा कर खेल प्रेमियों को चौंका दिया है। 25 वर्षीय टिटमस ने पिछले साल पेरिस ओलंपिक खेलों के बाद ब्रेक लिया था, लेकिन उम्मीद की जा रही थी कि वह 2028 में लॉस एंजेलिस ओलंपिक की तैयारी के लिए प्रतिस्पर्धी तैराकी में लौटेंगी।

टिटमस ने गुरुवार को इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट कर कहा, %मुझे तैराकी शुरू से पसंद रही है। जब मैं छोटी थी, तब से यह मेरा जुनून रहा है। लेकिन अब मुझे लगता है कि मेरे जीवन में कुछ चीजें तैराकी से थोड़ी ज्यादा महत्वपूर्ण हो गई हैं, और मुझे इसे स्वीकार करना चाहिए।%

पेरिस ओलंपिक 2024 में टिटमस ने 400 मीटर फ्रीस्टाइल में अमेरिका की केटी लेडेकी और कनाडा की समर मैकिन्टोश को पीछे छोड़ते हुए नया विश्व रिकॉर्ड बनाकर अपना खिताब बरकरार रखा। इसके अलावा, उनके नाम पर 200 मीटर फ्रीस्टाइल का भी विश्व रिकॉर्ड दर्ज है।

टिटमस ने अपने करियर में 33 अंतरराष्ट्रीय पदक जीते हैं, जिनमें ओलंपिक में 4 स्वर्ण, 3 रजत और 1 कांस्य शामिल हैं, साथ ही उन्होंने चार विश्व खिताब भी अपने नाम किए हैं।

## अभिषेक शर्मा और स्मृति मंधाना आईसीसी के महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बने



**दुबई (एजेंसी)।** भारत के स्टार सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और स्मृति मंधाना को क्रमशः एशिया कप और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ महिला वनडे श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के बाद सितंबर के लिए आईसीसी के महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। अभिषेक ने इस दौरान सात मैच में 44.85 के औसत और 200 के शानदार स्ट्राइक-रेट से 314 रन बनाए।

एशिया कप में 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट% चुने गए 25 वर्षीय इस खिलाड़ी ने टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में अब तक के अपने सर्वोधिक रेटिंग अंक भी हासिल किए। उन्होंने टीम के अपने साथी कुलदीप यादव और जिम्बाब्वे के ब्रायन बेनेट को पछाड़कर महीने के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर का गौरव पाया।

अभिषेक ने कहा, 'आईसीसी का यह पुरस्कार जीतकर बहुत अच्छा लग रहा है और मुझे खुशी है कि यह मुझे कुछ महत्वपूर्ण मैचों के लिए मिला है जिनमें मेरी मदद से जीत संभव हो सकी। मुझे उस टीम का हिस्सा होने पर फक्र है जो सबसे कठिन परिस्थितियों में भी जीत दिला सकती है। टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में हमारा हालिया रिकॉर्ड हमारी बेहतरीन टीम संस्कृति और सकारात्मक सोच को दर्शाता है।'

वहीं मंधाना ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू एकदिवसीय श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन किया और तीन मैचों में 58, 117 और 125 रन बनाए। भारतीय महिला टीम की उप-कप्तान ने इस दौरान चार एकदिवसीय मैचों में 77 के औसत और 135.68 के स्ट्राइक रेट से 308 रन बनाए।

आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 में भारत के अभियान की तैयारी में जुटी मंधाना ने ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला के दौरान किसी भी भारतीय बल्लेबाज द्वारा सबसे तेज शतक लगाया, जब उन्होंने तीसरे मैच में सिर्फ 50 गेंदों पर शतक पूरा किया। दक्षिण अफ्रीका की तजमीन ब्रिट्स और पाकिस्तान की सिदरा अमीन भी इस पुरस्कार की दौड़ में शामिल थीं। मंधाना ने कहा, 'इस तरह का सम्मान एक खिलाड़ी के रूप में आपको आगे बढ़ने और अच्छा करने के लिए प्रेरित करता है। मेरा लक्ष्य हमेशा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर टीम के लिए मैच जीतना रहा है।'

# महिला विश्व कप क्रिकेट में आज दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका में होगी टक्कर




**कोलंबो (एजेंसी)।** महिला विश्वकप एकदिवसीय विश्वकप क्रिकेट में शुक्रवार को मेजबान श्रीलंकाई टीम का सामना दक्षिण अफ्रीका से होगा। श्रीलंकाई टीम के पास इस मैच जीत हासिल कर सेमीफाइनल में प्रवेश करने का अवसर है। श्रीलंका को दो मैच रद्द होने के कारण अभी तक दो अंक ही मिले हैं और वह चार मैचों के बाद अंक तालिका में सबसे नीचे हैं। ऐसे में उसके लिए ये मैच जीतना बेहद जरुरी है। इस मैच में बारिश बाधा बन सकती है अगर ऐसा हुआ तो श्रीलंकाई टीम के लिए सेमीफाइनल में पहुंचना कठिन हो जाएगा।

श्रीलंका ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पिछले मैच में बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन किया था पर बारिश के कारण उसके हाथ आया मैच निकल गया था। तब उस मैच में कप्तान चमारी अटापट्टू और नीलक्षिका सिल्वा ने अर्धशतक लगाकर टीम की जीत तय कर दी थी।

अब श्रीलंकाई टीम को उम्मीद रहेगी की ये दोनो ही खिलाड़ी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भी इसी तरह बेहतर प्रदर्शन करें। दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीकी टीम ने भारत और बांग्लादेश को करीबी मैचों में हराया था और इससे उसका मनोबल बढ़ा है। उसे टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में इंग्लैंड के हाथों 10 विकेट से हार झेलनी पड़ी थी पर उसके बाद उसने न्यूजीलैंड, भारत और बांग्लादेश को हराकर जबरदस्त वापसी की।

भारत और बांग्लादेश के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका की ओर से नादिन डी क्लार्क ने जबरदस्त प्रदर्शन किया था। जिससे अब श्रीलंकाई टीम को बचना होगा। दक्षिण अफ्रीका की अब तक की कमजोरी शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों का अच्छी शुरुआत के बाल भी लंबी पारी नहीं खेल पाना है। ऐसे में अगर उसे जीत हासिल करनी है तो उसके सभी बल्लेबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

**दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं**

**श्रीलंका:** चमारी अटापट्टू (कप्तान), हासिनी परेरा, विशमी गुणरत्ने, हर्षिता समरविक्रमा, कविशा दिलहारी, नीलाक्षी डी सिल्वा, अनुष्का संजीवनी, इमेशा दुलानी, देवमी विहंगा, पिउमी वाथसाला, इनोका राणावीरा, सुगंधिका कुमारी, उदेशिका प्रबोदानी, मल्की मदारा, अचिनी कुलसुरिया।

**दक्षिण अफ्रीका:** लौरा वोल्वार्ड्ट (कप्तान), ताज़मिन ब्रिट्स, एनेरी डर्कसन, मारिज़ैन कप्प, एनेके बॉश, सिनालो जाफ्टा (विकेटकीपर), क्लो ट्रायॉन, नादिन डी क्लार्क, अयाबोंगा खाका, मसाबाता क्लास, नॉनकुलुलेको म्लाबा, सुने लुस, तुमी सेखुसोनगेस, नोंदुआबोमिसो म्लाबा।

# लियोनेल मेसी ने तोड़ा नेमार का बड़ा रिकॉर्ड, अर्जेंटीना की 6-0 की जीत में रचा इतिहास



**स्पोर्ट्स डेस्क।** अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेल मेसी ने एक और ऐतिहासिक माइलस्टोन हासिल कर लिया है। उन्होंने प्योर्टो रिको के खिलाफ हुए फ्रेंडली मैच में दो शानदार असिस्ट दिए और अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में सबसे ज्यादा असिस्ट करने वाले खिलाड़ी बन गए, नेमार को पीछे छोड़ते हुए।

इंटर मियामी स्टार मेसी ने इस मुकाबले में अर्जेंटीना को 6-0 की शानदार जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने पहले हाफ में गोंजालो मोंटियल को असिस्ट दिया और फिर दूसरे हाफ में लौतारो मार्टिनेज के लिए पास बनाकर अपनी टीम का छठा गोल कराया। अब मेसी के नाम अर्जेंटीना के लिए 60 असिस्ट और 114 गोल दर्ज हैं। वहीं नेमार ने ब्राजील के लिए 59 असिस्ट किए थे। इस प्रदर्शन के साथ मेसी के क्लब और देश मिलाकर कुल 398 असिस्ट हो चुके हैं, और वे जल्द ही 400 असिस्ट का ऐतिहासिक आंकड़ा छू सकते हैं।

मैच के बारे में मेसी ने कहा, 'टीम के साथ खेलना हमेशा सम्मान की बात होती है, और रिकॉर्ड्स तभी मायने रखते हैं जब वे जीत में बदलें।'

## हाल में संन्यास लेने वालों को ही बनाया जाये चयनकर्ता : रहाणे

मुम्बई । बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे ने कहा है कि हाल में संन्यास लेने वाले प्रथम श्रेणी खिलाड़ियों को ही राज्यों की चयन समिति में अवसर मिलना चाहिये । रहाणे के अनुसार ये इसलिए क्योंकि वे खेल के बदलते स्वरूप को आसानी से समझ सकते हैं । अभी चयन समिति के लिए कम से कम प्रथम श्रेणी के 10 मैचों का अनुभव जरुरी होता है । इसके अलावा उसके संन्यास लिए हुए पांच साल हो गये हों। वहीं रहाणे ने कहा कि यह जरुरी है कि चयनकर्ताओं की मानसिकता और रवैया क्रिकेट की वर्तमान गति से मेल खाता हुआ हो । रहाणे ने पूर्व क्रिकेटर चेतेश्वर पुजारा के साथ बातचीत के दौरान कहा, ''खिलाड़ियों को चयनकर्ताओं से डरना नहीं चाहिए। मैं चयनकर्ताओं के बारे में बात करना चाहता हूं, खासकर घरेलू क्रिकेट में। हमारे पास ऐसे चयनकर्ता होने चाहिए जिन्होंने हाल में शीर्ष स्तर की क्रिकेट से संन्यास लिया हो।'' उन्होंने कहा, ''क्योंकि क्रिकेट जिस तरह से विकसित हो रहा है, मुझे लगता है कि यह बहुत जरूरी है कि चयनकर्ताओं की मानसिकता और सोच आज के दौर की हो । वहीं 20 से 30 साल पहले क्रिकेट कैसे खेला जाता था, इसके आधार पर अभी फैसले नहीं लिए जा सकते ।'' उन्होंने कहा, ''टी20 और आईपीएल जैसे प्रारूपों में आधुनिक क्रिकेट खिलाड़ियों की शैली को समझना जरूरी है। मेरा मानना है कि जहां तक संभव हो, चयनकर्ता सभी राज्यों से होने चाहिए और खिलाड़ियों को मैदान पर आजादी से निडर होकर क्रिकेट खेलना चाहिए ।'' वहीं पुजारा ने कहा, ''बड़े राज्यों में इसे लागू किया जा सकता है क्योंकि उनके पास बहुत सारे विकल्प हैं । इसलिए जहां तक संभव हो मैं इस बात से सहमत हूं कि इसे लागू किया जा सकता है पर इसका मतलब यह है कि किसी भी पूर्व क्रिकेटर को इस मौके से वंचित कर दिया जाना चाहिए क्योंकि वह बहुत पहले ही संन्यास ले चुका है जिसका रिकॉर्ड शानदार रहा है और जो अब चयनकर्ता बनना चाहता है । ''



# सुल्तान ऑफ जोहोर कप : ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 4-2 से हराया, तीसरे क्वार्टर में बदला मैच का रुख



**जोहोर (मलेशिया) (एजेंसी)।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम को सुल्तान ऑफ जोहोर कप 2025 के पूल-स्टेज के चौथे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2-4 से हार का सामना करना पड़ा। भारत की ओर से कप्तान रोहित (22') और अर्शदीप सिंह (60') ने गोल किए, जबकि ऑस्ट्रेलिया के लिए ऑस्कर स्पूल (39', 42'), एंड्रयू पैट्रिक (40') और कप्तान डिलन डाउनी (51') ने गोल दागे।

पहले क्वार्टर में दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला, लेकिन भारत ने गेंद पर बेहतर नियंत्रण रखते हुए खेल की गति तय की। शुरुआती पलों में ऑस्ट्रेलिया को गोल करने का मौका मिला, मगर गोलकीपर प्रिंसदीप सिंह ने शानदार बचाव किया।

दूसरे क्वार्टर में भारत ने 17वें मिनट में पहला पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया, लेकिन अनमोल एक्का का प्रयास बार के ऊपर चला गया। 22वें मिनट में मिले दूसरे कॉर्नर पर कप्तान रोहित ने सटीक हिट लगाकर भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई। 25वें मिनट में अमीर अली ने शानदार सोलो रन के बाद शॉट लिया, जिसे ऑस्ट्रेलियाई गोलकीपर ने रोका।

तीसरे क्वार्टर में मैच का रुख पलट गया – ऑस्ट्रेलिया ने लगातार तीन गोल दागकर मैच अपने नाम कर लिया। 39वें मिनट में ऑस्कर स्पूल ने बराबरी का गोल किया, उसके तुरंत बाद (40') एंड्रयू पैट्रिक ने रिबाउंड पर दूसरा गोल दागा। 42वें मिनट में स्पूल ने फिर शानदार बैकहैंड शॉट से अपना दूसरा गोल किया, जिससे ऑस्ट्रेलिया 3-1 से आगे निकल गया।


49वें मिनट में भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन कप्तान रोहित का शॉट चूक गया। 51वें मिनट में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान डिलन डाउनी ने अपनी टीम का चौथा गोल दागा। मैच के आखिरी मिनट में अर्शदीप सिंह ने शानदार डिफ्लेक्शन से भारत के लिए दूसरा गोल किया, जिससे मुकाबला 2-4 पर समाप्त हुआ। अब भारत का अगला मुकाबला शुक्रवार को मेज़बान मलेशिया से होगा।

## डेनमार्क ओपन 2025 : लक्ष्य सेन और सत्विक-चिराग ने प्री-क्वार्टरफाइनल में बनाई जगह




कोपेनहेगन। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन और पुरुषों की डबल्स जोड़ी सत्विकसायराज रंकीरेड्डी-चिराग शेट्टी ने डेनमार्क ओपन 2025 के प्री-क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। लक्ष्य सेन ने आयरलैंड के नाथ गुयेन को 10-21, 21-8, 21-18 से हराया, जबकि सत्विक-चिराग ने स्कॉटलैंड की जोड़ी क्रिस्टोफर और मैथ्यू ग्रिमली को 17-21, 21-11, 21-17 से मात दी। लक्ष्य सेन, जो पेरिस 2024 के सेमीफाइनलिस्ट हैं, ने पहले गेम में धीमी शुरुआत की और 10-21 से हार गए। लेकिन दूसरे गेम में उन्होंने शानदार वापसी करते हुए केवल 8 पॉइंट्स गंवाए और मैच को निर्णायक गेम तक पहुंचाया। अंतिम गेम में दोनों खिलाड़ियों ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन लक्ष्य सेन ने अपने आत्मविश्वास का परिचय देते हुए मैच अपने नाम किया। यह लक्ष्य सेन की नाथ गुयेन के खिलाफ चौथे मैचों में से तीसरी जीत है। पुरुषों की डबल्स में, छठे सीड सत्विक-चिराग ने पहले गेम में हार के बावजूद दूसरे गेम में वापसी की और निर्णायक गेम में शानदार प्रदर्शन कर प्री-क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई। यह मैच 1 घंटे 4 मिनट तक चला। दूसरी ओर, मोहित और लक्षिता जगलान को मिक्स्ड डबल्स में इंडोनेशिया की जोड़ी अद्नान मौलाना और इंदाह चहया सरी जामिल के खिलाफ 21-14, 21-11 से हार का सामना करना पड़ा और टूर्नामेंट से बाहर हो गए। सत्विक-चिराग, जिन्होंने पिछले महीने हांगकांग ओपन और चाइना मास्टर्स में लगातार उपविजेता स्थान हासिल किया था, इस बार बीडब्ल्यूएफ सुपर 750 टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश कर रहे हैं।

## सलमान आगा से छीनेगी कप्तानी, अनुभवी ऑलराउंडर को मिल सकती है पाकिस्तान टी20 टीम की कमान




कराची। अनुभवी ऑलराउंडर शादाब खान को सलमान अली आगा की जगह पाकिस्तान की टी20 टीम का कप्तान नियुक्त किया जा सकता है। पाकिस्तान की तरफ से अब तक 70 एकदिवसीय और 112 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में हिस्सा ले चुके शादाब ने इस साल के शुरू में लंदन में अपने कंधे की सर्जरी कराई थी इसके बाद वह खेल से बाहर हैं। शादाब हालांकि अब फिट हैं और वह अगले महीने वापसी कर सकते हैं। उनकी वापसी महत्वपूर्ण होगी क्योंकि वह सलमान की जगह राष्ट्रीय टी20 कप्तान बन सकते हैं। सर्जरी से पहले वह इस प्रारूप में उप-कप्तान थे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के एक विश्वसनीय सूत्र ने बताया कि शादाब 11 से 15 नवंबर के बीच श्रीलंका के खिलाफ द्विपक्षीय घरेलू श्रृंखला में वापसी करेंगे, क्योंकि उनका रिहैब अच्छा चल रहा है। अगले साल होने वाले विश्व कप को ध्यान में रखते हुए उन्हें खेल के सबसे छोटे प्रारूप का कप्तान नियुक्त किया जा सकता है। पाकिस्तान सलमान की अगुवाई में एशिया कप में खेला था जहां उसे फाइनल में भारत से हार का सामना करना पड़ा था।

# वनडे कप्तानी से हटने के बाद रोहित शर्मा को कैसे हो सकता है फायदा, पूर्व स्पिनर अमित मिश्रा ने बताया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय लेग स्पिनर अमित मिश्रा का मानना है कि कप्तानी के बोझ से मुक्त होना सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रविवार से शुरू होने वाली वनडे सीरीज़ में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी के लिए बेहद फ़ायदेमंद साबित हो सकता है। मिश्रा का कहना है कि अब रोहित पूरी तरह अपनी बल्लेबाज़ी पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं और गिल के नेतृत्व में टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

**रोहित की कप्तानी का अंत और गिल की नई शुरुआत**

7 मार्च को चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में भारत के अपराजित अभियान का अंत एक परीकथा की तरह हुआ, जब रोहित शर्मा ने 76(83) रनों की शानदार पारी खेलकर प्लेयर ऑफ़ द मैच का पुरस्कार जीता। यह वनडे में रोहित का आखिरी कप्तानी प्रदर्शन था, क्योंकि चयनकर्ताओं ने शुभमन गिल को नई कप्तानी सौंपने का फैसला किया। गिल की कप्तानी की शुरुआत ऑस्ट्रेलिया में होने वाले तीन वनडे मैचों से हुई।

पूर्व कप्तान रोहित अब केवल सलामी बल्लेबाज़ के रूप में खेलेंगे, जिससे उनके प्रदर्शन पर सीधे ध्यान केंद्रित किया जा सकेगा। मिश्रा ने कहा, 'रोहित के लिए यह अच्छी बात है कि अब उन पर कप्तानी का दबाव नहीं है। उन्हें अपनी बल्लेबाज़ी पर ध्यान देना होगा और टीम को जीत दिलाने में मदद करनी होगी। वह गिल की मदद भी कर सकते हैं, खासकर रणनीतिक और मानसिक मामलों में।'

**गिल की कप्तानी में चुनौती और अवसर**

26 वर्षीय शुभमन गिल को इंग्लैंड के पांच मैचों के कठिन टेस्ट दौरे के लिए कप्तानी सौंपी गई थी। मिश्रा ने गिल की क्षमता की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनकी युवा उम्र में नेतृत्व लेना उन्हें जल्दी परिपक्व बना देगा। गिल ने टेस्ट सीरीज़ में 754 रन बनाए, जिसमें उनकी सर्वश्रेष्ठ पारी 269 रन रही और सीरीज़ 2-2 से बराबरी पर समाप्त हुई।

मिश्रा ने कहा, 'गिल के लिए जल्दी कप्तानी सौंपी जाना अच्छा है। 'वह पिछले दो सालों से आईपीएल में कप्तानी कर रहे हैं और दुनिया के टॉप खिलाड़ियों का नेतृत्व कर चुके हैं। जल्दी नेतृत्व मिलने से वह जल्दी परिपक्व होंगे और आने वाले वर्षों में टीम का लंबा नेतृत्व कर पाएंगे।'

**कप्तानी से मुक्त होने का रोहित पर प्रभाव**

मिश्रा ने आगे कहा कि कप्तानी के बिना खेलना रोहित के लिए मानसिक रूप से सकारात्मक रहेगा। 'अब रोहित पर सीधे दबाव नहीं है। वह खुलकर खेल सकते हैं, अपनी बल्लेबाज़ी पर ध्यान दे सकते हैं और टीम के लिए परिणाम ला सकते हैं। गिल के नेतृत्व में खेलते हुए रोहित अपनी अनुभवसंपन्न भूमिका निभा सकते हैं, जिसमें रणनीतिक सुझाव और अनुभव साझा करना शामिल है।'

पूर्व स्पिनर के अनुसार, रोहित का अनुभव युवा गिल के लिए मार्गदर्शन का काम करेगा। मिश्रा ने कहा, ÷रोहित और गिल की जोड़ी संतुलन बनाएगी। रोहित टीम में अनुभव लेकर आएँगे, और गिल नेतृत्व में नयी ऊर्जा और दृष्टिकोण देंगे। यह संयोजन भारतीय टीम के लिए बहुत सकारात्मक है। गिल को इसका आनंद लेना चाहिए और जल्द से जल्द परिपक्व होने की कोशिश करनी चाहिए। रोहित को कप्तानी से मुक्त होने से मानसिक राहत मिली है, और वह टीम के लिए अपने प्रदर्शन में योगदान देंगे।'

**ऑस्ट्रेलिया के लिए भारत की वनडे टीम**

शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर (उप-कप्तान), अक्षर पटेल, केएल राहुल (विकेट कीपर), नितीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, ध्रुव जुरेल (विकेट कीपर), यशस्वी जायसवाल।




## जापान ओपन : चोट के बावजूद नाओमी ओसाका ने क्वार्टर-फाइनल में बनाई जगह

ओसाका। जापान ओपन में नाओमी ओसाका ने चोट और भावनाओं से जूझते हुए क्वार्टर-फाइनल में प्रवेश किया। उन्होंने लगातार आंसू झोंकते हुए डिफेंडिंग चैंपियन सुझान लेमेंस को हराया। ओसाका ने मैच 7-6 (8/6), 3-6, 6-2 से जीता और अब उनका क्वार्टर-फाइनल मुकाबला रोमानिया की जैकलीन क्रिस्टियन से होगा। ओसाका ने कहा, 'इस मैच में मैं भावनात्मक रूप से बहुत कुछ महसूस कर रही थी। तीसरे सेट में मैंने पूरी कोशिश की कि कोई पछतावा न रहे।' फाइनल सेट में ओसाका 5-0 से आगे थी जब उन्हें बाएं पैर की चोट के कारण मेडिकल टाइमआउट लेना पड़ा। भारी स्ट्रैपिंग के साथ वे कोर्ट पर लौटीं, अगले दो गेम हारने के बावजूद मैच 2 घंटे 20 मिनट में जीत लिया। चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन ओसाका ने विजयी शॉट के बाद चेहरे को हाथ लगाते हुए आंसू रोकते हुए नेट की ओर बढ़ीं।



उन्होंने कहा कि उन्होंने दर्द निवारक दवा ली थी, लेकिन चोट 'अच्छी नहीं लग रही'। 'मैं सही से नहीं हिल पा रही थी। लेकिन मुझे लगता है कि मैं जल्दी ठीक हो जाऊंगी, इसलिए अगले मैच में सब ठीक रहेगा।' 27 वर्षीय ओसाका यह पहला टूर्नामेंट खेल रही हैं US Open 2025 के सेमीफाइनल के बाद, जहां वे अमांडा एनीसिमोवा से हार गई थीं। ओसाका अब दुनिया की 16वीं रैंक वाली खिलाड़ी हैं और 2021 के ऑस्ट्रेलियन ओपन के बाद किसी मेजर टूर्नामेंट के दूसरे सप्ताह में नहीं पहुंची थीं।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक अमरदीप शर्मा के लिए जैमन प्रिंटर्स प्रा. लि. रोड नं. 14 पी विश्वकर्मा इंडस्ट्रियल एरिया जयपुर, 302013 से मुद्रित एवं एफ- 43 गोविंदम टावर ,करधनी कालवाड़ रोड जयपुर से प्रकाशित। प्रधान कार्यालय:- एफ- 43 गोविंदम टावर करधनी कालवाड़ रोड जयपुर 302012 (राज.) संपादक अमरदीप शर्मा। राजस्थान मीनू सेन प्रबंध संपादक सीकर मो: नंबर